# Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

## जनवरी: 2026


**CURRENT AFFAIRS (January-2026)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय–सूची


| विषय–वस्तु | पृष्ठ–संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान–समसामयिकी | 3-24 |
| 2. राष्ट्रीय–समसामयिकी | 25-55 |
| 3. अंतर्राष्ट्रीय–समसामयिकी | 56-63 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 64-69 |
| 5. खेल–समसामयिकी | 70-78 |
| 6. महत्त्वपूर्ण–दिवस | 79 |
| 7. महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें | 80 |
| 8. टॉपर्स–टॉक | 81-82 |


**मूल्य : 30/- रुपये**


***नोट:***–*इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित व्यक्तित्व

### पद्म पुरस्कार 2026 : राजस्थान की तीन विभूतियों को 'पद्म श्री'

- **घोषणा :** गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 जनवरी, 2026 को।
- वर्ष 2026 हेतु राजस्थान की तीन हस्तियों को 'पद्म श्री' हेतु चुना गया।

**1. <u>गफरूद्दीन मेवाती जोगी</u>**



- **निवासी :** मूलतः कैथवाड़ा, डीग (वर्तमान-अलवर)
- **कला :** महाभारत लोकगायन शैली आधारित लगभग 2500 से अधिक दोहे कंठस्थ है। विलुप्त हो रही मेवाती लोक परंपराओं को जीवंत रखा।
- **विशेष :** 'पांडुन का कड़ा' (मेवाती भाषा में महाभारत का लोकगायन) विधा के एकमात्र जीवित कलाकार।
- **पूर्व उपलब्धि :** राष्ट्रपति पुरस्कार : 2024

  (संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप सम्मान)

**2. <u>तगाराम भील</u>**



- **निवासी :** मूलसागर, जैसलमेर
- **कला :** अलगोजा वादन (राजस्थान का राज्य वाद्य यंत्र : सुषिर वाद्य)
- **योगदान :** 'अलगोजा का जादूगर' कहे जाने वाले कलाकार तगाराम भील पिछले 55 वर्षों से राजस्थान लोकसंगीत को उत्कृष्टता पर पहुँचाने का कार्य कर रहे है।

**3. <u>स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज, श्रीगंगानगर</u>**



- **योगदान :** समाज सेवा (सामाजिक कार्य) के तहत् श्री जगदम्बा अंध विद्यालय, मूक बधिर विकलांग संस्थानों की स्थापना की।

✷ **'पीयूष पाण्डे'** (मूलतः जयपुर) मरणोपरांत 'पद्म भूषण'(कला-महाराष्ट्र)

✷ **'सविता पूनिया'** (जन्म-हनुमानगढ़) 'पद्म श्री' (खेल-हरियाणा)

## शेरगढ़ अभयारण्य, बाँरा : दुनिया की सबसे छोटी जंगली बिल्ली की खोज



- **नाम : 'रस्टी स्पॉटेड कैट'** (Rusty-Spotted Cat)
- **विशेषता :** सबसे छोटी, अत्यंत दुर्लभ, बहुत शर्मिली प्रजाति।
- **वैज्ञानिक नाम :** प्रियोनेलुरस रूबिगिनोसस (Prionailurus rubiginosus)
- **सुरक्षा :** 'वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972' की अनुसूची-1 के तहत बाघ की भाँति उच्चतम सुरक्षा प्राप्त।
- **IUCN :** रेडलिस्ट में 'संकट के करीब' (Near Threatened) श्रेणी में रखा गया।

## कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य: इको-सेंसिटिव जोन (ESZ)


- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने जनवरी 2026 की अधिसूचना के माध्यम से राजस्थान के कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को इको-सेंसिटिव जोन घोषित किया है, जो अभयारण्य की सीमा से 0-1 किमी. तक फैला है।
- **प्रभावित क्षेत्र :** कुल 243 वर्ग किमी. का क्षेत्र और 94 गाँव शामिल।
- **भौगोलिक स्थिति :** कुंभलगढ़ अभयारण्य 610 वर्ग किमी. से अधिक राजसमंद, पाली और उदयपुर जिलों में फैला है।
- **प्रतिबंधित गतिविधियाँ:** पत्थर क्रशिंग ,वाणिज्यिक खनन, ईंट भट्टे, प्रदूषणकारी उद्योग और नई पवन चक्कियों की स्थापना

## केवलादेव घना पक्षी राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर

- दो महत्वपूर्ण प्राकृतिक घटनाएँ दर्ज की की गई।
  - **दुर्लभ मांसाहारी पौधा -**
    - नाम : 'यूट्रिकुलेरिया' या 'ब्लैडरवॉर्ट' (Bladderwort) कहा जाता है।
    - उद्यान के 'L', 'K' और 'B' ब्लॉक में एक दुर्लभ कीटाहारी/मांसाहारी पौधा देखा गया है।
  - **10 साल बाद लौटा: कॉमन शेलडक**
    - केवलादेव में इस वर्ष यूरोप से आने वाले 'कॉमन शेलडक' पक्षी ने 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद वापसी की।
    - सफर : यह पक्षी लगभग 4,000 किमी. का सफर तय करके यूरोप से यहाँ पहुँचा है।
    - पहचान : आकार छोटे गर्दन वाले हंस (Goose) जैसा, देखने में बेहद आकर्षक।

## 'रामसर ऑर्गेनिक' : बाड़मेर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' (25 जनवरी, 2026) में बाड़मेर के पनाराम सारण की 'रामसर ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी' का जिक्र किया।



**प्रधानमंत्री ने रामसर का जिक्र किया, किसानों के नवाचारों को सराहा**

**प्रधानमंत्री** श्री मोदी ने अपने संबोधन में श्रीअन्न (मिलेट्स) के बढ़ते महत्व पर चर्चा करते हुए राजस्थान के रामसर के किसानों के नवाचारों को सराहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामसर ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी से 900 से अधिक किसान जुड़े हैं। ये किसान मुख्य रूप से बाजरे की खेती करते हैं और बाजरे को प्रोसेस करके रेडी-टू-ईट लड्डू तैयार किया जाता है, जिसकी बाजार में बड़ी डिमांड है। इसके साथ ही उन्होंने तमिलनाडु की महिला किसानों की भी सराहना की।

## खेजड़ली कलां,जोधपुर : 40वाँ कंजर्वेशन रिजर्व




- **घोषणा :** जनवरी, 2026 को खेजड़ली कलां गांव, लूनी तहसील को राज्य का 40वाँ कंजर्वेशन रिजर्व।
- **विशेष :** राज्य पशु चिंकारा (हिरण) के सुरक्षित आवास के रूप में कार्य करेगा।
- **क्षेत्रफल :** लगभग 1.5 वर्ग किमी.
- **कानूनी आधार :** वन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 36 ए के तहत अधिसूचित।
  - **39वाँ** कंजर्वेशन रिजर्व (**बुचारा मेन, कोटपूतली**)
  - **38वाँ** कंजर्वेशन रिजर्व (**मोकला पारेवर, जैसलमेर**)
  - **37वाँ** कंजर्वेशन रिजर्व (**आसोप, भीलवाड़ा**)

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना

- **शुभारंभ :** 12 जनवरी, 2026 को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा।
- **दिशा-निर्देश जारी :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री : कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा।
- **लक्ष्य :** '<u>प्रदेश के 1 लाख युवाओं को स्वरोजगार प्रदान</u> ' करना एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, सूक्ष्म उद्यमी के रूप में स्थापित करना।
- **विभाग :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार।
- **अवधि :** 31 मार्च, 2029 तक यह योजना प्रभावी रहेगी।
- **उद्देश्य :** राज्य के मूल निवासियों को रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध करवाने हेतु वित्तीय संस्थान के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण, मार्जिन मनी, CGTMSE का पुनर्भरण करवाना।



मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना

- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया। योजना के माध्यम से 1 लाख युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण देकर सूक्ष्म उद्यमी के रूप में तैयार किया जाएगा।
- योजना का पात्र होने के लिए राजस्थान का स्थायी निवासी होना चाहिए और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

- **पात्रता :**
  - राजस्थान का स्थायी निवासी।
  - आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष होगी।
  - एच.यू.एफ, सोसायटी, भागीदारी फर्म, एल.एल.पी.फर्म एवं कम्पनी की स्थिति में उनका नियमानुसार पंजीकृत होना आवश्यक होगा एवं संस्थान का 51 प्रतिशत या अधिक स्वामित्व 18-45 वर्ष के आयु के व्यक्तियों में निहित होना अनिवार्य होगा।
  - पात्र नहीं होंगे :- ऐसे आवेदक जो किसी वित्तीय संस्थान / बैंक का डिफाल्टर या दोषी हो।
- **प्रावधान :** <u>ऋण एवं वित्तीय सहायता</u>
  - '<u>विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में रु. 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध</u>' करवाया जाएगा।
  - राज्य सरकार द्वारा 100% ब्याज पुनर्भरण एवं साथ ही CGTMSE (सूक्ष्म और लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट शुल्क) के पुनर्भरण का प्रावधान।

❍ **<u>शैक्षणिक योग्यता के अनुसार ऋण सीमा</u> :**

♦ <u>8वीं-12वीं उत्तीर्ण युवा</u>

1. सेवा/व्यापार क्षेत्र : रु. 3.5 लाख तक की अधिकतम ऋण सीमा।
2. मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र : रु. 7.5 लाख तक की अधिकतम ऋण सीमा।
3. मार्जिन मनी : (उक्त ऋण पर लोन राशि का 10% अधिकतम 35,000 रु. तक)

♦ <u>स्नातक / ITI / उच्च शैक्षणिक योग्यता</u>

1. सेवा/व्यापार क्षेत्र : रु. 5 लाख तक की अधिकत्तम ऋण सीमा।
2. मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र : रु. 10 लाख तक की अधिकत्तम ऋण सीमा।
3. मार्जिन मनी : (उक्त ऋण पर लोन राशि का 10% अधिकतम 50,000 रु. तक)

## राजस्थान रोजगार नीति : 2026

❒ **जारी :** 12 जनवरी, 2026 को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा।

❒ **लक्ष्य :** <u>मार्च, 2029 तक 15 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन कर उद्यमशीलता में वृद्धि करना।</u>

❒ **उद्देश्य :** केवल नौकरियाँ उपलब्ध करवाना नहीं, बल्कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना, आत्मनिर्भर बनाना।

❒ **क्रियान्वयन :** राजस्थान रोजगार पोर्टल (EEMS 2.0) रोजगार कार्यालय को एकीकृत कर AI आधारित डिजिटल प्लेटफार्म बनाया जाएगा।

❒ **ई-जॉब फेयर :** राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय रोजगार हेतु।

❒ **प्रमुख संकल्प** –

❍ रोजगार के अवसरों का सृजन।

❍ तकनीक का उपयोग करना, आत्मनिर्भरता।

❍ लैंगिक समानता, युवा नेतृत्व विकास

## राजस्थान युवा नीति : 2026

❒ **जारी :** 12 जनवरी, 2026 को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा।

❒ **उद्देश्य :** शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं में उभरते क्षेत्रों में अवसरों का विस्तार करना।

❒ **लक्ष्य :** युवा अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं, खेलों के विस्तार, लैंगिक हिंसा रोकथाम, युवा कलाकारों के संवर्धन सतत् विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित करना।

❒ **आयु समूह :** 15-29 वर्ष के युवाओं पर विशेष फोकस।

❒ **प्रमुख स्तंभ :**

♦ **रोजगार से उद्यमिता :** युवाओं को <u>'जॉब सीकर' (नौकरी खोजने वाला)</u> से <u>'जॉब क्रिएटर' (नौकरी देने वाला)</u> बनाना।

♦ **शिक्षा और आधुनिक कौशल :** कृत्रिम बुद्धिमता और डिजिटल उपकरण के प्रशिक्षण पर बल।

♦ **नेतृत्व और समाज :** युवाओं को राष्ट्र निर्माण में <u>'सक्रिय भागीदार'</u> बनाना।

♦ **स्वास्थ्य एवं कल्याण :** मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, खेल और योग पर बल।

❒ **क्रियान्वयन तंत्र :** त्रि-स्तरीय ढाँचा

1. उच्च स्तरीय समिति (अध्यक्षता खेल एवं युवा मामलात मंत्री)
2. राज्य स्तरीय टास्क फोर्स
3. कोर कमेटी

## पीएम विश्वकर्मा योजना: राजस्थान ऋण वितरण में देश में दूसरे स्थान पर

- 1 जनवरी, 2026 तक के आँकड़ों के अनुसार राज्य की स्थिति
- **ऋण स्वीकृति एवं वितरण :** राजस्थान पूरे देश में दूसरे स्थान पर
- **कुल वितरण :** 53,552 लाभार्थियों को रु. 466.70 करोड़ का ऋण दिया जा चुका है।
- **औसत ऋण राशि:** राज्य का औसत ऋण रु. 87,000 है, जो राष्ट्रीय औसत (रु. 83,000) से अधिक है।
- **प्रशिक्षण एवं टूलकिट :** कारीगरों को प्रशिक्षण और टूलकिट देने में राजस्थान तीसरे स्थान पर
- **पंजीकरण :** कुछ विशिष्ट ट्रेडों में राजस्थान प्रथम स्थान पर
  - ♦ स्वर्णकार ♦ कुम्हार ♦ मूर्तिकार ♦ हथौड़ा एवं टूलकिट निर्माता

## एकीकृत क्लस्टर विकास योजना

- **लागू :** जनवरी, 2025 से लागू इस योजना के तहत् राज्य में हस्तशिल्प, हथकरघा, MSME क्षेत्रों के विकास व तकनीकी उन्नयन, कौशल विकास हेतु 100 फीसदी तक अनुदान दिया जाता है।
- **चर्चा में:** मशीन और प्रशिक्षण हेतु 58 करोड़ रु. का अनुदान राजस्थान सरकार देगी।
  - ♦ **7 कॉमन फैसिलिटी सेंटर :** उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश कुमार ओला के अनुसार राज्य सरकार विकसित करेगी।
    1. भरतपुर 2. हनुमानगढ़ 3. फलौदी 4. कोटपुतली-बहरोड़ 5. बोलातरा 6. दौसा 7. जयपुर
  - ♦ **विशेष :** विकसित क्लस्टरों में आधुनिक मशीनें स्थापित की जाएगी एवं उनका उपयोग वहाँ की 100 से अधिक लघु और सूक्ष्म श्रेणी की औद्योगिक इकाइयाँ करेगी।

| क्षेत्र | उद्योग का प्रकार | आधुनिक मशीनें/ प्रशिक्षण | अनुदान राशि | मुख्य लाभ |
|---|---|---|---|---|
| फलोदी | सोनामुखी प्रसंस्करण | स्वचालित प्रोसेस चेन, एग्रो वेस्ट ब्रिकेटिंग सिस्टम | 9.00 करोड़ रुपये | उत्पादन में वृद्धि और वेस्ट (कचरे) में 15% की कमी। |
| बालोतरा | टेक्सटाइल प्रोसेसिंग | वाटर जेट लूम्स, वारपिंग मशीन | 8.76 करोड़ रुपये | कच्चे माल के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता खत्म होगी। |
| दौसा | स्टोन नक्काशी | स्टोन प्रोफाइलिंग, इनग्रेविंग, पिलर टर्निंग | 8.30 करोड़ रुपये | हस्तशिल्प में बारीक़ नक्काशी और फिनिशिंग बेहतर होगी। |
| हनुमानगढ़ | कृषि उपकरण | लेजर कटिंग, सीएनसी टर्निंग, लेजर वेल्डिंग | 8.00 करोड़ रुपये | निर्माण लागत में कमी और मजबूत कृषि उपकरणों का उत्पादन। |
| जयपुर | होम फर्निशिंग | रजाई व बेडशीट निर्माण की 3 आधुनिक मशीनें | 7.90 करोड़ रुपये | गुणवत्ता के साथ अधिक उत्पादन। |
| कोटपूतली-बहरोड़ | इंजीनियरिंग फैब्रिकेशन | फाइबर लेजर कटिंग, सीएनसी प्लाज्मा मशीन | 7.86 करोड़ रुपये | इंजीनियरिंग उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार। |
| भरतपुर | स्टोन प्रोसेसिंग | स्टोन प्रोफाइलिंग, इनग्रेविंग, पिलर टर्निंग | 6.96 करोड़ रुपये | स्थानीय पत्थर उद्योग को वैश्विक पहचान और निर्यात में वृद्धि। |
| चूरू | लेदर फुटवेयर | 100 दस्तकारों को प्रशिक्षण | 47.69 लाख रुपये | जूतों की गुणवत्ता में सुधार। |
| जयपुर (चाकसू) | लेदर फुटवेयर | 100 दस्तकारों को प्रशिक्षण | 45.05 लाख रुपये | पारंपरिक जूतियां आधुनिक बाजार के अनुरूप बनेंगी। |
| झुंझुनूं | गोटा जरी | 100 महिलाओं को प्रशिक्षण | 24.58 लाख रुपये | महिलाओं को रोजगार और स्वावलंबन के अवसर। |

## राजस्थान मंत्रिमंडल बैठक : 21 जनवरी, 2026

### राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी : 2025

- **मंजूरी:** 21 जनवरी, 2026
- **आधिकारिक नाम :** राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी, 2025
- **उद्देश्य :** राज्य को एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण का वैश्विक हब बनाना (निवेश, रोजगार, आत्मनिर्भरता)
- **लक्षित क्षेत्र :** एयरोस्पेस उपकरण घटक निर्माण, प्रिसीजन इंजिनियरिंग, MRO (Maintenance, Repair & overhaul)
- **मुख्य प्रावधान :**

1. **निवेश अनुदान : ए एण्ड डी पार्कों में** लगने वाले पात्र एयरोस्पेस एवं डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा उद्यमों को <u>एसेट क्रिएशन इंसेटिव</u> के रूप में 7 वर्षों तक राज्य करों का 75% पुनर्भरण निवेश अनुदान।
2. **<u>निवेश श्रेणियाँ – सेवा क्षेत्र</u>**

| न्यूनतम पूंजी निवेश | श्रेणी |
|---|---|
| ♦ 25-100 करोड़ रु. | लार्ज |
| ♦ 100-250 करोड़ रु. | मेगा |
| ♦ 250 करोड़ रु. से अधिक | अल्ट्रा मेगा |

3. **<u>निवेश श्रेणियाँ : विनिर्माण क्षेत्र</u>**

| न्यूनतम अचल पूंजी निवेश | श्रेणी |
|---|---|
| ♦ 50-300 करोड़ रु. | लार्ज |
| ♦ 300-1000 करोड़ रु. | मेगा |
| ♦ 1,000 करोड़ रु. से अधिक | अल्ट्रा मेगा |

4. **पूंजी अनुदान :** विनिर्माण हेतु 20-28% और सेवा क्षेत्र हेतु 14-20% तक या फिर टर्नओवर लिंक्ड प्रोत्साहन (1.2-2%)
5. **अतिरिक्त प्रोत्साहन :** टॉप अप के रूप में 10-15% एम्प्लॉयमेंट बूस्टर, पहली तीन मेगा/अल्ट्रा मेगा इकाइयों के लिए 25% सनराइज बूस्टर, 10% एंकर बूस्टर, 20% थ्रस्ट बूस्टर जैसे लाभ भी प्रदान किए जाएंगे।
6. **रीको से भूमि आवंटन :** मेगा, अल्ट्रा मेगा विनिर्माण उद्यमों को 10 वर्षों तक फ्लेक्जिबल लैण्ड पेमेंट और 5 वर्षों के लिए 25% ऑफिस स्पेस के लिए लीज रेंटल सब्सिडी का लाभ भी देय होगा।

**निवेशकों के लिए विशेष इन्सेंटिव्स के प्रावधान**

**पॉलिसी** में विशेष इन्सेंटिव्स का भी प्रावधान किया गया है।

- इनमें बैंकिंग, व्हीलिंग और ट्रांसमिशन चार्जेज में छूट, फ्लेक्सिबल लैंड पेमेंट मॉडल, ऑफिस-स्पेस लीज रेंटल सब्सिडी तथा कैप्टिव पावर प्लांट में किए गए निवेश का 51% पात्र स्थाई पूंजीगत निवेश में शामिल करना शामिल है।
- साथ ही, उद्योगों को दीर्घकालिक राहत देने के लिए 7 वर्षों तक विद्युत शुल्क से शत-प्रतिशत छूट, 7 वर्षों तक मंडी शुल्क अथवा बाजार शुल्क का शत-प्रतिशत पुनर्भरण, स्टाम्प शुल्क, रूपांतरण शुल्क में 75% छूट तथा 25% पुनर्भरण की व्यवस्था भी की गई है।
- ग्रीन इन्सेंटिव, स्किल एवं ट्रेनिंग इन्सेंटिव तथा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी क्रिएशन इन्सेंटिव जैसे प्रावधान इस नीति को और अधिक आकर्षक बनाते हैं।

### राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी : 2025

- **मंजूरी :** 21 जनवरी, 2026
- **आधिकारिक नाम :** राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी, 2025
- **विशेष :** <u>राजस्थान की प्रथम सेमीकंडक्टर नीति</u> जो 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के साथ संलग्न।
- **उद्देश्य :** राज्य को चिप निर्माण, डिजाइन तथा पैकेजिंग का वैश्विक हब बनाना।

Springboard

❑ **प्रमुख प्रावधान** –

- **पूँजी अनुदान :** भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पूँजी सब्सिडी की 60% अतिरिक्त राशि राज्य सरकार देगी।
- **ब्याज अनुदान :** टर्म लोन पर 5% की ब्याज सब्सिडी।
- **परिचालन छूट :**
  1. 7 वर्षों तक विद्युत शुल्क में 100% छूट।
  2. स्टाम्प ड्यूटी व भू-रूपांतरण शुल्क में प्रभावी रूप से 100% छूट (75% छूट एवं 25% रिफंड)
  3. पर्यावरणीय परियोजनाओं की लागत का 50% रिफंड।

## राजस्थान मंत्रिमंडल बैठक के प्रमुख निर्णय

### 1. सिविल सेवा नियमों में संशोधन (बाल विवाह परिभाषा)

- राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971 में संशोधन मंजूरी।
- अब बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 2006 की भांति सरकारी नियमों में भी बालक की परिभाषा संलग्न होगी।

♦ **महिला :** 18 वर्ष से कम आयु। ♦ **पुरुष :** 21 वर्ष से कम आयु।

### 2. RPSC के पदनाम में बदलाव

- RPSC में अब 'उप सचिव (परीक्षा)' एवं 'परीक्षा नियंत्रक' के अलग-अलग पदनामों को बदलकर केवल 'उप-सचिव' किया गया।

### 3. ग्राम उत्थान शिविर

- 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेकमीट' (GRAM:2026) के अंतर्गत राज्यभर में विशेष शिविरों का आयोजन।
- **शुभारंभ :** 23 जनवरी, 2026 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर।
- **कुल शिविर :** 10 दिनों में संपूर्ण राज्य में 2839 शिविर प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर दो चरणों में आयोजित करवाना।
- **भागीदारी :** कृषि, पशुपालन, ऊर्जा, जल संसाधन एवं पंचायतीराज सहित कुल 12 विभाग शामिल।
- **शिविरों में होने वाले प्रमुख कार्य**
  - कृषि हेतु तारबंदी, डिग्गी एवं फार्म पॉण्ड निर्माण, पाइपलाइन व अन्य स्वीकृतियाँ।
  - बैलों से खेती योजना में प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियाँ।
  - ड्रिप-फव्वारा, सौर पम्प, सॉयल हेल्थ कार्ड इत्यादि स्वीकृतियाँ।
  - किसान क्रेडिट कार्ड, सहकारी ऋण, गोदामों, कृषि उपकरण के आवेदन प्राप्ति।
  - पशुओं का बीमा पंजीकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान।
  - स्वामित्व कार्ड वितरण एवं सहकारी सदस्यता आवेदन।
  - महिला स्वयं सहायता समूह ऋण आवेदन एवं सहकारी बैंक खाता खोलना।
  - युवा स्वरोजगार एवं पीएम सूर्यघर योजना पंजीकरण।



## राजस्थान : अशांत क्षेत्रों में संपत्ति सुरक्षा के लिए नया विधेयक

- **विधेयक के प्रारूप को मंजूरी :** 21 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा।
- **विधेयक का नाम :** 'दि राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इमूवेबल प्रॉपर्टी एंड प्रोविजन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेंट्स फ्रॉम एविक्शन फ्रॉम प्रिमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल, 2026'
- **मुख्य उद्देश्य :** अशांत क्षेत्रों में संपत्ति की सुरक्षा और किराएदारों के हितों का संरक्षण।
- **प्रमुख प्रावधान** –
  - **कलेक्टर की अनुमति अनिवार्य :** अशांत घोषित क्षेत्र में जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना संपत्ति का कोई भी हस्तांतरण (खरीद-फरोख्त) अमान्य और शून्य माना जाएगा।
  - **अपराध की श्रेणी :** प्रावधानों का उल्लंघन करना गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध होगा।
  - **सजा :** नियमों का उल्लंघन करने पर 3-5 साल का कारावास और अर्थदंड।

## राजस्थान AI-ML पॉलिसी : 2026

- **पूरा नाम :** राजस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग नीति, 2026
- **घोषणा :** राज्य सरकार बजट 2025-26
- **अनुमोदन :** मंत्रिमंडल बैठक 30 दिसम्बर, 2025
- **आधिकारिक लॉन्च:** 6 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा जयपुर में आयोजित 'क्षेत्रीय AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस' में।
- **उद्देश्य :** डिजिटल इंडिया मिशन के तहत् राजस्थान को IT हब बनाकर जनसेवाओं को त्वरित, पारदर्शी बनाना।
- **प्रावधान :** प्रत्येक विभाग में AI नोडल अधिकारी की नियुक्ति होगी।
- राजस्थान में 'AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित होगा।
- **प्रशिक्षण पाठ्यक्रम :** स्कूल, कॉलेज, ITI संस्थानों में।
- **संस्थागत ढाँचा :** आधुनिक क्लाउड, सुरक्षित डेटा स्टोरेज, टेस्टिंग प्लेटफॉर्म विकसित करना।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना : अपडेट

- दिसम्बर, 2025 तक योजना के तहत् राजस्थान में 1,23,701 रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए गए।
- राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का पाँचवा स्थान।
- **लक्ष्य :** राजस्थान द्वारा वर्ष 2027 तक 5,00,000 घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना।

## 'फेंके नहीं, हमें दें' अभियान

- **शुभारंभ :** 27 जनवरी, 2026 को बाल कल्याण समिति द्वारा बीकानेर से।
- **पोस्टर का विमोचन :** 21 जनवरी को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा।
- **उद्देश्य :** नवजातों को असुरक्षित स्थानों (झाड़ियों/नालों) पर फेंकने के बजाय 'पालना गृह' या सरकारी आश्रयों को सौंपने हेतु जागरूकता फैलाना।

## प्रेरणा अभियान 2.0 : मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य

- **आयोजन :** 19 जनवरी-19 फरवरी, 2026 तक सम्पूर्ण प्रदेश में।
- **आयोजित :** समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय द्वारा ।
- **PRERNA :** Pregnancy Registration and Early Childhood Education and Nutrition Awareness) ('गर्भावस्था पंजीकरण और प्रारंभिक बाल्यावस्था, शिक्षा एवं पोषण जागरूकता')

Springboard ACADEMY

- **मुख्य उद्देश्य:**
  - गर्भवती महिलाओं, 0-6 वर्ष के बच्चों और आकांक्षी जिलों की किशोरियों का 100% पंजीकरण कर उन्हें स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं से जोड़ना।
  - **योजनाओं का लाभ :** पात्र लोगों को PMMVY, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण और 'अमृत आहार' योजना से जोड़ना।
  - **शाला पूर्व शिक्षा :** 3-6 वर्ष के बच्चों का आंगनबाड़ी में पंजीकरण और उपस्थिति सुनिश्चित करना।

### राज्य-स्तरीय पुलिस सम्मेलन 2026

- **आयोजन :** 8-9 जनवरी, 2026 को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में।
- **उद्घाटन :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
- **थीम :** 'विकसित भारत में पुलिस व्यवस्था'
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रमुख घोषणाएँ:
  - **शुभारंभ :** 'ई-विजिटर्स पोर्टल', 'ई-जीरो FIR' और 'राजस्थान पुलिस प्राथमिकता-2026' पुस्तिका।
  - **अपराध रिपोर्ट :** 2023 की तुलना में अपराध (-15%), हत्या (-25%) और लूट (-50%) में कमी दर्ज की गई।
  - **कोष व स्थापना:** पुलिस आधुनिकीकरण हेतु रु. 200 करोड़ का फंड तथा रु. 350 करोड़ से 'सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल' व तकनीकी अकादमी की स्थापना।
  - **रतन नगर, चुरू पुलिस स्टेशन :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 'राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ थाने' का पुरस्कार दिया।
- **77वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस सम्मान समारोह** - 26जनवरी,2026 को सवाई मान सिंह स्टेडियम,जयपुर में कुल 17 पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

| पदक का नाम | सम्मानित अधिकारी |
|---|---|
| राष्ट्रपति पदक : विशिष्ट सेवा | DIG शांतनु कुमार सिंह |
| उत्कर्ष पदक | IG दीपक कुमार,परम ज्योति<br>नील कमल, महावीर सिंह शेखावत<br>Ad. SP रेवंत दान, धनपतराज |
| राष्ट्रपति पुलिस पदक | IG सत्येंद्र सिंह CID CB |
| राष्ट्रपति पदक (गृह रक्षा) | घनश्याम सिंह (उप-समादेष्टा) |

## प्रमुख पुरस्कार

### राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

- **अवधि :** पिछले तीन वर्षों (2022-23, 2023-24 और 2024-25) के दौरान किए गए प्रयासों के लिए दिए गए।
- **पुरस्कार समारोह :** राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम (RRECL) द्वारा 20 जनवरी, 2026 को जयपुर के कांस्टिट्यूशनल क्लब में।
- **मुख्य अतिथि :** हीरालाल नागर, ऊर्जा मंत्री, राजस्थान सरकार
- **कुल विजेता :** ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुल 73 विजेता सम्मानित। (30 संस्थान/व्यक्ति + 43 अन्य)
- **5 प्रमुख श्रेणियाँ:** उद्योग,व्यक्तिगत भवन,नगरीय निकाय भवन,सरकारी विभाग कार्यालय,व्यक्तिगत श्रेणी।
- **प्रमुख पुरस्कार विजेता:**
  - **सरकारी श्रेणी (जिला कलेक्टर):** वर्तमान अलवर जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला को वर्ष 2022-23 में 'विभिन्न जिलों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने' के लिए प्रथम पुरस्कार।
  - **उद्योग श्रेणी (सीमेंट):** श्री सीमेंट लिमिटेड की खुशखेड़ा (KEGU) ग्राइंडिंग यूनिट को सीमेंट क्षेत्र में 'सबसे कम विशिष्ट ऊर्जा खपत' के लिए प्रथम पुरस्कार।

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>प्रमुख पुरस्कार</th><th>विजेता/योगदान</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>जिजीविषा जोशी : भीलवाड़ा<br></td><td>
<ul>
<li>लेखन के क्षेत्र में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार, 'देश रत्न अवॉर्ड' और 'इंडियन ग्लोरी अवॉर्ड' जीतकर इतिहास रचा है।</li>
<li>देश की सबसे कम उम्र की प्रेरणादायक लेखिका मानी जाता है।</li>
<li>बीमारी के बावजूद सफलता : 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' नामक एक लाइलाज बीमारी से पीड़ित, जिसके कारण वह न तो चल सकती हैं और न ही खड़ी हो सकती है। व्हीलचेयर का उपयोग करती।</li>
<li>पहली पुस्तक : 'डोर टू द फिफ्थ डायमेंशन' (Door to the Fifth Dimension) जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।</li>
</ul></td></tr>
<tr><td>2.</td><td>ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन (AIDA) वार्षिक पुरस्कार<br></td><td>
<ul>
<li>आरती डोगरा (CMD, जयपुर डिस्कॉम) को कृषि फीडर सौरीकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।</li>
<li>जयपुर डिस्कॉम को 'एग्रीकल्चर फीडर सोलराइजेशन' (कृषि फीडर सौरीकरण) श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए।</li>
<li>प्रदानकर्त्ता : केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर</li>
<li>उपलब्धि : जयपुर डिस्कॉम ने पीएम कुसुम योजना (घटक–C) के तहत 2300 मेगावॉट के 899 प्रोजेक्ट्स को कमीशन किया और पिछले डेढ़ साल में लगभग 1.02 लाख कृषि उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़ा, जिससे किसानों को दिन में बिजली मिलना संभव हो सका।</li>
</ul></td></tr>
<tr><td>3.</td><td>26वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता<br>(जवाहर नवोदय विद्यालयों के लिए पुरस्कार वितरण 2024–25 हेतु)</td><td>
<ul>
<li>समारोह : 15 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित।</li>
<li>अध्यक्षता : कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर–सांसद)</li>
<li>प्रधानमंत्री श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़ श्रीगंगानगर–II (राजस्थान) जयपुर क्षेत्र ने प्रथम पुरस्कार जीता।</li>
</ul></td></tr>
<tr><td>4.</td><td>राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार एवं स्टार्टअप रैंकिंग फ्रेमवर्क में (राजस्थान की उपलब्धि)</td><td>
<ul>
<li>16 जनवरी, 2026 को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर प्रदान।</li>
</ul>
<table>
<tr><th>पुरस्कार श्रेणी</th><th>स्टार्टअप का नाम/राज्य</th></tr>
<tr><td>राइजिंग स्टार अवॉर्ड लीडर्स (श्रेणी–ए)</td><td>एवियोट्रॉन प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>गणतंत्र दिवस : 2026<br>'राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता'</td><td>
<ul>
<li>'पाइप बैंड बालिका' श्रेणी में द्वितीय स्थान पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़ श्रीगंगानगर स्कूल ने प्राप्त करके 31,000 रु. का नकद इनाम जीता।</li>
</ul></td></tr>
<tr><td>6.</td><td>पंडित झाबरमल शर्मा पत्रकारिता पुरस्कार</td><td>
<ul>
<li>आयोजक : पत्रिका समूह, जयपुर</li>
<li>मुख्यवक्ता : केन्द्रीय विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस दिनेश माहेश्वरी</li>
</ul>
✍ कहानी पुरस्कार<br>
1st : फारूक आफरीदी, जयपुर (जीवन जैसे नदिया का नीर)<br>
2nd : रूचिका अरूण शर्मा, (स्वदेश)<br>
✍ कविता पुरस्कार<br>
1st अतुल चतुर्वेदी, कोटा (कुछ अवसरिए सियार)<br>
2nd कैलाश मनहर, जयपुर (यही तो विरल)</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 7. | गाँधी नोबेल शांति पुरस्कार : 2025 | • विजेता : डॉ. रामकरण यादव, कोटपुतली–बहरोड़<br>• प्रदत्त : गाँधी पीस फाउंडेशन (निजी संगठन) द्वारा उनके शिक्षा, समाज सुधार, राष्ट्रनिर्माण योगदान हेतु। |
| 8. | एशिया महाद्वीप पुररस्कार : 2025 | • राजस्थान यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक को नेपाल की राजधानी काठमांडू में सम्मानित किया गया।<br>• समरसता मंच द्वारा आयोजित वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन में माटी कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु। |
| 9. | राजकुमार वर्मा, जयपुर | • ऑपरेशन सिंदूर में भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के योगदान विषय पर रिसर्च पेपर (शोध पत्र) हेतु ''शिक्षा श्री'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। |
| 10. | विनीत गुप्ता को 'लीगल वन ब्लू अवॉर्ड' : 2025 | • जयपुर निवासी कॉरपोरेट लॉयर<br>• स्वतंत्र विधिक शोध संस्था 'लीगल वन' ने विधिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'रोबिन वन ब्लू अवॉर्ड–2025' से सम्मानित किया। |
| 11. | डॉ. लक्षराज सिंह मेवाड़ | • उदयपुर राजपरिवार के सदस्य ने 22 जनवरी, 2026 को शिकरवाड़ी में 1400 से अधिक मिट्टी के मटके वितरित कर अपना 10वाँ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया।<br>• वे पिछले 8 वर्षों में शिक्षा, पर्यावरण और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए 10 विश्व रिकॉर्ड बनाया। |
| 12. | डॉ. ललित कुमार भारद्वाज, भरतपुर | • (मरु डेयरी संस्थान) को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' से पुरस्कृत किया गया।<br>• 9 सितम्बर, 2025 को इटली द्वारा आयोजित 'पॉवर आपफ वेट' अभियान में भाग लिया, यह गिद्धों और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण हेतु चलाया गया विश्व का सबसे बड़ा जागरूकता अभियान। |

# विज्ञान & प्रौद्योगिकी

## राजस्थान की प्रथम पूर्णत : जैविक ग्राम पंचायत

- बामनवास कांकड़ ग्राम पंचायत (जिला-कोटपूतली-बहरोड़)
- **प्रमाणन :** नेशनल प्रोग्राम फॉर ऑर्गेनिक प्रोडक्शन (NPOP) के मानकों के तहत्।
- **विशेषता :** 'उत्तर-पश्चिम भारत की भी पहली पूर्णत: जैविक-प्रमाणित' पंचायत।
- **सहायता :** प्रमाणन प्रक्रिया में COFED (कोफार्मिन फेडरेशन ऑफ ऑर्गेनिक सोसाइटीज एंड प्रोड्यूसर कंपनीज) ने तकनीकी और बाजार सहायता प्रदान की।
- **COFED का भविष्य का लक्ष्य :** (संस्थापक: जितेंद्र सेवावत) ने वर्ष 2026 तक राजस्थान के बीकानेर, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़ और भीलवाड़ा जिले की 300 ग्राम पंचायतों को पूरी तरह जैविक बनाने का लक्ष्य रखा।

## बाजरा की नई किस्म : 'RHB 273'

- **विकसित : राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा** ने 'अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना' के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के सहयोग।
- **विशेषता :** यह नई किस्म न केवल सूखे से लड़ने में सक्षम है, बल्कि पैदावार और पोषण के मामले में भी पुरानी किस्मों से कहीं बेहतर।

- **विश्व का प्रथम 'थ्री-वे' (त्रिधा) संकर बाजरा 'RHB 273'** विकसित किया है।
- हाल ही में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश भर के लिए 25 फसलों की 184 उन्नत किस्में जारी की है। इसमें **'RHB 273' को राजस्थान, गुजरात और हरियाणा** के उन अति-शुष्क क्षेत्रों के लिए अधिसूचित किया गया है, जहां पूरे साल में भी 400 मिमी. से भी कम बारिश होती है।
- यह किस्म बाजरे की प्रमुख बीमारियों जैसे 'डाउनी मिल्ड्यू' और 'ब्लास्ट' के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी है।

## राजस्थान का प्रथम : डिफेक्टिव मीटर मुक्त वितरण निगम

- **उपलब्धि :** 'जयपुर डिस्कॉम' ने सभी 18 सर्किलों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 100% घरेलू, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के खराब (डिफेक्टिव मीटर) बदलकर कार्यशील मीटर लगाए।
- **श्रेणी :** 'गैर कृषि' में डिफेक्टिव मीटर मुक्त डिस्कॉम।
- **लाभ :** उपभोक्ताओं को औसत बिल के बजाय उनके वास्तविक बिजली उपभोग के आधार पर सटीक बिल प्राप्त होंगे एवं बिलिंग संबंधी शिकायतें कम होगी।
- **राजस्व बचत :** खराब मीटर होने पर डिस्कॉम के उपभोक्ताओं के नियमानुसार 5% छूट देनी पड़ती थी एवं इस पहल से वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल डिस्कॉम को 16 लाख रुपये आर्थिक भार वहन करना पड़ा जो पहले करोड़ों में था।

## स्वदेशी डिजिटल एड्रेस सिस्टम 'भारत पिन'

- **विकास :** दीपक शारदा, बाड़मेर द्वारा।
- **भारत पिन :** भारत के किसी भी क्षेत्र का 1 मीटर सटीकता युक्त डिजिटल मानचित्र तैयार कर सकते है।
- **यूनिक डिजिटल आईडी :** लंबे और जटिल पता (गली नम्बर, मकान नम्बर) को महज 8-10 अक्षरों के छोटे से डिजिटल कोड में बदलना।

**नोट :** भारत का पहला स्वदेशी डिजिटल एड्रेस सिस्टम : डिजिपिन (DIGIPIN - Digital Postal Index Number)
विकास : भारतीय डाक ने IIT हैदराबाद एवं इसरो के सहयोग से।

## माय करियर एडवाइजर-ऐप

- **लॉन्च :** राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा।
- **विकास :** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, NCERT-PSSCIVE (पंडित सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान) एवं वाधवानी फाउंडेशन द्वारा।
- **उद्देश्य :** कक्षा 9-12 तक के विद्यार्थियों को उनकी रुचि और कौशल के आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के माध्यम से व्यक्तिगत करियर मार्गदर्शन देना।
- **सुविधाएं :** इसमें 1500 से अधिक करियर विकल्प उपलब्ध हैं और छात्र एप्टीट्यूड, इंटरेस्ट एवं वैल्यूज टेस्ट के जरिए अपना सेल्फ-रिव्यू कर सकते हैं।

## नागौरी अश्वगंधा : GI टैग

- भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री (GI Registry) द्वारा 8 जनवरी 2026 को नागोरी अश्वगंधा को आधिकारिक रूप से GI टैग प्रदान किया गया।
- **पंजीकरण :** टैग 'नागौरी वेलफेयर सोसाइटी' के नाम से पंजीकृत।
- सोजत (पाली) की मेहंदी के बाद **'कृषि श्रेणी' में GI टैग हासिल करने वाले राज्य का दूसरा उत्पाद**। इसके साथ ही राजस्थान के कुल GI टैग उत्पादों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है।

- **अश्वगंधा का वैज्ञानिक नाम :** विथानिया सौम्नीफेरा
- **विशेषता :** अपनी लंबी, मोटी जड़ों और उच्च एल्कलॉइड्स (औषधीय तत्वों) की मात्रा के कारण इसे 'इंडियन जिनसेंग' भी कहा जाता है।

## क्षुद्रग्रह (2021 DB5) का नया नाम : प्रमिश्का

- पिपलोदी, झालावाड़ में सरकारी स्कूल इमारत हादसे में जान गंवाने वाले 7 बच्चों की स्मृति में क्षुद्रग्रह (2021 DBS) का नाम- प्रमिश्का, (PRAMISHKA) रखा गया।
- **प्रमिश्का :** पायल, प्रियंका, मीना हरिश, कुंदन, कान्हा, सतीश
- **खोज : राजकीय उच्च माध्यमिका विद्यालय, उन्हेल :** सुगंधा कुमारी, कोमल कंवर, हर्षिता डांगी, संजय कुमार ने वर्ष 2020-21 में क्षुद्रग्रह की खोज की जो नासा द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- खोज डॉ. दिव्येंदु सेन के मार्गदर्शन में 'IASC-नासा क्षुद्रग्रह खोज अभियान' के तहत की गई थी।

## नजर ऐप-स्कॉच अवॉर्ड

- राजस्थान पुलिस के नजर ऐप को नई दिल्ली में आयोजित 104 वें स्कॉच समिट कार्यक्रम में स्कॉच अवॉर्ड दिया गया।
- **श्रेणी :** टेक्नोलॉजी इनोवेशन कैटेगरी।
- **नजर ऐप :** नागरिक सुरक्षा आधारित **डिजिटल प्लेटफॉर्म** जिसके तहत् लोग अपने घरेलू नौकरों, किरायदारों व कर्मचारियों का विवरण आसानी से पुलिस से साझा कर सकते है।

## राजस्थान : साइबर सुरक्षा का प्रभावी मॉडल

- **सफलता :** वर्ष 2025 में राजस्थान ने साइबर अपराधों से निपटने और धोखाधड़ी की रकम बचाने में सफलता हासिल की।
- **रैंकिंग:** वर्ष 2025 में राजस्थान देश में 5वें स्थान पर रहा।
- राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के कारण राजस्थान देशभर में साइबर सुरक्षा के एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभरा है।
  - **राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (R4C)**
    - **घोषणा :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 10 जनवरी, 2026 को (RPA), जयपुर में।
    - **उद्देश्य :** केंद्र की 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (I4C) की तर्ज पर राज्य में एक सुदृढ़ और केंद्रीकृत ढांचा विकसित करना।
    - **R4C : Rajasthan - Cyber Crime Coordination Centre**

## राजस्थान डिजिफेस्ट टाई 'ग्लोबल समिट-2026'


- **आयोजन :** 4-6 जनवरी, 2026 को JECC जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा-जयपुर में।
- **आयोजक :** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान सरकार + TiE Global
- **थीम :** 'प्रौद्योगिकी, विकास और स्थिरता'

  (Technology Growth and Sustainability)
- **विशेष विषय-वस्तु :** AI युग में सतत उद्यमीता : नवाचार, प्रभाव और समावोश
- **भागीदारी :** 1,200 + वैश्विक कंपनियों के फाउंडर/निवेशक और 20+ यूनिकॉर्न/मल्टीकॉर्न स्टार्टअप्स शामिल हुए।
- **प्रमुख सत्र:**
  - **स्मृति ईरानी :** 'लीडरशिप बियॉन्ड लेबल्स' (महिला सशक्तिकरण)
  - **वीरेंद्र सहवाग :** 'नो फियर, नो लिमिट्स' (साहस और नेतृत्व)

# प्रसिद्ध उत्सव/महोत्सव/सम्मेलन/मेले

## 19वाँ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF) 2026

- **आयोजन :** 15-19 जनवरी, 2026 तक होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में वेदांता ग्रुप द्वारा।
- **पैमाना :** 6 प्रमुख मंचों पर 266 से अधिक सत्र हुए, जिनमें दुनिया भर के 350 वक्ताओं ने भाग लिया।
- **प्रमुख वक्ता :** इंटरनेट के जनक टिम बर्नर्स ली, पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, गीतकार जावेद अख्तर, विश्वनाथन आनंद और आयरलैंड के पूर्व पीएम लियो वराडकर (स्पीकिंग माई माइंड-सत्र पर चर्चा)
- **13वाँ जयपुर बुकमार्क :** पब्लिशिंग जगत का B2B (Business-to-Business) मंच। इस बार इसका फोकस मराठी भाषा, अनुवाद और प्रकाशन में AI पर था।
- **राजनीतिका का सत्र :** 'Legenda : The Real Women Behind the Myths' विषय पर सत्र आयोजित जिसमें इतिहासकार जनीना रामिरेज और लेखिका नारायणी बसु ने चर्चा की।
- **पुस्तक लॉन्च :** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दामाद कार्तिकेय बाजपेयी के उपन्यास 'द अनबीकमिंग' (The Unbecoming) का विमोचन।
  - **11वाँ महाकवि कन्हैयालाल सेठिया पुरस्कार**
    - **विजेता :** यतींद्र मिश्रा (कवि/संगीत अध्येता)
    - **योगदान :** काव्य संग्रह 'बिना कलिंग विजय के'
  - **द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान**
    - **विजेता:** पीयूष मिश्रा (लेखक/अभिनेता)
    - **योगदान :** किताब 'तुम्हारी औकात क्या है पीयूष मिश्रा'




| क्र. सं. | उत्सव/महोत्सव/सम्मेलन/मेले | विशेष विवरण/जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | 1008 कुण्डीय हनुमान महायज्ञ<br>8-16 जनवरी,2026 | • **आयोजन** : नींदड़ (Neendar) जयपुर के सीकर मार्ग स्थित वह स्थान जहाँ '16 जनवरी, 2026 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति' में संपन्न हुआ।<br>• **आयोजक** : रामानंद मिशन और जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के सानिध्य में। |
| 2. | वन मेला : 2026<br>17-18 जनवरी, 2026 | • **आयोजन** : सज्जनगढ़ (उदयपुर)<br>• **थीम** : वन विरासत – जीवन का उत्सव<br>• **आयोजक** : वन विभाग, राज. सरकार |
| 3. | 9वाँ जयपुर बर्ड फेस्टिवल : 2026<br>31 जनवरी- 1 फरवरी, 2026 | • **आयोजन** : कानोता कैंप रिजोर्ट, जामडोली (जयपुर)<br>• आयोजन : ग्रीन पीपल सोसायटी, (जयपुर चैप्टर) + राजस्थान वन विभाग + WWF India<br>• **थीम** : "Join the celebration of wings & wetlands" |
| 4. | 12वाँ उदयपुर बर्ड फेस्टिवल | • **शुभारंभ** : 16 जनवरी, 2026 को रामसर साइट 'मेनार' में।<br>• **उद्घाटन** : चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी।<br>• पक्षी आधारित फोटो प्रदर्शनी और मेनार वेटलैंड पर शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | मरु महोत्सव–2026<br>30 जनवरी–1 फरवरी, 2026 | • **आयोजन :** पोकरण, जैसलमेर, सम–लखमणा एवं खुहड़ी में।<br>▪ साफा बाँध प्रतियोगिता : भोमसिंह जोधा, फलसुंड<br>▪ मिस्टर पोकरण : मनीष सेन<br>▪ मिस पोकरण : वर्षा भाटी<br>▪ मिस मूमल : कुसुम पंवार, बीकानेर<br>▪ मिस्टर डेजर्ट : मनीष पंवार, जैसलमेर |
| 6. | माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन एंड एक्सपो : 2026 | • आयोजन : 20 जनवरी, 2026 को जोधपुर में।<br>• संबोधित : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह |
| 7. | 32वाँ अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव : बीकानेर<br>9–11 जनवरी, 2026 | • आयोजक : राजस्थान पर्यटन विभाग तथा बीकानेर जिला प्रशासन<br>• मिस मरवण – अंकिता सुथार<br>• मिस्टर बिकाणा – लखन पारिक<br>• ढोला मरवण – किशोर कल्ला व स्वाति कल्ला |
| 8. | राज्य स्तरीय युवा महोत्सव :<br>7–12 जनवरी, 2026 तक | • **समापन** : जनवरी, 2026 को SMS स्टेडियम, जयपुर<br>• **पुरस्कार वितरण** : नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड की तर्ज पर प्रदेश में 15–29 वर्ष के प्रतिभाशाली युवाओं को "राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड" दिया गया।<br>1. यश व्यास – बांसवाड़ा<br>2. कुलदीप वर्मा – जयपुर<br>3. नरेश कुमार मीणा – दौसा<br>4. हीरालाल महावर –दौसा |
| 9. | राज्य स्तरीय आरोग्य मेला, 2026 | • **आयोजन** : 15–18 जनवरी, 2026 तक आयुर्वेद विभाग द्वारा जवाहर कला केन्द्र जयपुर में। |
| 10. | प्रत्येक संभाग स्तरीय पंतगोत्सव,<br>14 जनवरी, 2026 | • **आयोजक** : राजस्थान पर्यटन विभाग<br>• प्रथम बार राजस्थान के सातों सभांगो (जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, भरतपुर) पर किया गया। |
| 11. | श्रम, रोजगार एवं उद्योग सचिवों का सम्मेलन, जयपुर | • **आयोजन** : 14–15 जनवरी, 2026 को जयपुर में<br>• **भागीदारों** – उत्तर पश्चिमी राज्यो/केन्द्रशासित प्रदेशों के श्रम और उद्योग सचिव।<br>• **उद्देश्य** : चार नवीन श्रम संहिताओं के सुगम क्रियान्वयन वेब आधारित निरीक्षण प्रणाली सुनिश्चित करना। |
| 12. | 17वाँ आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम | • **आयोजित** : भारत सरकार के गृह और युवा खेल मंत्रालय द्वारा।<br>• आदिवासी युवाओं के एक दल ने 19 जनवरी, 2026 को जयपुर में राजस्थान विधनसभा का भ्रमण कर अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से संवाद किया।<br>• 'माय भारत, जयपुर' द्वारा समन्वित इस दल में 5 राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के 8 जिलों से आए 200 युवाओं सहित कुल 250 प्रतिभागी शामिल थे। |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | 'अमृत महोत्सव–2026': बारां<br>21 जनवरी–10 अप्रैल, 2026 | • **उद्घाटन** : महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार<br>• **उद्देश्य** : महिला सशक्तिकरण व उद्यमशीलता को बढ़ावा देना।<br>• **विशेष** : 'बेटी बचाओ' ब्रांड एम्बेसडर डॉ. सुधीरा के सहयोग से राजकीय कन्या महाविद्यालय में 'बेटी लाइब्रेरी' शुरू की गई। |
| 14. | **श्री रामदेव पशु मेला** : 19 जनवरी, 2026 को जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित द्वारा शुभारंभ | • **आयोजित** : नागौर जिले के मास्करा गांव में।<br>• **अवधि** : मेला प्रतिवर्ष माघ शुक्ल एकम–माघ शुक्ल पूर्णिमा तक। |

# खेल–गतिविधियाँ

## 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता

- **आयोजन :** 19–24 जनवरी, 2026 तक सीकर में (U-14 छात्र वर्ग) राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन किया ।
- **आयोजक :** प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय (बीकानेर) और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया।
- **फाइनल परिणाम**
  - **विजेता :** राजस्थान
  - **उप-विजेता:** जम्मू-कश्मीर
- **क्रिकेटर मुकुल चौधरी :** विशेष सम्मान
  - IPL 2026 की मिनी नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) टीम में रु. 2.60 करोड़ का अनुबंध
  - पुरस्कार: जिला क्रिकेट संघ, सीकर ने उन्हें रु. 51,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

## 69वीं नेशनल स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता

- **आयोजन :** 26–31 दिसंबर, 2025 को गुना, मध्य प्रदेश
- राजस्थान ने राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग में प्रथम बार जीती टीम चैंपियनशिप।
- **राजस्थान की U-14 स्कूल टीम का प्रदर्शन :**
  - कुल 8 पदक [3 G, 2 S, 3 B]
  - पदक तालिका में प्रथम स्थान।
  - पदक विजेता मुक्केबाज : स्वर्ण पदक

1. यश कुमार (28–30 किलोभार वर्ग)
2. छत्रपाल सिंह (36–38 किलोभार वर्ग)
3. अनिराज चौधरी (38–40 किलोभार वर्ग)

## 69वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता

- **आयोजन :** 6–10 जनवरी, 2026 तक खेलगांव, रांची स्थित टिकेट उमरांव शूटिंग स्टेडियम में।
- **मेजबानी :** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद
- **राजस्थान का प्रदर्शन** –
  - राजस्थान कंपाउंड टीम ओवरऑल चैम्पियन।
  - पदक तालिका : कुल 8 पदक [5 G, 2 S, 1B]
  - **बालिका वर्ग :** कुमकुम, मणिका, कनिष्का और मधु की टीम ने फाइनल में महाराष्ट्र को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
  - **आर्यन पारिक**–व्यक्तिगत रैंकिंग में 698/720 स्कोर [स्वर्ण पदक]
  - **मिक्स्ड टीम**–कुमकुम और आर्यन की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।



| क्र.सं. | प्रसिद्ध खिलाड़ी/प्रतियोगिता | चर्चा में क्यों?/उपलब्धियाँ |
|---|---|---|
| 1. | दिव्यांशी जैन, जयपुर खेल–'स्क्वैश' | • एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड में आयोजित 'स्कॉटिश ओपन : 2025' प्रतियोगिता में अंडर–13 गर्ल्स कैटेगरी में खिताब जीता। |
| 2. | हेमराज सरावता, जयपुर | • इंडो बॉडी बिल्डर्स फिटनेस एसोसिएशन (IBBFA) द्वारा मानसरोवर, जयपुर में आयोजित छठी मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। |
| 3. | डॉ. सुमन कालड़ा, श्रीगंगानगर | • हंगरी के सेग्लेड शहर में आयोजित 'इंटरनेशनल कैटलबैल वर्ल्ड चैम्पियनशिप', 2025 में कांस्य पदक जीता। |
| 4. | अरूंधति चौधरी, कोटा | • ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में 4–10 जनवरी, 2026 को आयोजित 9वीं सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।<br>• 8 फरवरी, 2026 स्पेन के ला नूसिया में आयोजित BOXAM एलीट इंटरनेशनल प्रतियोगिता में अरुंधति ने यूक्रेन की अनास्तासिया तरन को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। |
| 5. | पलाश बार्बर, उदयपुर | • थाइलैंड में आयोजित 2026 SAFF फूटसल चैम्पियनशिप में चयन।<br>• चैंपियनशिप का परिणाम : 3–6 फरवरी, 2026 तक थाईलैंड में पलाश बार्बर भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसने फाइनल में मलेशिया को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। |
| 6. | डॉ. अशोक कुमार शर्मा | • भारतीय एमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन का उपाध्यक्ष पुनः चुना गया।<br>• वर्तमान में राजस्थान बेसबॉल संघ के अध्यक्ष है। |
| 7. | पैरा पावरलिफ्टर सुनीता धोबी, जयपुर | • 79 किग्रा भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते।<br>1. **नेशनल चैंपियनशिप :** जनवरी को रुड़की में आयोजित नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप = स्वर्ण पदक<br>• 2. **स्टेट चैंपियनशिप :** जनवरी में SAI द्वारा आयोजित राजस्थान स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप = स्वर्ण पदक |
| 8. | राजस्थान युवा एवं खेल महोत्सव : 2026 | • आयोजन : 7–12 जनवरी, 2026 तक SMS स्टेडियम, जयपुर<br>• आधार : 'विकसित भारत–विकसित राजस्थान' संकल्पना'<br>• विजेता पुरस्कार : प्रथम 50K, द्वितीय–25K, तृतीय–10K |
| 9. | राजस्थान राज्य अंतर–जिला सिविल सेवा टेनिस, प्रतियोगिता | • **आयोजित** : 15–19 जनवरी, 2026 को श्रीनाथपुरम, कोटा।<br>• जयपुर जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।<br>• कप्तान : योगामित्र दिनकर (अतिरिक्त निदेशक, बीमा) |
| 10. | राजस्थान राज्य कबड्डी संघ चुनाव | • **निर्विरोध अध्यक्ष** : जितेंद्र सिंह को चुना गया।<br>• **उपाध्यक्ष** : हरजीत सिंह बराड़, भीख सिंह बैरा, सुरेंद्र सिंह खंडुजा, नेमी चंद और रीना कुमारी। |
| 11. | राव राजा हनुत सिंह कप | • जयपुर पोलो सीजन के तहत 11 जनवरी, 2026 को खेले गए राव राजा हनुत सिंह कप (12 गोल) के फाइनल में 'आर्टेमिस अचीवर्स' ने 'टीम जयपुर' को 8–7 से पराजित कर ट्रॉफी जीती। |

# विविध-गतिविधियाँ

## 77 वाँ गणतंत्र दिवस : कर्त्तव्य पथ पर राजस्थान झांकी

- गणतंत्र दिवस : 26 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर राजस्थान की झाँकी में बीकानेर की उस्ता कला मुख्य आकर्षक रही।
- **राजस्थानी झाँकी की थीम**–
  1. राजस्थान : मरुस्थल का स्वर्ण स्पर्श (Rajasthan : Golden Touch of the desert)
  2. मरुस्थल की स्वर्णिम छाप : बीकानेर स्वर्ण कला (उस्ताकला)
     - **पुरस्कार :** लोकप्रिय पसंद (पॉपुलर चॉइस) श्रेणी में तृतीय पुरस्कार जीता।
     - **पुरस्कार ग्रहण :** भारत के रक्षा राज्य मंत्री संयज सेठ से राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला, साहित्य एवं संस्कृति प्रवीण गुप्ता ने नई दिल्ली के महिपालपुर स्थित रक्षा संस्थान में।
- **झाँकी की विशेषताएँ :**
  - **अग्रभाग :** प्राचीन वाद्य यंत्र रावणहथा का वादन करता हुआ 180° पर कलाकार की घूमती हुई प्रतिमा
  - **मध्यभाग :** उस्ताकला से सुसज्जित पारंपरिक कुप्पी
  - **पृष्ठभाग :** मरुस्थलीय संस्कृति का प्रतीक-ऊँट व सवार की प्रतिमा।
  - **प्रस्तुति :** झाँकी के चारों और कलाकारो द्वारा 'गैर' लोकनृत्य।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : राजस्थान

- **अवधि :** 1-31 जनवरी, 2026 तक संपूर्ण राज्य में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार (थीम: सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा)
- **क्रियान्वयन :** परिवहन सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार
- **थीम :** 'सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन'
- **उद्देश्य :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, आमजन में ट्रेफिक नियमों की जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा संबंधी प्रचार सामग्री का वितरण।
- **विशेष :** जीरो फेटालिटी संकल्प: पूरे प्रदेश में 'जीरो फेटालिटी मंथ' **(Zero Fatality Month)** 'शून्य मृत्यु दर माह'

## IIT जोधपुर द्वारा वर्ष 2025 में दाखिल IPR

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर द्वारा वर्ष 2025 हेतु 86 बैद्धिक संपदा अधिकार दाखिल किए गए।
- पिछले वर्ष की तुलना में 150% अधिक है।
- 86 IPR में से 77 पेटेंट आवेदन, 5 डिजाइन पंजीकरण, 4 कॉपीराइट शामिल।

## जस्टिस संगीत लोढ़ा समिति

- **गठन :** सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार (जस्टिस अभय एस. ओका की बेंच)
- **नाम :** इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी।
- **क्षेत्राधिकार:** जोधपुर, पाली और बालोतरा (पश्चिमी राजस्थान)।
- **अध्यक्ष एवं महत्वपूर्ण सदस्य**
  - **अध्यक्ष :** जस्टिस संगीत राज लोढ़ा (रिटायर्ड जज, राजस्थान हाईकोर्ट)
  - **विशेषज्ञ सदस्य :**
    - IIT जोधपुर और MNIT जयपुर के जल विशेषज्ञ।
    - CPCB (केंद्रीय) और RSPCB (राज्य) प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।
    - संबंधित जिलों (जोधपुर, पाली, बालोतरा) के जिला कलेक्टर।
    - NEERI (नीरी) के वैज्ञानिक।
- **मुख्य कार्य**–
  - नदी पुनरुद्धार : लूणी, जोजरी और बांडी नदियों में गिर रहे फैक्ट्रियों के गंदे पानी को रोकना।
  - वैज्ञानिक उपचार : प्रदूषित भूजल और मिट्टी के उपचार के लिए कार्ययोजना बनाना।
  - CETP की निगरानी : कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स की कार्यक्षमता की जांच करना और उन्हें अपग्रेड करवाना।
  - बजट प्रबंधन : 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' के तहत वसूले गए फंड का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करना।

- **महत्वपूर्ण निर्णय एवं शक्तियाँ**
  - **सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख :** कोर्ट ने कहा कि सरकार प्रदूषण रोकने में विफल रही है, इसलिए अब यह कमेटी सीधे कोर्ट को रिपोर्ट करेगी।
  - **रिपोर्टिंग डेडलाइन :** समिति को 27 फरवरी, 2026 तक अपनी पहली विस्तृत कार्य योजना और स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करनी है।

## 1st कोटा हाड़ौती ट्रैवल मार्ट : 2026

- **आयोजन :** 2-4 जनवरी, 2026 तक कोटा में।
- **शुभारंभ :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर।
- **आयोजक :** राजस्थान पर्यटन विभाग, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान (कोटा संभाग)
- **पुस्तक का विमोचन :** 'मैजिकल हाड़ौती' (लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा)।

## राजस्थान में पक्षियो की ज्ञात प्रजातियाँ

- राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड के नवीनतम आँकड़ों (जनवरी, 2026) के अनुसार राजस्थान में पक्षियों की ज्ञात प्रजातियाँ की संख्या = 510
- **प्रवासी प्रजातियाँ :** इनमें से लगभग 100 प्रजातियाँ प्रवासी हैं, जो शीतकाल के दौरान साइबेरिया, यूरोप और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों से आती है। (साइबेरियन क्रेन, डेमोइसेल क्रेन, ग्रेटर फ्लेमिंगो, ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट, रोजी पेलिकन, कॉमन ग्रीनशैंक, गैडवाल और व्हाइट वैगटेल)
- **3 प्रजातियाँ :** गंभीर रूप से संकटग्रस्त (क्रिटिकली एंडेंजर्ड) में शामिल।
  1. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण)
  2. व्हाइट रम्प्ड वल्चर (सफेद पीठ वाला गिद्ध)
  3. इंडियन वल्चर (लॉन्ग-बिल्ड वल्चर)

## 'कौशल रथ'

- **शुभारंभ :** 7 जनवरी, 2026 को सीकर में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा।
- **आधार :** 'स्किल इंडिया-कौशल भारत' अभियान, GoI
- **उद्देश्य :** ग्रामीण, छोटे शहरों एवं पिछड़े क्षेत्र के युवाओं को सरकारी कौशल विकास योजनाओं से जोड़कर उद्योग आधारित प्रमाणित प्रशिक्षण तथा रोजगार सृजन करना।

## 78वाँ भारतीय थल सेना दिवस : राजस्थान

- 15 जनवरी, 2026 को 'भारतीय थल सेना दिवस' का प्रथम बार आयोजन मुख्य छावनी क्षेत्र से बाहर राजस्थान की राजधानी जयपुर में किया गया।
- **पुरस्कार वितरण :** आर्मी डे परेड एवं ऑपरेशन सिंदूर-वीरता हेतु मरणोपरांत सेना मेडल (गैलेंट्री) अवॉर्ड।

  ♦ सुबेदार मेजर पवन कुमार ♦ हवलदार सुनील कुमार सिंह ♦ लांस नायक दिनेश कुमार ♦ लांस नायक सुभाष कुमार ♦ लांस नायक प्रदीप कुमार
- **नो योर आर्मी (अपनी सेना को जाने) प्रदर्शनी :**
  - **आयोजन :** 8-12 जनवरी, 2026 तक भवानी निकेतन शिक्षा समिति, जयपुर
  - **थीम :** 'भारतीय सेना-शौर्य एवं बलिदान की परंपरा'
  - **शौर्य संध्या :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सवाई मानसिंह स्टेडियम,जयपुर
  - **100 वाँ नमन सेंटर :** प्रोजेक्ट नमन के तहत् सूरतगढ़ श्री गंगानगर, में 100वें नमन सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा।

## लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (IICDEM-2026)-नई दिल्ली

- **प्रायोजक:** इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (IIIDEM)
- **राजस्थान की भूमिका** –

  ♦ राजस्थान निर्वाचन विभाग द्वारा **'चुनाव, मीडिया और मतदाता जागरूकता'** विषय पर अपनी प्रस्तुति दी गई।

  ♦ **मुख्य क्षेत्र:** राजस्थान द्वारा चुनाव प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका, मतदाता शिक्षा (SVEEP गतिविधियाँ) और जागरूकता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को वैश्विक मंच पर साझा किया गया।

Springboard Academy

♦ **पार्टनर देश:** राजस्थान के लिए **क्रोएशिया और कजाखिस्तान पार्टनर देश** बनाए गए।

## 'राजस्थान इंडस्ट्री एंड एसएमई समिट : 2026'

❐ **आयोजन :** 20जनवरी,2026 को जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने राजस्थान की अर्थव्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाले उद्यमियों और संस्थानों को 'प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड' से सम्मानित किया।

❐ **'आशापूर्णा बिल्डकॉन लिमिटेड' :** 'रियल एस्टेट क्षेत्र' में 2024-25 वर्ष के सर्वश्रेष्ठ उद्यम (Best Enterprise of the Year) के रूप में सम्मानित किया गया। पुरस्कार कंपनी के निदेशक हर्षवर्धन सिंह ने प्राप्त किया।

## 263वाँ सवाई माधोपुर स्थापना दिवस

❐ 18-19 जनवरी, 2026 को दशहरा मैदान में देश के पहले अमरूद महोत्सव (Guava Festival) और उन्नत कृषि तकनीकी मेलें का भव्य आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया गया।

❐ **उद्देश्य :** स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित करना और सवाई माधोपुर के अमरूद (जो अपनी मिठास और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है) की ब्रांडिंग 'एक जिला एक उत्पाद' (ODOP) के तहत वैश्विक स्तर पर पहुँचाना।

❐ जिले में अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र एवं रु. 150 करोड़ की लागत से 'अमरूद प्रसंस्करण प्लांट' स्थापित किया जाएगा।

❐ वर्ष 1763 में 19 जनवरी को सवाई माधोसिंह प्रथम द्वारा स्थापित।

## विकसित राजस्थान यंग लीडर्स डायलॉग : 2026

❐ **उद्देश्य :** युवाओं को शासन व नीति निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाने हेतु अग्रसर करना एवं 15-29 वर्ष के युवाओं के नवाचारी विचारों को मंच देना।

❐ **पहल :** 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' का भाग।

❐ **राजस्थान के युवाओं का श्रेणीवार चयन** -

- ♦ विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग = 44
- ♦ सांस्कृतिक(लोकनृत्य, लोकगायन, लेखन) = 29
- ♦ हैक फॉर सोशल कॉज इवेंट = 02

## राजस्थान के महत्त्वपूर्ण समझौते : जनवरी 2026

1. राजीविका + MNIT, जयपुर
   - ❖ उद्देश्य : राजीविका की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी मूल्यांकन, अध्ययन एवं शोध कार्यों को सुदृढ़ करने हेतु अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना।
2. बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (BTU) + भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) पुणे
   - ❖ उद्देश्य : BTU परिसर में 'क्लाइमेट एवं ग्रीन हाउस गैस रेफरेंस स्टेशन' की स्थापना की जाएगी।
3. IIT जोधपुर + राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (NLU) जोधपुर
   - ❖ उद्देश्य : देश का प्रथम संयुक्त विधि एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित किया जाएगा।
4. हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड + सिलॉक्स इंडिया : उदयपुर
   - ❖ उद्देश्य :
     - सिलॉक्स इंडिया, HZL के लो–कार्बन जिंक ब्रांड इकोजेन (EcoZen) में अपने मैन्युफैक्चरिंग करेगा।
     - HZL द्वारा 2024 में EcoZen लॉन्च किया गया था जो ''एशिया का प्रथम–लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड।
5. राजीविका + बयरफूट कॉलेज, तिलोनिया–अजमेर
   - ❖ उद्देश्य :एक गैर–वित्तीय समझौता हस्ताक्षर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को 'सोलर दीदी' के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें समुदाय स्तरीय सौर मरम्मत एवं तकनीशियन के रूप में मजबूत बनाना।
6. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय + राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर
   - ❖ उद्देश्य : मेडिकल हेल्थ रिसर्च, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा आयुर्वेद के क्षेत्र में संयुक्त रूप से अनुसंधान, प्रशिक्षण प्रदान करना।

## संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी

- **रामसर सम्मेलन के अंतर्गत 'आर्द्रभूमि शहर'**

♦ 9 सितम्बर, 2025 को इंदौर, मध्यप्रदेश तथा **उदयपुर (राजस्थान)** को रामसर सम्मेलन के अंतर्गत 'आर्द्रभूमि शहर' के रूप में मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र जारी।

- **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)**

♦ राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवास पशुओं के लिए तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट 'जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर' पर लागू किया।

- **अविका नगर (टोंक)**

♦ केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार ने ICAR केन्द्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान के सहयोग से 'भारतीय ऊन क्षेत्र की चुनौतियाँ, अवसरों और भविष्य की संभावनाएँ' विषय पर एक दिवसीय चिंतन शिविर का अयोजन किया गया।

- **नीति आयोग, भारत सरकार : 22 जनवरी, 2026 (जयपुर)**

♦ नीति आयोग ने 22 जनवरी, 2026 को जयपुर में आयोजित 'मटेरियल रीसाइकलिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के 13वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2026 में भारत में सर्कुलर इकोनॉमी (चक्रीय अर्थव्यवस्था) को मजबूत करने पर केंद्रित तीन महत्वपूर्ण रिपोर्ट लॉन्च की।

1. भारत में उपयोग के बाद बेकार हो चुके वाहनों (ELVs)
2. बेकार टायरों, ई-कचरे (E&waste)
3. लिथियम-आयन बैटरियों का प्रबंधन।

- **CAQM (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग)**

♦ 27 जनवरी, 2026 को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में जयपुर स्थित राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित।

♦ समीक्षा का क्षेत्र : बैठक में राजस्थान के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जिलों-अलवर, भरतपुर और भिवाड़ी में वायु प्रदूषण कम करने के उपायों और 'वार्षिक कार्य योजना 2026' की समीक्षा की गई।

♦ प्रदूषण में कमी का लक्ष्य : आयोग ने राजस्थान सरकार को निर्देश दिया कि संशोधित कार्य योजनाओं में वायु प्रदूषण में कम से कम 10% की वार्षिक कमी का स्पष्ट लक्ष्य रखा जाए।

- **राजस्थान की प्रथम राजकीय जैनेटिक टेस्टिंग लैब** सवाईमानसिंह अस्पताल, जयपुर में स्थापित की गई।

- **राष्ट्रीय स्तर 'सहकार से समृद्धि' कार्यशाला : उदयपुर**

♦ **आयोजन :** 8-9 जनवरी, 2026 तक।

♦ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने।

♦ **उद्घाटन :** सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी।

- **भूपाल नोबल्स संस्थान : उदयपुर**

♦ 104 वाँ स्थापना दिवस - 2 जनवरी, 2026 को मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह थे।

♦ **आयोजक :** विद्या प्रचारिणी सभा, चित्तौड़गढ़-उदयपुर

♦ **स्थापना :** 2 जनवरी, 1923

- **<u>ओरण बचाओ पद यात्रा :</u>** 725 किमी. की लंबी पैदल यात्रा 21 जनवरी, 2026 को शक्तिपीठ तनोट माता मंदिर, जैसलमेर से शुरू होकर जयपुर विधानसभा तक आएगी। जिसका उद्देश्य ओरण भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाना है।
- **अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (IDB)**
  - 22 मई, 2025 को उदयपुर (राजस्थान) में जैव-विविधता और जैव-संसाधनों पर एक प्रदर्शनी के साथ मनाया गया।
  - **थीम 2025 :** 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत् विकास'



# 02 राष्ट्रीय–समसामयिकी

## 77 वाँ गणतंत्र दिवस 2026

- **गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य थीम :** वंदे मातरम् के 150 वर्ष
- **झाँकियों का मुख्य विषय:** 'स्वतंत्रता का मंत्र: वंदे मातरम्' तथा 'समृद्धि का मंत्र: आत्मनिर्भर भारत' ।
- **मुख्य अतिथि:** यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष **श्री एंटोनियो कोस्टा** और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष **उर्सुला वॉन डेर लेयेन**।
- परेड में कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियों और 13 बैंड ने भाग लिया। सेना की कुल सात मार्चिंग टुकड़ियों ने भाग लिया ।
- कर्तव्य पथ पर कुल 30 झांकियाँ निकाली गई ।
- पारम्परिक मार्चिंग के बजाय भारतीय सेना द्वारा पहली बार **'बैटल ऐरे फॉर्मेट'** ' यानी रणभूमि व्यूह रचना का प्रदर्शन किया।
- पारंपरिक शाही वर्दी और विशिष्ट पगड़ी के लिए प्रसिद्ध 61 कैवेलरी रेजिमेंट पहली बार कॉम्बैट बैटल गियर (युद्धक वेश) में नजर आई।
- पशु टुकड़ी, नई गठित भैरव लाइट कमांडो बटालियन, शक्तिबाण आर्टिलरी रेजिमेंट,भारी थर्मल वर्दी में मिक्स्ड स्काउट्स दस्ता ने पहली बार परेड में मार्च किया।
- परेड में यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम (URLS) **'सूर्यास्त्र'** व DRDO की **हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल** को पहली बार प्रदर्शित किया गया।
- पशु टुकड़ी में जांस्कर टट्टू, बैक्टीरिया ऊंट, रैप्टर्स ( शिकार करने वाले पक्षी) और भारतीय सेना के श्वान शामिल थे।
- फ्लाईपास्ट में विभिन्न फॉर्मेशन में राफेल, सुखोई-30, पी8आई, सी-295, मिग-29, अपाचे, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH), एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH), Mi-17 का प्रदर्शन किया ।
- **सिमरन बाला :** CRPF की सर्व-पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी।
- **भारतीय सशस्त्र बल की झांकी का शीर्षक** – ऑपरेशन सिंदूर : संयुक्तता से विजय।
- परेड के समापन पर 'वंदे मातरम' को दर्शाने वाले एक बैनर का अनावरण किया।
- गणतंत्र दिवस परेड के लिए दर्शक दीर्घा का नाम देश भर में बहने वाली **नदियों के नाम** पर रखा गया।

| आधार | जजों के पैनल द्वारा चयनित विजेता | MyGov पोर्टल के एक सर्वेक्षण पर आधारित लोकप्रिय पसंद पुरस्कार |
|---|---|---|
| तीनों सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता | भारतीय नौसेना | असम रेजिमेंट |
| सीएपीएफ/अन्य सहायक बलों में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ताः | दिल्ली पुलिस | केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) |
| शीर्ष तीन झांकियाँ (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश) | i. महाराष्ट्र (गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक)<br>ii. जम्मू और कश्मीर (जम्मू और कश्मीर के हस्तशिल्प और लोक नृत्य)<br>iii. केरल (वॉटर मेट्रो और शत–प्रतिशत डिजिटल साक्षरताः आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर केरल) | i. गुजरात (स्वतंत्रता का मंत्र–वंदे मातरम)<br>ii. उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड की संस्कृति)<br>iii.राजस्थान (रेगिस्तान का सुनहरा स्पर्श : बीकानेर की स्वर्ण कला उस्ता कला) |
| केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों में सर्वश्रेष्ठ झांकी : | संस्कृति मंत्रालय (वंदे मातरम – एक राष्ट्र की आत्मा की पुकार) | स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: भारतीय स्कूली शिक्षा को विकसित भारत की राह पर अग्रसर करना) |

- **विशेष पुरस्कार (जजों के पैनल द्वारा चयनित):**
  i. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (वंदे मातरम 150 वर्षों का उत्सव)
  ii. 'वंदे मातरम: भारत की शाश्वत गूँज' नृत्य समूह

## बीटिंग रिट्रीट (Beating Retreat) समारोह 2026

- **आयोजन:** प्रत्येक वर्ष 29 जनवरी को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विजय चौक पर।
- यह समारोह गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है।
- इसमें भारतीय सेना, नौ सेना, वायु सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) के बैंड अपनी धुनों का प्रदर्शन करते हैं ।
- इस वर्ष विजय चौक पर बैठने के स्थानों के नाम **भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों** (जैसे बांसुरी, डमरू, सितार और शहनाई) के नाम पर रखे गए हैं ।

## प्रधानमंत्री का असम - पश्चिम बंगाल दौरा

### असम

- **काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना :** प्रधानमंत्री ने असम के कलियाबोर में 6950 करोड़ रुपये की लागत I s86 **किलोमीटर** लम्बे कॉरिडोर (NH -715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड के चार लेन सड़क निर्माण) का शिलान्यास किया।
  - यह सड़क परियोजना **काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान** से होकर गुजरेगी।
- प्रधानमंत्री ने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों-गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर) अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के परिचालन का उद्घाटन किया ।

### बागुरुम्बा दहोउ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जनवरी, 2026 को गुवाहाटी में आयोजित उत्सव 'बागुरुम्बा दहोउ 2026' में शामिल हुए।
- बागुरुम्बा दहोउ **असम के बोडो समुदाय** का प्राचीन नृत्य उत्सव है, जो प्रकृति पूजा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।
- इसमें थावुरा, जुनाबिली जैसे नृत्यों से प्रकृति के समृद्धि की कामना की जाती है।

### गुवाहाटी-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

- **उद्घाटन :** 17 जनवरी, 2026, मालदा टाउन रेलवे स्टेशन **(पश्चिम बंगाल) से** प्रधानमंत्री द्वारा।
- यह भारत की प्रथम वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है।
- भारतीय रेलवे द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ।
- **संचालन :** गुवाहाटी (असम) और हावड़ा (पश्चिम बंगाल) के बीच।
- **प्रारम्भिक परीक्षण:** रेलमार्ग कोटा-नागदा खंड पर।
- **सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन:** यह 180 किमी/घंटा तक की रफ्तार पकड़ सकती है।
- **कुल क्षमता :** लगभग 823 यात्री।
- **कवच (KAVACH) तकनीक:** सुरक्षा के लिए आधुनिक टक्कर-रोधी प्रणाली से लैस।

### धूपगुड़ी-फलाकाटा खंड का पुनर्निर्माण

- **राष्ट्रीय राजमार्ग-27(पुराना NH-31D)** के धूपगुड़ी-फलाकाटा खंड के पुनर्निर्माण और चार लेन के निर्माण के लिए नींव रखी।

## प्रधानमन्त्री का केरल दौरा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **केरल के तिरुवनंतपुरम** में निम्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया
- **शिलान्यास :**
  1. CSIR-NIIST नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता केंद्र (हब)
  2. रेडियोसर्जरी केंद्र : श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (SCTIMST) में।
- **उद्घाटन :** पूजाप्पुरा प्रधान डाकघर
- **शुभारंभ :** प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) क्रेडिट कार्ड योजना : 23 जनवरी, 2026 ।

**विशेषताएँ -**

- **पात्रता:** वे सभी स्ट्रीट वेंडर्स जिन्होंने PM स्वनिधि योजना के तहत दूसरी किस्त का ऋण चुका दिया है, और तीसरी किस्त के लिए पात्र हैं।
- **क्रेडिट सीमा:** अधिकतम रु. 30,000 तक निकालने की अनुमति है।

- यह RuPay क्रेडिट कार्ड होगा जो सीधे UPI से जुड़ा होगा।
- इसमें ब्याज-मुक्त रिवॉल्विंग ऋण की सुविधा उपलब्ध होगी।

## प्रगति प्लेटफॉर्म की 50वीं बैठक का आयोजन

- **प्रगति (PRAGATI) : प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन**
- **अध्यक्षता :** प्रधानमंत्री द्वारा।
- **शुरुआत:** वर्ष 2015 में शुरू एक त्रि-स्तरीय प्रणाली है।
- **तीन स्तर :** प्रधान मंत्री कार्यालय (PMO), केंद्र सरकार के सचिव और राज्यों के मुख्य सचिव।
- **उद्देश्य:** प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाना और निगरानी करना तथा जन शिकायतों की वास्तविक निगरानी व समाधान करना ।
- इस दौरान 40,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली पाँच महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं (सड़क, रेलवे, बिजली, कोयला और जल संसाधन) की समीक्षा की गई।
- प्रधानमंत्री ने इस बैठक में **'PM SHRI' (पीएम श्री) स्कूलों** की प्रगति की समीक्षा की और इन्हें भविष्य के लिए 'राष्ट्रीय बेंचमार्क' बनाने पर जोर दिया।

**प्रगति की उपलब्धियाँ**

- पिछले एक दशक में, इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से रु. 85 लाख करोड़ से अधिक मूल्य की परियोजनाओं की बाधाओं को दूर कर उनकी गति बढ़ाई गई है।
- PRAGATI के तहत अब तक कुल 377 परियोजनाओं की समीक्षा की गई है, जिनमें से लगभग 94% मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है।

## 5 शास्त्रीय भाषाओं की 55 साहित्यिक कृतियों का विमोचन

- **विमोचन :** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा।
- **भाषाएँ :** तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और ओडिया।
- **पुस्तकों का प्रकाशन:** केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान द्वारा ।

**भारत में शास्त्रीय भाषाएँ**

- **कुल शास्त्रीय भाषाएँ :** 11 ( तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली )
- **शास्त्रीय भाषा मानदंड:** संस्कृति मंत्रालय द्वारा निर्धारित
  - **प्राचीनता :** उसके प्रारंभिक ग्रंथों या लिखित इतिहास की 1,500-2,000 वर्ष पुरानी अवधि हो ।
  - **साहित्यिक संग्रह :** प्राचीन साहित्य या ग्रंथों का एक संग्रह, जिसे बोलने वालों की पीढ़ियों द्वारा विरासत माना जाता है।
  - **ज्ञान ग्रंथ:** विशेष रूप से गद्य ग्रंथ, काव्य, पुरालेखीय और शिलालेखीय साक्ष्य हो ।
  - शास्त्रीय भाषा और उसका साहित्य अपने वर्तमान स्वरूप से भिन्न हो सकता है।

## राष्ट्रपति भवन में ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन

- **उद्घाटन :** 23 जनवरी, 2026, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने
- ग्रंथ कुटीर में भारत की 11 शास्त्रीय भाषाओं में पांडुलिपियों और किताबों का एक समृद्ध संग्रह मौजूद है।
- संग्रह में महाकाव्य, दर्शन, इतिहास, विज्ञान और भक्ति साहित्य के साथ-साथ इन 11 शास्त्रीय भाषाओं में भारत का संविधान भी शामिल है।
- **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA)** पांडुलिपियों के प्रबंधन, संरक्षण, प्रलेखन और प्रदर्शन में पेशेवर विशेषज्ञता प्रदान कर रहा है।
- ग्रंथ कुटीर को केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों और देश भर के व्यक्तिगत दानदाताओं के सहयोग से विकसित किया गया है।
- यह पहल **'ज्ञान भारतम मिशन'** के विजन का समर्थन करती है, जो पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने और उसे डिजिटाइज करने की एक राष्ट्रीय पहल है।

## संथाली भाषा में भारतीय संविधान

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुशासन दिवस (25 दिसंबर, 2025) के अवसर पर संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि में भारतीय संविधान की प्रति जारी की।
- **ओल चिकी लिपि :** 1925 ई. में पंडित रघुनाथ मुर्मू द्वारा विकसित।
  - वर्ष 2025 ओल चिकी लिपि का शताब्दी वर्ष है।

## पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी

- **उद्घाटन :** 3 जनवरी, 2026, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने
- **स्थान :** राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर, नई दिल्ली
- यह भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी है।
- **शीर्षक:** 'प्रकाश और कमल: प्रबुद्ध व्यक्ति के अवशेष' (द लाइट एंड द लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन)

**पिपरहवा अवशेष**

- **खोज:** वर्ष 1898 में ब्रिटिश सिविल इंजीनियर **विलियम क्लैक्सटन पेप्पे** द्वारा।
- **स्थान :** पिपरहवा बौद्ध स्तूप, **उत्तर प्रदेश**।
- **महत्त्व:** पुरातात्विक साक्ष्य पिपरहवा स्थल को प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ते हैं, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना प्रारंभिक जीवन बिताया था।
- भारत सरकार और गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की सार्वजनिक-निजी भागीदारी के जरिए, 30 जुलाई, 2025 को इन अवशेषों को सफलतापूर्वक भारत वापस लाया गया।

## जेहनपोरा बौद्ध परिसर

- **चर्चा में क्यों ?** हाल ही में लगभग 2000 वर्ष पुराना एक महत्त्वपूर्ण बौद्ध परिसर खोजा गया है जिसे **कुषाण कालीन बौद्ध बसावट** का हिस्सा माना जा रहा है।
- **स्थिति:** जेहनपोरा, जिला-बारामूला **(जम्मू-कश्मीर)**
- उत्खनन में स्तूपों, मठ जैसी संरचनाओं और दीवारों के अवशेष मिले हैं।
- यह स्थल कश्मीर का सबसे बड़ा ज्ञात बौद्ध केन्द्र माना जाता है।

## NHAI की मवेशी चेतावनी पायलट पहल

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को वास्तविक समय में सुरक्षा चेतावनी देने के लिए पायलट पहल शुरू की है।
- **उद्देश्य :** विशेष रूप से कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति में मवेशियों की अचानक आवाजाही से होने वाली दुर्घटनाओं को कम करना है।
- यह **पायलट प्रोजेक्ट जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों** पर लागू किया गया , जो आवारा पशुओं के लिए संवेदनशील क्षेत्र है।
- स्थान-आधारित अलर्ट जोखिम क्षेत्रों की पहचान से लगभग 10 किलोमीटर पहले जारी किए जाएंगे।

## आधार (Aadhaar) का शुभंकर 'उदय'

- **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)** के अध्यक्ष नीलकंठ मिश्रा ने तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में जारी किया है।
- यह शुभंकर आधार सेवाओं को सरलता से समझाने के लिए लोगों से संवाद करेगा।
- यह अपडेट, प्रमाणीकरण और ऑफलाइन सत्यापन जैसी सेवाओं के संचार को सरल बनाएगा।
- इसका चयन MyGov प्लेटफॉर्म पर आयोजित एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया।
  - **शुभंकर डिजाइन प्रतियोगिता के प्रथम विजेता :** अरुण गोकुल ,केरल ।
  - **शुभंकर नामकरण प्रतियोगिता में प्रथम विजेता :** रिया जैन, भोपाल मध्यप्रदेश ।

## नया आधार ऐप

- **लॉन्च:** वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने
- यह ऐप **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)** द्वारा विकसित एक अगली पीढ़ी का मोबाइल एप्लिकेशन है।
- इसे आधार संख्या धारकों को अपनी **डिजिटल पहचान सुरक्षित और गोपनीय तरीके से साझा करने, दिखाने और सत्यापित** करने के लिए बनाया गया है।
- इसमें एक ही डिवाइस पर अधिकतम पाँच आधार प्रोफाइल का प्रबंधन किया जा सकता है, जो 'एक परिवार एक ऐप' की अवधारणा को साकार करता है।

## विद्युत क्षेत्र में विनियामक मामलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE)

- **उद्घाटन :** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने।
- **स्थान :** IIT दिल्ली
- **विकास :** IIT दिल्ली, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (CERC) और ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड
- **उद्देश्य :** केंद्र CERC और Grid India के साथ मिलकर प्रमुख रेगुलेटरी और सेक्टोरल चुनौतियों की पहचान करेगा।

## $2^{nd}$ CISF वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथॉन–2026

- **उद्देश्य:** तटीय समुदायों को नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी जैसे खतरों के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना।
- **शुरूआत :** 28 जनवरी, 2026 को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की दो टीमों ने **गुजरात के लखपत किले** (पश्चिमी तट) और **पश्चिम बंगाल के बखाली** (पूर्वी तट) से यात्रा शुरू की।
- **समापन:** दोनों टीमें 22 फरवरी, 2026 को **कोच्चि, केरल** में एक साथ समापन करेंगी।
- **विषय (Theme):** 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत'

## DGCA की इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस सेवा शुरू

- नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने **एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (ATPL)** के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (EPL) सेवाओं का शुभारंभ किया।
- EPL एक सुरक्षित डिजिटल लाइसेंस है जिसमें प्रामाणिकता सुनिश्चित करने, गड़बड़ी रोकने और त्वरित समय पर सत्यापन सक्षम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के अनुरूप सुरक्षा सुविधाएँ शामिल हैं।
- EPL को eGCA मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए प्राप्त किया जा सकता है।

# नियुक्तियाँ

## प्रवीण वशिष्ठ

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) में **सतर्कता आयुक्त** नियुक्त किया।
- श्री वशिष्ठ बिहार कैडर से 1991 बैच के IPS अधिकारी है
- इन्होंने CBI में पुलिस अधीक्षक और DIG के पद पर कार्य किया तथा गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव, विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) रहे।

**केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003**

- **नियुक्ति:** सीवीसी अधिनियम, 2003 की **धारा 4(1)** के तहत **राष्ट्रपति द्वारा** ।
- **शपथ : धारा 5 (3)** के **तहत राष्ट्रपति द्वारा** या उनके द्वारा इसके लिए नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति के समक्ष।
- **कार्यकाल :** 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक।
- **संरचना :** 1+2
- **केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (CVC)** – पी.के. श्रीवास्तव ; अन्य सतर्कता आयुक्त –श्री ए. एस. राजीव

| नाम | नियुक्ति | विवरण |
|---|---|---|
| सुनेत्रा पंवार | महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री | दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पंवार की पत्नी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक दल की नेता है।<br>इससे पूर्व वह महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य थी। |
| राकेश अग्रवाल | राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। | 1994 बैच के IPS अधिकारी है, हिमाचल प्रदेश कैडर से तथा राजस्थान के भरतपुर के मूल निवासी है। |
| ए.के. बालासुब्रमण्यन | परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) के अध्यक्ष। | डॉ. डी. के. शुक्ला का स्थान लिया। |
| शत्रुजीत सिंह कपूर | भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के महानिदेशक | 1990 बैच के IPS अधिकारी है और वर्तमान में हरियाणा कैडर में कार्यरत है। |
| प्रवीण कुमार | सीमा सुरक्षा बल (BSF) के महानिदेशक | जो 1993 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं इससे पूर्व वे ITBP महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे। |
| एयर मार्शल नागेश कपूर | भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख | एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी का स्थान लिया । |

| उच्च न्यायालय | नए मुख्य न्यायाधीश | पूर्व पद/विवरण |
|---|---|---|
| सिक्किम उच्च न्यायालय | न्यायमूर्ति ए. मोहम्मद मुश्ताक | केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश |
| उत्तराखंड उच्च न्यायालय | न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता | इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश |
| केरल उच्च न्यायालय | न्यायमूर्ति सौमेन सेन | मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (स्थानांतरित) |
| पटना उच्च न्यायालय(बिहार) | न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू | ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश |
| मेघालय उच्च न्यायालय | न्यायमूर्ति रेवती प्रशांत मोहिते डेरे | बॉम्बे उच्च न्यायालय की न्यायाधीश |

# चर्चित व्यक्तित्व

## काम्या कार्तिकेयन

- 18 वर्षीय काम्या कार्तिकेयन दक्षिण ध्रुव तक स्की करने वाली **सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला है।**
- काम्या ने प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में 89° दक्षिण अक्षांश से दक्षिण ध्रुव तक करीब 60 नॉटिकल मील (लगभग 115 किलोमीटर) की दूरी तय की।
- वह युवा पर्वतारोहण प्रतिभा **'एक्सप्लोरर्स ग्रैंड स्लैम'** पूरा करने के लक्ष्य पर है, जिसमें **सातों महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों** पर चढ़ना और दोनों ध्रुवों तक स्की करना शामिल है।
- इससे पहले काम्या **सेवन समिट्स चैलेंज** भी पूरा कर चुकी है।
- वह माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला है।

## 'वीरमंगई' रानी वेलु नाच्चियार

- वेलु नाच्चियार 18वीं शताब्दी (1730- 1796) के दौरान **शिवगंगई रियासत (तमिलनाडु)** की रानी थी।
- पहली रानी जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता का सक्रिय विरोध किया था।
- अंग्रेजों ने शिवगंगा साम्राज्य पर हमले के दौरान उनके पति की हत्या कर दी थी।
- उन्होंने पड़ोसी रियासतों के सहयोग से 1780 में साम्राज्य को पुनः प्राप्त किया ।
- इन्होंने पहली बार **प्रशिक्षित महिला सैनिकों की सेना बनाई** थी।

## तिलका माँझी (11 फरवरी, 1750 – 13 जनवरी, 1785)

- आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी तिलका माँझी ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के अत्याचारों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह किया था।
- **वास्तविक नाम :** जबरा पहाड़िया।
- वे संथाल और पहाड़िया समुदाय के प्रमुख नेता थे।
- 1784 ई. में उन्होंने भागलपुर के अंग्रेज कलेक्टर **ऑगस्टस क्लीवलैंड** की हत्या कर दी।
- 13 जनवरी, 1785 को भागलपुर में उन्हें फाँसी दी गई।

## कैप्टन हंसजा शर्मा

- भारतीय सेना की पहली महिला पायलट जिन्होंने रुद्र सशस्त्र हेलीकॉप्टर उड़ाने की योग्यता हासिल की है।
- **निवासी :** जम्मू-कश्मीर
- राजस्थान में आयोजित सेना दिवस परेड 2026 के दौरान 251 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने हेलिना मिसाइल प्रणाली का प्रदर्शन किया।

## शुभांशु शुक्ला

- 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार **'अशोक चक्र'** से सम्मानित किया।
- एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के दौरान असाधारण साहस, त्वरित निर्णय क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए यह सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार प्रदान किया गया।

# निधन

## श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ

- पूर्वोत्तर (असम) में भाजपा के नेता कबीन्द्र पुरकायस्थ का निधन हो गया।

- उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार (1998-1999) में केंद्रीय संचार राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।
- हाल ही में समाज सेवा के लिये पद्म श्री (मरणोपरांत) देने की घोषणा की है।

### अजित पंवार

- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया।
- वे महाराष्ट्र के 6 बार डिप्टी सीएम रहे थे।

### सुरेश कलमाड़ी

- पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का पुणे में निधन हो गया।
- पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव के कार्यकाल में रेल राज्यमंत्री रहे थे।
- भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रहे ।

### माधव गाडगिल

- प्रतिष्ठित पारिस्थितिकीविज्ञानी माधव गाडगिल का 7 जनवरी, 2026 को निधन हो गया।
- वे **पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल (WGEEP)**, 2011 (गॉर्डगिल समिति) के अध्यक्ष रहे।
- **पुरस्कार :** पदम् श्री (1981), पद्म भूषण (2006) और **चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार**।

### मार्क टुली

- BBC के पूर्व वरिष्ठ पत्रकार और प्रसिद्ध प्रसारक मार्क टुली का नई दिल्ली में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- **जन्म :** 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता में।

## अभियान/सप्ताह

### संपूर्णता अभियान 2.0

- **शुभारंभ:** नीति आयोग के सीईओ श्री बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने 28 जनवरी, 2026 को।
- **संचालन कर्ता :** नीति आयोग।
- **अवधि:** 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक।
- **मुख्य उद्देश्य:** देश के 112 आकांक्षी जिलों और 513 आकांक्षी ब्लॉकों में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना।
- आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 6 महत्वपूर्ण संकेतक तय किए गए हैं, जिनमें बच्चों का पोषण, आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल और शौचालय की सुविधा आदि शामिल है ।
- आकांक्षी जिलों के लिए 5 प्रमुख संकेतक निर्धारित हैं, जैसे बच्चों का जन्म के समय वजन, टीबी मामलों की सूचना और पशुओं का टीकाकरण आदि ।
- अभियान के तहत जिले और ब्लॉक अपनी प्रगति को ट्रैक करने के लिए 3 महीने की विशेष कार्य योजना विकसित करेंगे ।

### राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान

- **ग्रामीण विकास मंत्रालय** ने 12 जनवरी, 2026 को दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत शुरू किया है।
- **लक्ष्य :** 50 हजार सामुदायिक संसाधन प्रतिनिधियों (CRP) को उद्यम प्रोत्साहन प्रशिक्षण और DAY-NRLM के तहत् 50 लाख स्वयं सहायता समूह (SHG) सदस्यों को उद्यम विकास प्रशिक्षण प्रदान करना।

### बाल विवाह मुक्त भारत (BVMB) अभियान

- **शुरुआत:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 27 नवंबर, 2024 को।
- **मुख्य लक्ष्य: साल 2030** तक भारत को पूरी तरह से बाल विवाह मुक्त बनाना है।
  - **साल 2026** तक बाल विवाह की **दर को घटाकर 10% तक लाना** है।
  - संयुक्त राष्ट्र के **सतत विकास लक्ष्य (SDG) 5.3** को प्राप्त करना ।
- भारत में प्रगति के बावजूद, 20-24 वर्ष की आयु की 23% महिलाओं का विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले हो गया था।

- छत्तीसगढ़ का **बालोद जिला** 2025 में भारत का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बना है।
- **बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 :**
  - कानून के अनुसार, 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह माना जाता है।

- ❍ **दण्ड:** 2 वर्ष तक का कठोर कारावास और/या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- ❍ राज्यों द्वारा बाल विवाह को रोकने के लिए 'बाल विवाह निषेध अधिकारियों' (CMPO) की नियुक्ति की जाती है।
- ❐ भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी के साथ यौन कृत्य को बलात्कार माना जाता है।
- ❐ बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल

### नशा-मुक्त कैंपस अभियान

- ❐ **शुरुआत :** उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने 13 जनवरी, 2026 **दिल्ली विश्वविद्यालय** से।
- ❐ **उद्देश्य:** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाना।

### चौथा भारत ऊर्जा सप्ताह (IEW) 2026

- ❐ **आयोजन :** 27 से 30 जनवरी, 2026 तक **गोवा में**
- ❐ **आयोजक :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय।
- ❐ **उद्घाटन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से
- ❐ **मुख्य उद्देश्य :** ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना, निवेश को प्रोत्साहित करना और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए व्यावहारिक, व्यापक रूप से लागू होने योग्य समाधान विकसित करना।
- ❐ 2023 में शुरू हुआ भारत ऊर्जा सप्ताह वैश्विक ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय संवाद के लिए मंच के रूप में विकसित हुआ है।

## आयोजन/सम्मेलन/बैठक

### लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 (IICDEM-2026)

- ❐ **आयोजन :** 21 से 23 जनवरी, 2026 तक, नई दिल्ली।
- ❐ **आयोजक :** इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (IIIDEM) द्वारा।
- ❐ **विषय :** एक समावेशी, शांतिपूर्ण, लचीली और टिकाऊ दुनिया के लिए लोकतंत्र।
- ❐ चुनाव प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि देने के लिए 4 IITS, 6 IIMS और 12 नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया।
- ❐ **"India Decides"** डॉक्यूसीरीज दिखाई गई , जो 2024 के लोकसभा चुनावों (जो दुनिया के सबसे बड़े चुनाव थे) के पीछे के प्रयासों को उजागर करती है।
- ❐ **दिल्ली घोषणा 2026 के 5 स्तंभ** - मतदाता सूची में शुद्धता, चुनावों का आयोजन, शोध और प्रकाशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग और प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण।
- ❐ भारत 2026 में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (International IDEA) की अध्यक्षता कर रहा ।

**ECINet**

- ❐ भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में चुनाव से संबंधित सभी सूचनाओं और सेवाओं के लिए 'वन-स्टॉप' डिजिटल प्लेटफॉर्म ECINet लॉन्च किया है।
- ❐ यह प्लेटफॉर्म निर्वाचन आयोग के **40 से अधिक ऐप्स और पोर्टल्स को एकीकृत** करके बनाया गया है, जो दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी सेवा मंच है।
- ❐ ECINet नागरिकों, उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और चुनाव अधिकारियों को एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर एक साथ जोड़ता है।
- ❐ इस पर मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची में खोज, आवेदन ट्रैक करना, अपने उम्मीदवार को जानना और ई-एपिक (e-EPIC) डाउनलोड जैसी सेवाएँ उपलब्ध हैं।

### राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 28वाँ सम्मेलन (CSPOC)

- ❐ **आयोजन :** 14 से 16 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली में
- ❐ **उद्घाटन :** प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल (पूर्व में चैंबर ऑफ प्रिंसेज) में ।
- ❐ **अध्यक्षता :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला
- ❐ **उद्देश्य**- पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना, संसदीय लोकतंत्र से संबंधित ज्ञान का संवर्द्धन करना, संसदीय संस्थाओं को सुदृढ़ बनाना।
- ❐ इसमें 42 राष्ट्रमंडल देशों & 4 अर्द्ध-स्वायत संसदों के 61 अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

- इससे पूर्व भारत में इस सम्मेलन का **आयोजन वर्ष 1971, 1986 तथा 2010** में किया गया था।
- CSPOC का मुख्य सम्मेलन द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है।

## 86वाँ अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (AIPOC)

- **आयोजन:** 19-21 जनवरी, 2026 को **उत्तर प्रदेश विधान सभा, लखनऊ** में।
- **उद्घाटन :** उत्तर-प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल।
- **विषय :** सशक्त विधानमण्डल-समृद्ध राष्ट्र
- **उद्देश्य:** पारदर्शी, प्रभावी एवं नागरिक-केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग, विधायकों की क्षमता निर्माण तथा जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही पर विचार-मंथन करना ।
- सम्मेलन में **6 संकल्प पारित किए गए**- राष्ट्रीय विधायी सूचकांक का निर्माण, विधायी निकायों की प्रतिवर्ष न्यूनतम 30 बैठकों का आयोजन, प्रौद्योगिकी के उपयोग को सुदृढ़ करना आदि।
- 86वें AIPOC से पहले लखनऊ, उत्तर प्रदेश में **अखिल भारतीय विधायी निकायों के सचिवों का 62वाँ सम्मेलन** भी आयोजित किया गया।

## 2nd वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन (GBS)

- **आयोजन :** 24-25 जनवरी, 2026 तक **नई दिल्ली** में
- **आयोजक :** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघ (IBC) द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से।
- **उद्घाटन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने
- **थीम:** 'सामूहिक ज्ञान, एकजुट आवाज और आपसी सह-अस्तित्व' ('Collective Wisdom, United Voice, and Mutual Coexistence')
- **'कल्याण मित्र' (Kalyan Mitra):** समिट के दौरान NORBU (न्यूरल ऑपरेटर फॉर रिस्पॉन्सिबल बुद्धिस्ट अंडरस्टैंडिंग) नाम के AI लैंग्वेज-लर्निंग और डायलॉग मॉडल को प्रदर्शित किया गया।
  - यह AI टूल ChatGPT एल्गोरिदम पर आधारित है और इसे बौद्ध ग्रंथों के डेटा पर प्रशिक्षित किया गया है ताकि यह सही संदर्भ में शिक्षाएँ दे सके।
  - IBC ने NORBU को एक ग्लोबल पहल के तौर पर अपनाया है और इसे 'कल्याण मित्र' नाम दिया है
- पहला सम्मेलन अप्रैल 2023 में नई दिल्ली में आयोजित हुआ।

## 2nd विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) 2026

- **आयोजन :** 09-12 जनवरी, 2026, **नई दिल्ली में ।**
- **आयोजक:** युवा कार्यक्रम विभाग, केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा ।
- **उद्देश्य :** 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं को विकसित भारत@2047 के लक्ष्य हासिल करने के लिए नए विचार और समाधान पेश करने के लिए गतिशील राष्ट्रीय मंच प्रदान करना।

## पोषण पर CSR सम्मेलन

- **उद्घाटन :** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री **अमित शाह ने नई दिल्ली** में।
- **आयोजक:** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB)।
- **शीर्षक :** पोषण सुरक्षा और कुपोषण निवारण में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) की भूमिका।
- **उद्देश्य :** बच्चों में कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए सहयोगात्मक, नवोन्मेषी और सतत् रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने IDBI की CSR पहल के तहत **शिशु संजीवनी कार्यक्रम** का भी शुभारंभ किया।
- **संजीवनी :** NDDB द्वारा विकसित एक ऊर्जा से भरपूर, अर्ध-ठोस, रेडी-टू ईट पौष्टिक पूरक आहार है।

## जन शिक्षण संस्थान (JSS) क्षेत्रीय सम्मेलन

- **आयोजन :** 19-20 जनवरी, 2026 को सिम्बायोसिस स्कूल ऑफ प्रोफेशनल एंड स्किल्स यूनिवर्सिटी, **पुणे** में
- **आयोजक :** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

## जन शिक्षण संस्थान (JSS) योजना

- एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है जिसे MSDE की ओर से गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।
- **मुख्य उद्देश्य :** निरक्षर, नव-साक्षर व्यक्तियों, स्कूल छोड़ने वाले छात्रों और समाज के हाशिए पर स्थित वर्गों को अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना।

- वर्तमान में 26 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में 294 जन शिक्षण संस्थान कार्यरत हैं।
- ये NSQF (नेशनल स्किल्स क्लाफिकेशन फ्रेमवर्क) के अनुरूप 51 पाठ्यक्रमों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

| प्रमुख सम्मेलन : 2026 (आयोजन) | विषय / विवरण |
|---|---|
| भारतीय भाषाओं पर 3rd अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन<br>आयोजन : नई दिल्ली | • **उदघाटनः** उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधकृष्णन द्वारा।<br>• **आयोजकः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद, वैश्विक हिंदी परिवार तथा दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से।<br>• **उद्देश्य** : भारतीय भाषाओं के संरक्षण, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को सशक्त करना। |
| 25वाँ अखिल भारतीय प्रमुख पत्तन सांस्कृतिक सम्मेलन<br>आयोजन : पारादीप पत्तन, ओडिशा | • **आयोजक** : पारादीप पत्तन प्राधिकरण द्वारा मेजर पोर्ट्स स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के सहयोग से ।<br>• **उद्देश्यः** पत्तन कर्मचारियों के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना। |
| 9वाँ राष्ट्रीय लाइटिंग सम्मेलन<br>आयोजन : नई दिल्ली | • **आयोजक** : पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा।<br>• **विषय** : आकाशीय बिजलीः वायुमंडलीय बिजली और चरम मौसम की घटनाएँ (Lightning : Atmospheric Electricity and Extreme Weather Events) |
| राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों का सम्मेलन – 2026<br>आयोजन : गुवाहाटी, असम | • **आयोजकः** वस्त्र मंत्रालय द्वारा असम सरकार के सहयोग से।<br>• **थीमः** 'भारत का वस्त्र उद्योगः विकास, विरासत और नवाचार का संगम'<br>• वस्त्र मंत्रालय ने 'वस्त्र केंद्रित अनुसंधान, मूल्यांकन, निगरानी, योजना और स्टार्ट–अप' (Tex -RAMPS) योजना के तहत डेटा सिस्टम और एकीकृत योजना को मजबूत करने के लिए **15 राज्यों के साथ समझौता** ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए । |
| अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय सम्मेलन<br>आयोजन : 14 जनवरी, 2026 को **नई दिल्ली** | • **उदघाटन** : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ।<br>• **शीर्षक** : 'अरावली ग्रीन वॉल को मजबूती'<br>• **आयोजकः** संकला फाउंडेशन द्वारा ।<br>• भूपेन्द्र यादव ने संकला फाउंडेशन द्वारा तैयार की गई **'अरावली परिदृश्य का पारिस्थितिक पुनर्स्थापन'** शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की । |
| 'लिंग सांख्यिकी संवर्धन' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन<br>आयोजन : 15–16 जनवरी, 2026 को **नई दिल्ली** | • **आयोजकः** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के सामाजिक सांख्यिकी विभाग और राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद् (NCAER) द्वारा<br>• **उद्देश्यः** महिलाओं से और महिलाओं के बारे में डेटा इकट्ठा करने में आने वाली पद्धतिगत चुनौतियों का विश्लेषण करना।<br>▪ नीति निर्माण के लिए डेटा की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और उपयोगिता में सुधार पर विशेष ध्यान देना । |
| समावेशी शिक्षा शिखर सम्मेलन – 2026<br>आयोजन : 21 से 23 जनवरी, 2026 तक **नई दिल्ली** | • **आयोजक** : स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, **शिक्षा मंत्रालय**<br>• **उद्घाटन** : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने।<br>• **उद्देश्य** : समावेशी शिक्षा के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को मजबूत करना। |

| | |
|---|---|
| विद्युत वितरण उद्योग सम्मेलन (EDICON) - 2026<br>आयोजन : नई दिल्ली | • **आयोजक** : विद्युत मंत्रालय के तत्वावधन में अखिल भारतीय वितरण संघ के सहयोग से।<br>• **उद्‌घाटन** : विद्युत मंत्री मनोहर लाल ।<br>• श्री मनोहर लाल ने एआईएसए की वार्षिक रिपोर्ट **'इंडिया डिस्कॉम्सः 2025'** के प्रथम प्रकाशन का विमोचन किया।<br>• श्री मनोहर लाल ने **6 अलग–अलग श्रेणियों में** 12 वितरण कंपनियों को स्वर्ण और रजत पुरस्कार भी प्रदान किए। |
| मत्स्यपालन विभाग द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन<br>आयोजन : नई दिल्ली | • **उद्देश्य** : द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करना, समुद्री भोजन के निर्यात को बढ़ावा देना और व्यापार को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना<br>• **भागीदार देश** : 83 देशों के राजदूत और उच्चायुक्त<br>• **अध्यक्षता** : मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह |
| 9वें अंतर्राष्ट्रीय विधि और अर्थशास्त्र सम्मेलन<br>आयोजन : गांधीनगर, गुजरात | • **आयोजक** : सेंटर फॉर ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लॉ (CTIL) द्वारा गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (GNLU) के सहयोग से आयोजित।<br>• **उद्देश्य** : कानून, अर्थशास्त्र एवं व्यापार नीति पर विचार–विमर्श के लिए नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों व उद्योग जगत को एक साथ लाना।<br>• **भागीदार** : इस सम्मेलन में भारत भर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के कानून और अर्थशास्त्र के विशेषज्ञों और चिकित्सकों के साथ–साथ प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के विद्वानों ने भाग लिया। |
| विंग्स इंडिया 2026<br>**आयोजन** : 28 से 31 जनवरी, 2026 तक **हैदराबाद** के बेगमपेट हवाई अड्डे पर। | • एशिया का सबसे बड़ा नागर विमानन कार्यक्रम।<br>• **उद्‌घाटन** : नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने।<br>• **थीम** : 'इंडियन एविएशनः पेविंग द फ्यूचर – फ्रॉम डिजाइन टु डेप्लॉयमेंट, मैन्यूफैक्चरिंग टु मेंटिनेंस, इंक्ल्यूसिविटी टु इनोवेशन एण्ड सेफ्टी टु सस्टेनेबिलिटी' |
| नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– 2026<br>**आयोजन** : 22 और 23 जनवरी 2026 को मुंबई कैंपस में | • **शीर्षक** : 'डिजाइन फॉर इंक्लूसिव फ्यूचर्स (समावेशी भविष्य के लिए डिजाइन)'<br>• निफ्ट के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित ।<br>• इस सत्र के दौरान एनआईएफटी के चार दशकों की यात्रा को दर्शाने वाली पुस्तक **एनआईएफटी@40** 'धरोहर' का विमोचन किया गया<br>• एनआईएफटी@41 लोगो का अनावरण किया गया। |
| **2nd श्रम एवं रोजगार सचिवों का क्षेत्रीय सम्मेलन**<br>**आयोजन** : 14 जनवरी, 2026 को **जयपुर** में (तीसरा सम्मेलन – विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश में आयोजित हुआ।) | • **उद्‌घाटन** : केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने।<br>• यह मंत्रालय की पाँच क्षेत्रीय सम्मेलनों की श्रृंखला का **दूसरा सम्मेलन** था।<br>• **उद्देश्य** : चार श्रम संहिताओं के सुचारू कार्यान्वयन, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) और प्रधनमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBEY) से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श करना । |

| | |
|---|---|
| 9th सिद्ध दिवस समारोह<br>**आयोजन** : कलाईवनार आरंगम, चेन्नई | • **उद्‌घाटन** : उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधकृष्णन ने<br>• **विषय** : 'सिद्ध फॉर ग्लोबल हेल्थ' |
| राष्ट्रीय संगोष्ठी 'एयरोनॉटिक्स 2047'<br>**आयोजन** : 4 जनवरी, 2026 को सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (CABS), बैंगलुरु | • **आयोजक** : एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) द्वारा |
| इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले मानव पूंजी कार्यसमूह की बैठक<br>**आयोजन** : 5–6 जनवरी 2026 को IIT गुवाहाटी | • **आयोजक** : इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय<br>• **सहयोग** : इंडिया एआई, असम सरकार तथा IIT गुवाहाटी |
| 3rd तकनीकी हिंदी संगोष्ठी– अभ्युदय–3<br>**आयोजन** : CSIR–राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, दिल्ली | • **आयोजक** : IIT इंदौर और IIT जोधपुर के सक्रिय सहयोग से |

# उत्सव/महोत्सव/पर्व

### 9th इंडसफूड 2026 प्रदर्शनी

- **उद्‌घाटन :** ग्रेटर नोएडा, **उत्तर प्रदेश** में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान द्वारा ।
- **आयोजक:** भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद् (TPCI) ।
- **उद्देश्य:** वैश्विक खाद्य आपूर्ति शृंखलाओं में भारत को विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी भागीदार के रूप में स्थापित करना।
- भारत की प्रमुख वैश्विक खाद्य एवं पेय पदार्थ (F & B) सोर्सिंग प्रदर्शनी है।
- **अबू धाबी फूड हब का TPCI के साथ समझौता :** भारत–यूएई फूड कॉरिडोर के लिए ।
  - **उद्देश्य :** खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना, आपूर्ति शृंखलाओं को सुव्यवस्थित करना और द्विपक्षीय खाद्य व्यापार प्रवाह को गति प्रदान करना।
- **1st विश्व पाक कला विरासत सम्मेलन :** कूटनीति और सांस्कृतिक जुड़ाव के क्षेत्र में सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- **भारती (BHARATI) पहल:**
  - **पूरा नाम :** भारत हब फॉर एग्रीटेक, रेजिलेंस, एडवांस्डमेंट एंड इंक्युबेशन फॉर एक्सपोर्ट एनेबलमेंट।
  - **शुरुआत :** कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) द्वारा।
  - **उद्देश्य :** युवा उद्यमियों के लिए नवाचार को बढ़ावा देना और नये निर्यात अवसर सृजित करना है।
  - कृषि-खाद्य और एग्री-टेक स्टार्टअप्स को समर्थन प्रदान करना।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

- **आयोजन:** 8 जनवरी से 11 जनवरी, 2026 तक।
- यह पर्व 1026 ई. में महमूद गजनवी के सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण की 1,000वीं वर्षगाँठ की स्मृति में आयोजित किया गया है।
- वर्ष 2026, सोमनाथ मंदिर के आधुनिक पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का गौरवशाली वर्ष है।

**सोमनाथ मंदिर**

- गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित है।
- द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम के अनुसार 12 ज्योतिर्लिंगों में **पहला ज्योतिर्लिंग** है।
- **पुनर्निर्माण :** आजादी के बाद 1947 में सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा।
  - **उद्‌घाटन :** 11 मई,1951 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा।
- प्रधानमंत्री मोदी सोमनाथ न्यास के प्रमुख है।

Springboard Academy

### तीसरा भारतीय प्रकाशस्तंभ महोत्सव

- **उद्घाटन : विशाखापत्तनम, आन्ध्रप्रदेश** में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा।
- **आयोजक:** सार्वजनिक परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत **दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (DGL&L)** द्वारा।
- **उद्देश्य:** 205 प्रकाशस्तंभ को पर्यटन और उत्सव केंद्रों के रूप में विकसित करना।
- इस कार्यक्रम के तहत 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 प्रकाशस्तंभों को आधुनिक पर्यटक सुविधाओं से विकसित किया जा चुका है ।

### 25वाँ भारत रंग महोत्सव

- **उद्घाटन:** केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली में।
- **आयोजन:** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा 27 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक देशभर के 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा ।
  - इस बार यह महोत्सव भारत के बाहर प्रत्येक महाद्वीप के एक देश में भी आयोजित किया जा रहा है।
- **विषय:** संवाद, संस्कृतियों का।
- 228 भाषाओं और बोलियों में 277 भारतीय और 12 अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियां दी जाएगी।
- यह दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय रंगमंच (थिएटर) समारोह है।

### 53th नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026

- **उद्घाटन :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा।
- **आयोजन:** 10 से 18 जनवरी, 2026 तक राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT), शिक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) के सहयोग से।
- **थीम:** भारतीय सैन्य इतिहास: वीरता और ज्ञान@75
- **गेस्ट ऑफ ऑनर कंट्री :** कतर, **फोकस कंट्री :** स्पेन
- श्री प्रधान ने नौ भारतीय भाषाओं और स्पेनिश अंतरराष्ट्रीय भाषा में **'कुडोपाली की गाथा: 1857 की अनकही कहानी'** नामक पुस्तक का विमोचन किया ।

### सारस-2026 प्रदर्शनी

- **आयोजन:** 8 जनवरी, 2026 को आंध्र प्रदेश के गुंटूर में।
- **आयोजक:** जिला ग्रामीण विकास एजेंसी (DRDA) और ग्रामीण गरीबी उन्मूलन समिति (SERP)।
- **उद्देश्य :** स्थायी आजीविका के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) के सदस्यों का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना ।

### भारत पर्व 2026

- **उद्घाटन :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिङला और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ।
- **आयोजन :** पर्यटन मंत्रालय द्वारा 26 से 31 जनवरी, 2026 तक गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत **नई दिल्ली**
- **उद्देश्य:** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, कलात्मक, पाक कला और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करना ।
  - घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करना, कारीगरों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक मंच प्रदान करना ।
- छह दिवसीय उत्सव में गणतंत्र दिवस परेड की भव्य झांकियों को जनता के देखने के लिए प्रदर्शित किया जाता है।

## प्रमुख पुरस्कार

### पद्म पुरस्कार 2026

- वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रपति ने **131 पद्म पुरस्कारों** के प्रदान करने की स्वीकृति दी। जिनमें शामिल हैं।
- इसमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री (2 युगल पुरस्कार) पुरस्कार शामिल हैं।
  - **नोट :** युगल पुरस्कार को एक ही माना जाता है।
- पुरस्कारों में **19 महिलाएं,** विदेशी/NRI/PIO/OCI श्रेणी के 6 व्यक्ति और **16 मरणोपरांत पुरस्कार** प्राप्तकर्ता शामिल हैं।
- **पद्म विभूषण (5) :** भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार
  - धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत, कला), महाराष्ट्र
  - एन. राजम(कला), उत्तर प्रदेश
  - के. टी. थॉमस (सार्वजनिक मामले), केरल
  - पी. नारायणन (साहित्य एवं शिक्षा), केरल
  - वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत, सार्वजनिक मामले), केरल

❒ **पद्म भूषण (13)**

| | |
|---|---|
| 1. अलका याग्निक (कला), महाराष्ट्र | 8. शतावधानी आर गणेश (कला), कर्नाटक |
| 2. भगत सिंह कोश्यारी (सार्वजनिक मामले), उत्तराखंड | 9. शिबू सोरेन (मरणोपरांत, सार्वजनिक मामले), झारखंड |
| 3.कल्लीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी (मेडिसिन) तमिलनाडु | 10. वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत, सार्वजनिक मामले), दिल्ली |
| 4. ममूटी (मुहम्मद कुट्टी इस्माइल) (कला), केरल | 11. उदय कोटक (व्यापार और उद्योग), महाराष्ट्र |
| 5. डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु (मेडिसिन), संयुक्त राज्य अमेरिका | 12. वेल्लापल्ली नटेसन (सार्वजनिक मामले), केरल |
| 6. श्री पीयूष पांडे (मरणोपरांत, कला ), महाराष्ट्र | 13. विजय अमृतराज (खेल), संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 7. एस. के. एम. मैइलानंदन (सामाजिक कार्य), तमिलनाडु | |

❒ **पद्म श्री (113)**

- कृष्णमूर्ति बालासुब्रमण्यम (विज्ञान और इंजीनियरिंग), तेलंगाना
- व्लादिमीर मेस्टविरिश्विली (मरणोपरांत, खेल), जॉर्जिया
- चंद्रमौली गद्दामनुगु (विज्ञान और इंजीनियरिंग), तेलंगाना
- हैली वार (सामाजिक कार्य), मेघालय
- प्रतीक शर्मा (मेडिसिन), संयुक्त राज्य अमेरिका
- खेल क्षेत्र में रोहित शर्मा (क्रिकेट, महाराष्ट्र), प्रवीण कुमार (पैरा हाइ-जंप एथलीट, उत्तर प्रदेश), महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमन प्रीत कौर (पंजाब), बलदेव सिंह (पंजाब), के. पजनीवेल, श्री भगवानदास रायकवार (मध्य प्रदेश) और सविता पुनिया (हॉकी, हरियाणा) को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा।

**पद्म पुरस्कार**

❒ **शुरूआत :** 1954 में तीन श्रेणियों के साथ पद्म विभूषण के रूप में।

❒ 1955 में इसका नाम बदलकर पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री कर दिया गया।
- **पद्म विभूषण:** असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए।
- **पद्म भूषण:** उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए।
- **पद्म श्री:** किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए।

❒ **क्षेत्र :** कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि।

❒ **घोषणा :** प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर।

❒ ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष दिए जाते हैं। हालांकि, 1978 व 1979 में और 1993 से 1997 तक ये पुरस्कार वितरित नहीं किए गए थे।

❒ भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न (1954 में शुरू) है।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार 2026

❒ **व्यक्तिगत श्रेणी:** लेफ्टिनेंट कर्नल **सीता अशोक शेल्के** (भारतीय सेना)
- केरल के वायनाड में वर्ष 2024 की बाढ़ और भूस्खलन के दौरान व्यापक स्तर पर मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों का नेतृत्व किया।
- आपदा प्रतिक्रिया और मानवीय ऑपरेशन के संचालन हेतु 2,300+ कर्मियों को प्रशिक्षित किया।

❒ **संस्थागत श्रेणी:** सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को ।
- संस्था ने तीन स्तरों (ग्राम, ब्लॉक, जिला) पर 1,185 प्रशिक्षित 'आपदा मित्रों' की तैनाती की ।

## C-DOT स्कोच अवार्ड-2025 से सम्मानित

❒ भारत सरकार के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र, **सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT)** को उसके सेल ब्रॉडकास्ट सॉल्यूशन (CBS) के लिए "स्कोच अवार्ड-2025" से सम्मानित किया गया है।

❒ यह पुरस्कार समारोह 'संसाधन विकसित भार' विषय पर आयोजित 104वें स्कोच शिखर सम्मेलन के तहत आयोजित किया गया।

❒ स्कोच अवार्ड भारत भर में शासन और विकास में सुधार लाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, परियोजनाओं और सरकारी एवं निजी संस्थानों को दिया जाता है।

### सेल ब्रॉडकास्ट सॉल्यूशन (CBS)

- C-DOT का सेल ब्रॉडकास्ट सॉल्यूशन एक **आपदा एवं आपातकालीन मंच** है ।
- यह आपदा चेतावनी जारी करने वाली एजेंसियों को एक एकीकृत मंच पर लाता है, जिसमें मौसम के लिए **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग** (IMD), बाढ़ के लिए **केंद्रीय जल आयोग** (CWC), सुनामी/समुद्री घटनाओं के लिए **भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र** (INCOIS), भूस्खलन के लिए **रक्षा भू-सूचना अनुसंधान संस्थान** (DGRE) और वन अग्नि के लिए **भारतीय वन सर्वेक्षण** (FSI) शामिल हैं।
- यह एकीकृत मंच प्रभावित क्षेत्रों में लगभग वास्तविक समय में जीवन रक्षक आपातकालीन जानकारी को सेलुलर नेटवर्क के माध्यम से मोबाइल फोन तक पहुँचाने के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान करता है।

## जीवन रक्षा पदक शृंखला पुरस्कार-2025 अनुमोदित

- भारत के राष्ट्रपति ने **30 व्यक्तियों** को जीवन रक्षा पदक शृंखला पुरस्कार - 2025 प्रदान करने की स्वीकृति दी है ।
- यह पुरस्कार **तीन श्रेणियों** - सर्वोत्तम जीवन रक्षा, उत्तम जीवन रक्षा, एवं जीवन रक्षा में प्रदान किया जाता है ।
- इनमें **06** सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, **06** उत्तम जीवन रक्षा पदक तथा **18** जीवन रक्षा पदक सम्मिलित है।
- 6 व्यक्तियों को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान किया गया ।
- यह पुरस्कार किसी व्यक्ति की जान बचाने में मानवीय प्रकृति के सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है ।
- 2025 के सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक प्राप्तकर्ता
  1. मनोहर सिंह चौहान (मरणोपरांत), मध्य प्रदेश।
  2. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, मध्य प्रदेश।
  3. पी. एस. गौरीशंकर राजा (मरणोपरांत), तमिलनाडु।
  4. नायक आशुतोष बिस्वास (मरणोपरांत), रक्षा मंत्रालय।
  5. दीपक कुमार (मरणोपरांत), रक्षा मंत्रालय।
  6. नायब सूबेदार मंजीत (मरणोपरांत), रक्षा मंत्रालय।

## गणतंत्र दिवस 2026 पर वीरता एवं सेवा पदक

- गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस (HG &CD) तथा करेक्शनल सर्विसेज (सुधारात्मक सेवा)के **कुल 982 कर्मियों** को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित किया गया।

### वीरता पदक (Gallantry Medals)

- कुल 125 वीरता पदक (GM) प्रदान किए गए, जिनमें पुलिस सेवा को 121 और अग्निशमन सेवा को 04 प्राप्त हुए।
- वीरता पदक **असाधारण बहादुरी और विशिष्ट वीरतापूर्ण कार्य के आधार** पर जीवन और संपत्ति बचाने या अपराध को रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

### सेवा पदक (Service Medals)

| विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक | सराहनीय सेवा के लिए पदक |
|---|---|
| • कुल 101 राष्ट्रपति पदक प्रदान किए गए | • कुल 756 पदक प्रदान किए गए |
| • यह पदक सेवा में विशेष रूप से विशिष्ट रिकॉर्ड के लिए प्रदान किया जाता है। | • यह पदक कर्तव्य के प्रति निष्ठा की विशेषता वाली मूल्यवान सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। |

## राष्ट्रीय मॉडल युवा ग्राम सभा पुरस्कार

- केन्द्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में मॉडल यूथ ग्राम सभा के विजेताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।

| स्कूल | विजेता | स्थान | पुरस्कार की राशि |
|---|---|---|---|
| जवाहर नवोदय विद्यालय (JNV) | जेएनवी उना, हिमाचल प्रदेश | प्रथम | 1 करोड़ रु. |
| | जेएनवी कन्नूर, केरला | द्वितीय | 75 लाख रु. |
| | जेएनवी उखरूल-I, मणिपुर | तृतीय | 50 लाख रु. |
| एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) | ईएमआरएस कोसामबुडा, छत्तीसगढ़ | प्रथम | 1 करोड़ रु. |
| | ईएमआरएस हिरली, ओडिशा | द्वितीय | 75 लाख रु. |
| | ईएमआरएस जबलपुर, मध्य प्रदेश | तृतीय | 50 लाख रु. |

### मॉडल यूथ ग्राम सभा

- पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और जनजातीय कार्य मंत्रालय के साथ साझेदारी से संचालित नागरिक शिक्षा पहल है।
- **उद्देश्य :** युवा नागरिकों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों और सार्वजनिक जिम्मेदारी को पोषित करना ।
  - पंचायती राज व्यवस्था के बारे में छात्रों का शिक्षण सुनिश्चित करना।

### 'भारत स्टील अवार्ड-2026'

- **केंद्रीय इस्पात मंत्रालय द्वारा प्रथम बार** प्रदान किए जाएंगे।
- **उद्देश्य :** इस्पात क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुकरणीय प्रदर्शन और महत्त्वपूर्ण योगदान को मान्यता देना।
- **सात श्रेणियों** में प्रदान किए जाएंगे- दक्षता, निर्यात, सततता, स्वदेशीकरण ,अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से नवाचार, सुरक्षा पुरस्कार, इस्पात क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए।

### 26वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण

- 2024-25 में **8 क्षेत्रों के 88 विद्यालयों** के बीच आयोजित हुई।
- यह प्रतियोगिता छात्रों में आत्म-अनुशासन, सहिष्णुता, अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक गुण विकसित करती है।
- यह पुरस्कार जयपुर क्षेत्र में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़, श्री गंगानगर-II, राजस्थान को प्रदान किया गया।

### 'बदलता भारत मेरा अनुभव' अभियान के विजेताओं की घोषणा

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अभियान के अंतर्गत आयोजित चार रचनात्मक चुनौतियों के विजेताओं की घोषणा की।
- **उद्देश्य:** नागरिक अनुभवों के माध्यम से बदलते भारत की कहानियों को सामने लाना ।

| प्रतियोगिता श्रेणी | प्रथम पुरस्कार विजेता |
|---|---|
| इंस्टाग्राम रील प्रतियोगिता | इंद्रजीत सुबोध मशांकर |
| यूट्यूब शॉर्ट्स चैलेंज | मंथन रोहित |
| लघु एवी (ऑडियो-विजुअल) चैलेंज | सुशोवन मन्ना |
| ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता | कृष्णा गुप्ता |

### सुखात्मे राष्ट्रीय पुरस्कार 2026

- **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** द्वारा सुखात्मे राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के लिये आवेदन आमन्त्रित किए गए।
- **उद्देश्य:** आधिकारिक सांख्यिकी प्रणाली में सुधार करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों और व्यक्तियों द्वारा दिए गए विशिष्ट योगदान को मान्यता देना।
- **शुरुआत :** वर्ष 2000 से (द्विवार्षिक)
- **पात्रता :** 45 वर्ष से अधिक आयु के प्रख्यात भारतीय सांख्यिकीविदों को आजीवन योगदान और उपलब्धियों के लिए।
- **वितरण :** सांख्यिकी दिवस (29 जून, 2026)पर।

### 14वाँ फिक्की रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स पुरस्कार 2025

- **आयोजन :** रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग (DCPC) ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के सहयोग से फेडरेशन हाउस, नई दिल्ली में।
- कार्यक्रम में, रसायन और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में **52 पुरस्कार विजेताओं** को सम्मानित किया गया।

### PHDCCI राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता (NYCC) 2025-26

- **आयोजन :** ग्रैंड फिनाले इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (IHM), पूसा, **नई दिल्ली में पहली बार** आयोजित।
- **आयोजक:** पीएचडीसीसीआई (PHD Chamber of Commerce and Industry) द्वारा पर्यटन मंत्रालय, इंडियन फेडरेशन ऑफ कलिनरी एसोसिएशंस (IFCA) और टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल (THSC) के सहयोग से।
- **विजेता :** सिम्बायोसिस स्कूल ऑफ कलिनरी आर्ट्स एंड न्यूट्रिशनल साइंसेज, पुणे ।
- **उपविजेता :** महाराष्ट्र स्टेट इन्स्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट एण्ड केटरिंग टेक्नॉलॉजी (MSIHMCT), पुणे महाराष्ट्र, और IHM पूसा, नई दिल्ली क्रमशः **प्रथम और द्वितीय उपविजेता** रहे।
- **सर्वश्रेष्ठ भाजा व्यंजन का पुरस्कार :** शेफ्स किचन इंस्टीट्यूट ऑफ कलिनरी आर्टस एंड होटल मैनेजमेंट, कोल्हापुर ।

# महत्वपूर्ण समझौते

| महत्वपूर्ण समझौतें (किन–किन के मध्य) | उद्देश्य / विवरण |
|---|---|
| ❖ डाक विभाग, संचार मंत्रालय + स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया **(SIDBI)** | • उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (UAP) पर रजिस्टर्ड अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (IME) का कॉन्टैक्ट पॉइंट वेरिफिकेशन (CPV) करना । |
| ❖ जनजातीय कार्य मंत्रालय + **ONGC** | • कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के बुनियादी ढाँचे का विकास और क्षमता निर्माण करना। |
| ❖ स्टार्टअप एक्सेलेरेटर पहल वेवएक्स **(WaveX)** , सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय + फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर **(FITT), IIT** दिल्ली | • मीडिया, मनोरंजन, प्रसारण और संचार प्रौद्योगिकियों में नवाचार, इनक्यूबेशन और उद्यमिता को मजबूत करना। |
| ❖ डाक विभाग और ग्रामीण विकास मंत्रालय | • स्वयं सहायता समूहों (SHG) और ग्रामीण परिवारों के लिए वित्तीय, डिजिटल और लॉजिस्टिक्स सेवाओं का विस्तार करना और ग्रामीण बदलाव को गति प्रदान करना। |
| ❖ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग **(DA&FW)** और डाक विभाग **(DoP)** | • नामित प्रयोगशालाओं तक कीटनाशक, बीज और उर्वरक के नमूनों के परिवहन के लिए एक राष्ट्रव्यापी लॉजिस्टिक्स तंत्र स्थापित करना। |
| ❖ कोयला मंत्रालय + दामोदर घाटी निगम | • तीन वाणिज्यिक कोयला खंडों – धुलिया नॉर्थ, मंदाकिनी बी और पीरपैंती बरहट में कोयला खान के विकास और उत्पादन हेतु। |
| ❖ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण +कोंकण रेलवे (रेल मंत्रालय) | • एकीकृत अवसंरचना विकास को मजबूत करने के लिए रिसोर्स ऑप्टिमाइजेशन और आपसी लाभ के अवसरों की तलाश के लिए सहयोग हेतु फ्रेमवर्क बनाना।<br>• प्रभावी कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए संयुक्त कार्य समूह (JWG) का गठन किया जाएगा। |
| ❖ डिजिटल इंडिया भाषिणी विभाग + भारतीय सर्वेक्षण विभाग | • आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वाक् और भाषा प्रौद्योगिकी के उपयोग से भौगोलिक स्थानों के नामों का डिजिटलीकरण, लिप्यांतरण और मानकीकरण हेतु सहयोग स्थापित करना। |
| ❖ कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय **(MSDE)** + विश्व आर्थिक मंच **(WEF)** | • भारत के कौशल और तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सहयोग स्थापित करना । |
| ❖ संचार मंत्रालय + स्टॉक होल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड **(SSL)** | • संगठित और नियमित पूंजी बाजारों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए इंडिया पोस्ट की पहुँच और विश्वसनीयता का लाभ उठाना । |
| ❖ ब्राजीलियाई एयरोस्पेस निर्माता एम्ब्रेयर +अदाणी समूह | • भारत के क्षेत्रीय परिवहन विमान इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए। |
| ❖ आयुष निर्यात संवर्धन परिषद्, आयुष मंत्रालय + जेप्टो लिमिटेड | • सत्यापित ऑनलाइन चैनलों के जरिए प्रामाणिक आयुष औषधियों और वेलनेस उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक सुव्यवस्थित डिजिटल ढाँचा विकसित करना। |
| ❖ डिजिटल इंडिया भाषिनी विभाग + राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण | • आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्मों पर **बहुभाषी अनुवाद सेवाओं और एआई–संचालित भाषा समर्थन** को सक्षम बनाना। |

# पर्यावरण

## भारत के नए रामसर स्थल

- उत्तर प्रदेश के **पटना पक्षी अभयारण्य** और गुजरात के **छारी-ढांड** को रामसर सूची में शामिल किया गया है।
- भारत में रामसर सूची में शामिल आर्द्रभूमियों की संख्या **98** हो गई है।

### पटना पक्षी अभयारण्य (एटा, उत्तर प्रदेश)

- यह उत्तर प्रदेश का **सबसे छोटा पक्षी अभयारण्य** है।
- अभयारण्य में मीठे पानी के दलदल, वुडलैंड और घास के मैदान शामिल हैं
- इसे बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्वपूर्ण पक्षी और जैव विविधता क्षेत्र (IBA) नामित किया गया है।
- इस अभयारण्य में 178 पक्षी प्रजातियां और 252 पौधों की प्रजातियां पाई जाती है।
- **प्रमुख प्रजातियाँ:** रोजी पेलिकन, यूरेशियन स्पूनबिल , नॉर्दर्न पिनटेल।

### छारी-ढांड आर्द्रभूमि ( कच्छ, गुजरात)

- यह शुष्क बन्नी घास के मैदानों और कच्छ के रण के बीच स्थित एक मौसमी खारी आर्द्रभूमि है।
- **नाम का अर्थ:** कच्छी भाषा में छारी का अर्थ - **खारा** और ढांड का अर्थ - **उथली झील**।
- **प्रमुख प्रजातियाँ:** डेलमेटियन पेलिकन, ओरिएंटल डार्टर, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क और इंडियन स्किमर।

## मिशन मौसम

- **उद्देश्य:** चरम मौसम की घटनाओं जैसे चक्रवात, भारी बारिश और लू के लिए अधिक सटीक पूर्वानुमान प्रदान करना है।
- यह मिशन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक अग्रणी पहल है।
- **कार्यान्वयन :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM-पुणे) और मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के लिए राष्ट्रीय केंद्र (NCMRWF-नोएडा) द्वारा।
- इस मिशन के अंतर्गत अगली पीढ़ी के रडार, उपग्रहों और उन्नत कंप्यूटर प्रणालियों का नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है।

## प्रोजेक्ट डॉल्फिन का द्वितीय सर्वेक्षण

- नदी और मुहाना क्षेत्रों में डॉल्फिन के व्यापक आकलन का दूसरा अभियान **उत्तर प्रदेश के बिजनौर** से शुरू हुआ।
- **सर्वेक्षण का दायरा :** प्रोजेक्ट डॉल्फिन के तहत गंगा मुख्य भाग, सिंधु क्षेत्र, ब्रह्मपुत्र, सहायक नदियाँ, सुंदरबन और ओडिशा शामिल।
- गंगा, सिंधु और इरावदी डॉल्फिन के आवास, खतरे व संरक्षण प्राथमिकताओं का मूल्यांकन किया जाएगा।
- **कार्यान्वयन एवं तकनीक सहयोग :** भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) के नेतृत्व में राज्य वन विभाग, WWF इंडिया और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा ।

# पोर्टल/एप

## 'लैंड स्टैक' (भूमि-प्रणाली) पोर्टल का शुभारंभ

- ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 31 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली में 'लैंड स्टैक' और **'राजस्व शर्तों की शब्दावली' (GoRT)** का शुभारंभ किया।
- इनका शुभारंभ **डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम** के अंतर्गत किया गया।

### 'लैंड स्टैक' (भूमि-प्रणाली)

- **शुभारंभ :** चंडीगढ़ और तमिलनाडु के चिह्नित स्थानों पर ।
- जीआईएस (GIS)-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म नागरिकों और सरकारी एजेंसियों दोनों के लिए भूमि और संपत्ति अभिलेखों संबंधी जानकारी तक एकल पहुँच प्रदान करता है।
- लैंड स्टैक सिंगापुर, ब्रिटेन और फिनलैंड जैसे देशों के अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरित है।
- लैंड स्टैक पोर्टल भूमि संबंधी जानकारी तक एकीकृत पहुँच के माध्यम से नागरिकों को सोच-समझकर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

Springboard Academy

## पंखुड़ी (PANKHUDI) पोर्टल का शुभारंभ

- **लॉन्च :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा।
- **उद्देश्य:** महिला एवं बाल विकास पहलों में समन्वय, पारदर्शिता और हितधारकों की सुनियोजित भागीदारी को सुदृढ़ करना।
- एकीकृत, सिंगल विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित पोर्टल महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों, अनिवासी भारतीयों (NRI), गैर-सरकारी संगठनों (NGO), कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) योगदानकर्ताओं, कॉर्पोरेट संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों को एक साथ लाकर साझेदारी सुविधा प्रदान करता है।

## पंचायत सहायता एवं संदेश चैटबॉट 'पंचम' (PANCHAM)

- **लॉन्च :** 25 जनवरी, 2026 को पंचायती राज मंत्रालय ।
- इस डिजिटल पहल को यूनिसेफ **(UNICEF)** के सहयोग से विकसित किया गया तथा यह **'भाषिनी'** (BHASHINI) के साथ एकीकृत है।
- पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सुविधा के लिए इसका इंटरफेस व्हाट्सएप (WhatsApp) के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।
- यह **ई-ग्राम स्वराज (e-GramSwaraj)** से जुड़ा है और महत्वपूर्ण योजनाओं, गाइडलाइन्स और प्रक्रियाओं के बारे में सटीक जानकारी प्रदान करता है।
- यह भारत सरकार और पंचायतों के बीच पहली बार सीधा और दोतरफा डिजिटल संपर्क स्थापित करता है।
- नागरिक एक QR-कोड के माध्यम से पंचम तक पहुँच सकते हैं और ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध सरकारी सेवाओं की जानकारी ले सकते हैं।

## ई-पोर्ट क्लियरेंस पोर्टल का शुभारंभ

- **लॉन्च :** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा।
- पोर्टल के माध्यम से पत्तन मंजूरी प्रमाण पत्र (अग्रिम मंजूरी सहित) ऑनलाइन प्रस्तुत और जारी किए जा सकेंगे।
- **उद्देश्य:** पूरी प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करना, पारदर्शिता बढ़ाना और पूरे भारत में समुद्री संचालन के लिए पूर्वानुमान क्षमता में सुधार लाना।

## सम्पन्न पेंशन पोर्टल

- सम्पन्न पेंशन पोर्टल को उमंग पोर्टल और डिजिलॉकर के साथ एकीकृत किया गया।
- **उद्देश्य :** पेंशनभोगियों के लिए सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना।
  - एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेंशन संबंधी जानकारी की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करना ।
- **संपन्न पोर्टल (सिस्टम फॉर एकाउंटिंग एंड मैनेजमेंट ऑफ पेंशन):** पेंशन प्रशासन और संबद्ध वित्तीय प्रबंधन कार्यों के लिए संचार लेखा महानियंत्रक कार्यालय द्वारा विकसित और संचालित किया जाता है।
  - संपन्न ने पेंशन प्रक्रिया के संपूर्ण चक्र (मामलों की शुरुआत और प्रक्रिया से लेकर ई-पेंशन भुगतान आदेश जारी करने, वितरण, लेखांकन, मिलान, वित्तीय रिपोर्टिंग, लेखापरीक्षा में सहायता और शिकायत निवारण तक) को डिजिटल किया है।

**उमंग**

- एक एकल एकीकृत मंच (मोबाइल ऐप + वेब पोर्टल) है, जिसके माध्यम से केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों द्वारा दी जाने वाली सरकारी सेवाओं को कभी भी और कहीं भी एक्सेस किया जा सकता है।

**डिजिलॉकर**

- **डिजिटल इंडिया पहल** के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा समर्थित एक सुरक्षित **क्लाउड प्लेटफॉर्म** है ।
- इसके माध्यम से नागरिक लाइसेंस, वाहन पंजीकरण और शैक्षिक प्रमाण पत्र जैसे प्रामाणिक डिजिटल दस्तावेजों को संग्रहीत, एक्सेस और साझा कर सकते हैं।
- यह एक **डिजिटल वॉलेट** के रूप में कार्य करता है, जिससे वास्तविक कागजी कार्रवाई की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और बैंकिंग, रोजगार तथा शिक्षा जैसी सेवाओं के लिए सरल सत्यापन की सुविधा मिलती है।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन द्वारा अनावरण किये गये भारत सरकार के कैलेंडर 2026 का विषय है- **भारत@2026: सेवा, सुशासन और समृद्धि**
- हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) द्वारा विशाख रिफाइनरी में अवशेष उन्नयन सुविधा की शुरुआत की है यह रिफाइनरी किस राज्य में स्थित है ?
**आंध्र प्रदेश**
- राष्ट्रीय खनिज चिंतन शिविर 2026 कहाँ आयोजित हुआ?
**गांधी नगर, गुजरात**
- 70वाँ अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 से कितने अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया ?
**100 अधिकारियों को**
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन बेरी की अध्यक्षता में 8- 9 जनवरी, 2026 को 'सस्टेनिंग इनोवेशन: एम्बेडिंग आरएंडडी इन स्टेट इंस्टीट्यूशंस' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कहाँ किया गया?
**कोयंबटूर , तमिलनाडु**
- गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में दुर्लभ पक्षी प्रजातियों के संरक्षण हेतु **भारतीय स्किमर संरक्षण परियोजना** की शुरुआत किस संस्था द्वारा की गई? **बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (BNHS)**
- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य पहुँच को मजबूत बनाने के लिए आदिवासी इलाकों के वैद्यों का पहला राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम कहाँ आयोजित हुआ ? **हैदराबाद, तेलंगाना**
- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्य पालन विभाग ने केंद्रीय मत्स्य पालन सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मत्स्य पालन सचिव सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ? **नई दिल्ली में**
- फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' संस्थान (भारत) द्वारा प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' (Great Place to Work) प्रमाणन लगातार तीसरी बार किस कंपनी को प्रदान किया गया ?
**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)**
- हाल ही में किस राज्य ने पेसा अधिनियम - 1996 को लागू करने के लिये नियम अधिसूचित किए हैं ?
**झारखण्ड**
- केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने IITM ग्लोबल रिसर्च फाउडेशन' को कहाँ लॉन्च किया?
**IIT, मद्रास**
- हाल ही में किस राज्य द्वारा भारत की पहली डीपटेक स्टार्टअप पॉलिसी लॉन्च की गई?
**तमिलनाडु**
- हाल ही में भारत का कौनसा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहला वॉटर पॉजिटिव एयरपोर्ट बना है?
**इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली**
- हाल ही में अटल कैंटीन योजना की शुरूआत किस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश द्वारा की गई है?
**नई दिल्ली**
- देश के सबसे लंबे ग्लास स्काई वॉक ब्रिज के संचालन की शुरूआत कहाँ की गई?
**विशाखापट्टनम, आंध्रप्रदेश**

# आर्थिक–समसामयिकी

## योजना

### जिला-आधारित वस्त्र परिवर्तन (DLTT) योजना

- **घोषणा :** राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान।
- **उद्देश्य :** वस्त्र उद्योग में समावेशी और सतत् विकास को गति प्रदान करना।
- **आधार :** सभी जिलों का विश्लेषण **तीन मानदण्डों** के आधार पर डेटा-संचालित स्कोरिंग पद्धति से किया गया।
  1. निर्यात प्रदर्शन, 2. MSME पारिस्थितिकी तंत्र, 3. कार्यबल की उपस्थिति
  - इन जिलों को द्विस्तरीय रणनीति के तहत **चैम्पियन जिलों और आकांक्षी जिलों** में वर्गीकृत किया गया है।
- **मुख्य लक्ष्य :**
  - **100 उच्च** वस्त्र उत्पादन क्षमता वाले जिलों को क्षेत्र-विशिष्ट और जिला-स्तरीय दृष्टिकोण अपनाकर **'वैश्विक निर्यात चैम्पियन'** में बदलना।
  - **100 आकांक्षी** जिलों को **'आत्मनिर्भर केंद्रों'** के रूप में विकसित करना ।

**A. चैंपियन जिले :** चैम्पियन जिले उन्नत बाधाओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।
  - मेगा कॉमन फैसिलिटी सेंटर्स (CFC) में उन्नयन, इंडस्ट्री 4.0 का एकीकरण और प्रत्यक्ष निर्यात बाजार संपर्क को सुगम बनाना।

**B. आकांक्षी जिले :** उद्देश्य कार्यबल की **बुनियादी संरचना और औपचारिकीकरण** के लिए जमीनी स्तर से समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना।
  - इसमें बुनियादी कौशल विकास और प्रमाणन, कच्चे माल के बैंक स्थापित करना और स्वयं सहायता समूहों (SHG) तथा सहकारी समितियों के माध्यम से सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देना शामिल है।

- **पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्रों पर विशेष ध्यान :** इन क्षेत्रों को जनजातीय पट्टी के विकास, कनेक्टिविटी में सुधार और **भौगोलिक संकेतक (जीआई)** टैगिंग के लिए प्राथमिकता दी गई है।

### अटल पेंशन योजना (APY)

- **चर्चा में क्यों?** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **केंद्रीय क्षेत्र** की अटल पेंशन योजना को **वर्ष 2030-31** जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की है।
- **उद्देश्य:** निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करना।
  - भारत को पेंशन-आधारित समाज में परिवर्तित करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना।
- **पात्रता:** 18 से 40 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक तथा जो आयकर नहीं देता हो।
- **प्रावधान :**
  - योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के बाद रु.1,000 से रु. 5,000 तक की न्यूनतम गारंटीशुदा मासिक पेंशन प्रदान की जाती है।
  - पेंशन राशि ग्राहक के अंशदान पर निर्भर करती है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PM-GSY)

- **चर्चा में क्यों? :** सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के **चौथे चरण** के अंतर्गत **जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़,**

Springboard ACADEMY

**उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम** के लिए **10 हजार किलोमीटर** से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

- **शुरुआत:** 25 दिसम्बर, 2000 से ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित **केन्द्र प्रायोजित योजना**।
- **चरण-I (2000):** ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र संपर्करहित बस्तियों को बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करना ।
- **चरण-II (2013):** मौजूदा ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत करना।
  - इस चरण में उन चुनिंदा ग्रामीण सड़कों के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी, जो आर्थिक गतिविधियों में मददगार थी और ग्रामीण बाजारों और विकास केंद्रों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाती थी।
- **चरण-III (2019):** प्रमुख ग्रामीण संपर्कों को मजबूत करना, खेत से बाजार तक मजबूत संपर्क बनाना।
  - **ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों** के साथ एकीकरण सुनिश्चित करना।

### PMGSY-IV (2024)

- **प्रारम्भ :** सितंबर, 2024 से **अवधि :** वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29
- **उद्देश्य :** सम्पर्क रहित बस्तियों को **62,500 किलोमीटर** लंबी, हर मौसम में उपयोग योग्य सड़कों से जोड़ना।
  - इसमें सड़कों के साथ-साथ आवश्यक पुलों का निर्माण तथा आधुनिकीकरण भी किया जाएगा।
  - यह योजना गरीबी कम करने की रणनीति का हिस्सा है।
- **कुल परिव्यय :** 70,125 करोड़ रुपये (केन्द्र: राज्य = 49,087.50 Cr. : 21,037.50 Cr.)
- **क्षेत्र : (1) 25,000 संपर्करहित बस्तियों** को बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करना ।
  - **आधार :** 2011 की जनगणना -
    - मैदानी क्षेत्रों में 500 + जनसंख्या
    - पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 250+ जनसंख्या
  - विशेष श्रेणी के क्षेत्र, जिनमें जनजातीय (अनुसूची V) क्षेत्र, आकांक्षी जिले/ब्लॉक और रेगिस्तानी क्षेत्र शामिल हैं।

  **(2) वाम उग्रवाद** से प्रभावित जिलों में 100 से अधिक आबादी वाली बस्तियों को कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी।

### MSME निर्यातक हेतु EPM पहलों की शुरुआत

- निर्यात संवर्धन मिशन (EPM) के प्रारंभिक चरण में **निर्यात प्रोत्साहन उप-योजना** के अंतर्गत **दो पायलट पहलें** शुरू की गई।

| निर्यात ऋण पर ब्याज सब्सिडी (पूर्व और पश्चात) | निर्यात ऋण हेतु आनुषंगिक गारंटी सहायता |
|---|---|
| • **उद्देश्य** : निर्यात ऋणों की लागत कम करना और कार्यशील पूंजी बाधाओं को दूर करना। | • **उद्देश्य** : MSME निर्यातकों के समक्ष गारंटीकृत बाधाओं को समाप्त करना, बैंक वित्त तक पहुँच बढ़ाना। |
| विशेषताएँ<br>• **दर** : 2.75% (आधार दर) ब्याज सब्सिडी।<br>• **पात्रता** : ब्याज सब्सिडी केवल सुसंगत प्रणाली के छह अंकों के स्तर पर अधिसूचित सकारात्मक टैरिफ लाइनों की सूची में शामिल निर्यातों पर ही लागू होगी।<br>• **वार्षिक सीमा** : वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्यातक-वार 50 लाख रुपये की अधिकतम सहायता ले सकता है। | विशेषताएँ<br>• सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (CGTMSE) के साथ साझेदारी में शुरू।<br>**गारंटी कवरेज :**<br>• सूक्ष्म एवं लघु निर्यातकों – 85% तक।<br>• मध्यम निर्यातकों – 65% तक ।<br>• सीमा : प्रति निर्यातक प्रति वित्तीय वर्ष ₹10 करोड़ की गारंटीकृत राशि । |

## बाजार पहुँच सहायता (MAS) पहल का शुभारंभ

- **शुरुआत :** EPM की **निर्यात दिशा उप-योजना** के तहत्।
- **उद्देश्य :** संरचित और परिणामोन्मुखी बाजार पहुँच उपायों के माध्यम से खरीददारों से बेहतर संपर्क स्थापित करना तथा वैश्विक बाजारों में भारत की उपस्थिति मजबूत करना।
- **सहायता गतिविधियाँ एवं प्रावधान-**
  - बाजार पहुँच सहायता के अंतर्गत क्रेता-विक्रेता बैठकों (BSM), अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी, भारत में **मेगा रिवर्स क्रेता-विक्रेता बैठकों** (RBSM) और प्राथमिकता वाले/उभरते बाजारों में व्यापार प्रतिनिधिमंडलों के लिए संरचित वित्तीय एवं संस्थागत सहायता प्रदान की जाएगी।
  - प्रमुख बाजार पहुँच कार्यक्रमों का तीन से पाँच साल का दूरदर्शी कैलेंडर पहले से तैयार किया जाएगा जिससे निर्यातकों को भागीदारी की योजना बनाने में मदद मिलेगी।
  - समर्थित कार्यक्रमों में **कम से कम 35% MSMEs** की भागीदारी अनिवार्य है।
  - निर्यात विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए नए भौगोलिक क्षेत्रों और छोटे बाजारों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

### निर्यात संवर्धन मिशन (EPM)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 नवम्बर, 2025 को मंजूरी दी।
- **घोषणा :** केंद्रीय बजट 2025-26
- **क्रियान्वयन अवधि :** 2025-26 से 2030-31 तक
- **कुल परिव्यय :** 25,060 करोड़ रुपये
- **कार्यान्वयन :** विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)
- **इसके अंतर्गत दो उप-योजनाएँ-** निर्यात प्रोत्साहन, निर्यात दिशा

## व्हाइट गुड्स के लिए PLI योजना

- सरकार ने व्हाइट गुड्स यानी वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, डिश-वॉशर और एयर कंडीशनर जैसे घरेलू उपकरणों के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना के चौथे चरण में पाँच कंपनियों का चयन किया है। इन कंपनियों ने 863 करोड़ रुपये निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार ये कंपनियां एयर कंडीशनर के पुर्जों का निर्माण करती हैं।
- अब तक पीएलआई योजना के अंतर्गत कुल 85 कंपनियों का चयन किया जा चुका है।

### व्हाइट गुड्स के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रैल, 2021 कुल 6,238 करोड़ रु परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी थी।
- **क्रियान्वयन अवधि:** वित्त वर्ष **2021-22** से वित्त वर्ष **2028-29** तक
- **नोडल एजेंसी:** वाणिज्य मंत्रालय(उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग)।
- **उद्देश्य :** एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट उद्योग के लिए एक मजबूत घरेलू घटक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के अभिन्न अंग के रूप में स्थापित करना ।
- **प्रोत्साहन दर:** कंपनियों को आधार वर्ष और एक वर्ष की प्रारंभिक अवधि के बाद **पाँच वर्षों की अवधि** के लिए बिक्री में वृद्धि पर घटते आधार पर **6% से 4% तक** प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

## ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ’ (BBBP) योजना के 11 वर्ष पूरे हुए

- इस फ्लैगशिप योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी, **2015 को हरियाणा के पानीपत** से की गई थी।
- **प्राथमिक लक्ष्य:** लिंग-पक्षपाती लिंग चयन को रोकना और बालिकाओं के अस्तित्व व सुरक्षा को सुनिश्चित करना।
- **कवरेज :** कम लिंगानुपात वाले 100 जिलों से शुरू, वर्तमान में **देश के सभी जिलों** को कवर करती है।
- **क्रियान्वयन :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा मिलकर ।

## सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) के 11 वर्ष पूरे

- 22 जनवरी, 2015 को ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ’ अभियान के तहत शुरू की गई थी।
- यह भारत सरकार द्वारा अधिसूचित एक **लघु बचत योजना** है, जिस पर वर्तमान में 8.2% की ब्याज दर मिलती है।
- **उद्देश्य:** बालिकाओं की शिक्षा और विवाह के खर्चों को पूरा करना तथा उनका आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना।
- **विशेषताएँ**
  - **पात्रता:** जन्म से लेकर 10 वर्ष से कम उम्र की बालिका ।
  - एक बालिका के लिए केवल एक सुकन्या समृद्धि खाता खोला जा सकता है।
  - एक परिवार अधिकतम दो बालिकाओं के लिए खाते खोल सकता है ।
  - **जमा:** प्रत्येक वित्तीय वर्ष में **न्यूनतम 250 रुपये से अधिकतम 1,50,000 रुपये** तक ।
  - **जमा अवधि :** खाता खोलने की तारीख से अधिकतम 15 वर्षों तक।
  - **प्रबंधन :** बालिका के 18 वर्ष का होने तक खाते का प्रबंधन अभिभावक द्वारा किया जाता है।
  - **परिपक्व अवधि :** बालिका की उम्र 21 वर्ष होने पर।
  - **निकासी:** बालिका के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने या दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर, शैक्षिक उद्देश्यों के लिए शेष राशि का 50% तक निकाला जा सकता है।

## ‘वूमनिया’ पहल

- **शुरुआत :** 14 जनवरी, 2019 को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) द्वारा की गई थी।
- **मुख्य उद्देश्य:** सार्वजनिक खरीद में महिला नेतृत्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSE's) & स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को सशक्त बनाना ।
- **GeM का विमेन्स कलेक्टिव फोरम (WCF) के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) :** महिला उद्यमियों को ऑनबोर्डिंग, प्रशिक्षण, दस्तावेजीकरण और अनुपालन में सहायता प्रदान करने के लिए।
- **सात साल की उपलब्धियाँ**
  - **पंजीकरण :** वर्तमान में GeM पोर्टल पर 2 लाख से अधिक महिला नेतृत्व वाले MSE's पंजीकृत हैं।
  - **आर्थिक प्रभाव:** इन्होंने रु. 80,000 करोड़ से अधिक के सार्वजनिक खरीद आदेश हासिल किए हैं।
  - **लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन:** यह पहल GeM के कुल ऑर्डर मूल्य का 4.7% हिस्सा कवर करती है, जो महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों के लिए निर्धारित 3% के अनिवार्य सरकारी लक्ष्य से अधिक है।

## ‘अन्न चक्र’ पहल

- खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (DFPD) की ‘अन्न चक्र’ पहल को INFORMS (द इस्टीटयूट ऑफ ऑपरेशंस रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट साइंसेज) ने फ्रांज एडेलमैन पुरस्कार -2026 के 6 फाइनलिस्टों में चुना ।

- फ्रांज एडेलमैन पुरस्कार को व्यापक रूप से ऑपरेशंस रिसर्च और एनालिटिक्स का **'नोबेल पुरस्कार'** माना जाता है।
- **'अन्न चक्र' पहल:** एक ऑपरेशंस रिसर्च (O.R.) आधारित समाधान है, जो राज्य-विशिष्ट लॉजिस्टिक्स को अनुकूलित करके भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करता है।
- **विकास:** DFPD द्वारा (संयुक्त राष्ट्र के **विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)** और **IIT दिल्ली** के सहयोग से)।
- **लॉन्च:** दिसंबर, 2024 में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा।
- यह पहल खाद्यान्नों के परिवहन के लिये श्रेष्ठ मार्गों की पहचान करने के लिये उन्नत एल्गोरिदम का उपयोग करती है।

### पीएम विश्वकर्मा हाट 2026

- **उद्घाटन:** नई दिल्ली में, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने ।
- **आयोजन :** 18 से 31 जनवरी 2026 तक
- **उद्देश्य:** भारत की समृद्ध पारंपरिक शिल्पकला विरासत का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित करना।
  - पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगरों / लाभार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनका विपणन करने के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करना।

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना**

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कारीगरों व शिल्पकारों को सशक्त बनाने हेतु व्यापक लाभ प्रदान करती है। यह योजना पारंपरिक कौशलों को संरक्षित कर आधुनिक अवसर सृजित करने पर केंद्रित है।
- **प्रमुख विशेषताएँ**
  - **पहचान पत्र व प्रमाण पत्र:** पीएम विश्वकर्मा कार्ड जारी।
  - **कौशल प्रशिक्षण:** प्रतिदिन रु. 500 भत्ता सहित 5-7 दिनों का प्रशिक्षण।
  - **टूलकिट प्रोत्साहन:** अधिकतम रु. 15,000 की टूलकिट वित्तीय सहायता।
  - **ऋण सुविधा:** पहली किस्त में रु. 1 लाख, दूसरी में रु. 2 लाख (कुल रु. 3 लाख तक) बिना जमानत ऋण।
  - **डिजिटल प्रोत्साहन:** डिजिटल लेन-देन पर नकद पुरस्कार।
  - **ब्याज सब्सिडी:** ऋण पर 5 वर्ष तक 5% ब्याज सहायता।
  - **विपणन समर्थन :** उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग, QR कोड मार्किंग, ई-मार्केटप्लेस से जुड़ाव, ऑनलाइन बिक्री सक्षमता, प्रदर्शनियों से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँच सुनिश्चित करना।

# सूचकांक/रिपोर्ट

### निर्यात तैयारी सूचकांक (EPI) 4.0 - 2024

- **जारी :** नीति आयोग द्वारा।
- **आधार: 4 मुख्य स्तंभों** पर आधारित है, जिन्हें **13 उप-स्तंभों** और **70 संकेतकों** में विभाजित किया गया है।
- **स्तंभ और उनका भारांश**
  - निर्यात अवसंरचना: 20%
  - व्यापार तंत्र : 40%
  - नीति और शासन: 20%
  - निर्यात प्रदर्शन: 20%
- वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निर्यात (वस्तुएँ एवं सेवाएँ) **65 लाख करोड़** रु. के रिकॉर्ड स्तर तक पहुँचा ।
- वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी **बढ़कर 1.8%** हो गई, जो पिछले वर्ष 1.7% थी ।

- सेवा निर्यात में वृद्धि ने कुल निर्यात प्रदर्शन को गति प्रदान की ।
- राज्यों को **दो मुख्य श्रेणियों** में वर्गीकृत किया गया है।

  1. बड़े राज्य 2. छोटे राज्य, पूर्वोत्तर राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश
- प्रत्येक श्रेणी को अग्रणी (लीडर), चैलेंजर, आकांक्षी ( Aspirers)राज्यों में वर्गीकृत किया गया है।

| श्रेणी | विवरण |
|---|---|
| लीडर (Leader) | उच्च प्रदर्शन वाले राज्य जो निर्यात में अग्रणी हैं और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। |
| चैलेंजर (Challenger) | मध्यम प्रदर्शन वाले राज्य जो सुधारों के माध्यम से लीडर बनने की क्षमता रखते हैं। |
| आकांक्षी (Aspirer) | उभरते राज्य जो बुनियादी सुधारों और क्षमता निर्माण के जरिए प्रगति कर सकते हैं। |

| स्थान | बड़े राज्यों(स्कोर) | छोटे राज्य, पूर्वोतर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (स्कोर) |
|---|---|---|
| शीर्ष | 1. महाराष्ट्र (68.01)<br>2. तमिलनाडु (64.41)<br>3. गुजरात (64.02)<br>4. उत्तर प्रदेश<br>5. आंध्र प्रदेश | 1. उत्तराखंड (52.07)<br>2. जम्मू–कश्मीर (51.08)<br>3. नागालैंड(46.42)<br>4. दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव<br>5. गोवा |
| अन्तिम | 17. झारखंड | 19. लक्षद्वीप |

- **राजस्थान (स्कोर - 47.31) की रैंकिंग:** समग्र राज्यों में - **17 वीं,** बड़े राज्यों में - **15वीं (आकांक्षी श्रेणी)**
- **समग्र राज्यों में अन्तिम स्थान - लक्षद्वीप** का है जबकि शीर्ष राज्यों की रैंकिंग बड़े राज्यों की रैंकिंग के समान है।

## नीति आयोग द्वारा जारी प्रमुख रिपोर्ट

**1. सीमेंट क्षेत्र के लिए डिकार्बोनाइजेशन रोडमैप**

a. सीमेंट उत्पादन 2023 में 391 मिलियन टन से बढ़कर **2070 तक 7 गुना वृद्धि (लगभग 2100 मिलियन टन)** होने की संभावना है।

b. कार्बन उत्सर्जन कम करने की रणनीति के अंतर्गत सीमेंट क्षेत्र को 2070 तक अपनी कार्बन तीव्रता को 0.63 $tCO_2e$ प्रति टन सीमेंट से घटाकर लगभग 0.09-0.13 $tCO_2e$ प्रति टन करना होगा।

c. इस क्षेत्र में **गहन डीकार्बोनाइजेशन** करने के लिए रिफ्यूज-डेराइव्ड फ्यूल्स के उपयोग को प्राथमिकता देने, क्लिंकर प्रतिस्थापन, कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन और स्टोरेज के विस्तार, तथा कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन का प्रस्ताव किया गया है।

**2. एल्युमीनियम क्षेत्र के लिए डिकार्बोनाइजेशन रोडमैप**

a. एल्युमीनियम उत्पादन 2023 में 4 मिलियन टन से बढ़कर **2070 तक 37 मिलियन टन** होने का अनुमान है।

b. डीकार्बोनाइजेशन रोडमैप में **तीन चरणबद्ध समाधानों** की पहचान की गई है-

   i. **अल्पावधि** में चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा बिजली की ओर संक्रमण और ग्रिड कनेक्टिविटी में सुधार।

   ii. **मध्यम अवधि** में परमाणु ऊर्जा को अपनाना।

   iii. **दीर्घकालिक** में सीसीयूएस का एकीकरण।

**3. एमएसएमई क्षेत्र में हरित परिवर्तन के लिए रोडमैप (Roadmap for Green Transition of MSMEs)**

a. भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSMEs) राष्ट्रीय GDP में लगभग 30% का योगदान देते हैं, 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं और निर्यात में लगभग 46% का योगदान करते हैं।

b. एमएसएमई के हरित परिवर्तन के लिए **रोडमैप तीन प्रमुख कारकों** पर केंद्रित है-

   i. ऊर्जा-कुशल उपकरणों की तैनाती। ii. वैकल्पिक ईंधनों को अपनाना।

   iii. हरित बिजली का एकीकरण।

4. **'योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से MSME's क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करना' पर रिपोर्ट**

a. रिपोर्ट में भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME's) के लिए सरकारी सहायता की प्रभावशीलता को मजबूत करने हेतु एक रणनीतिक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

b. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME's) वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों को कवर करने वाली 18 योजनाओं का संचालन करता है।

c. रिपोर्ट इस बात पर बल देती है कि **योजनाओं का प्रभावी समन्वय और युक्तिकरण** लाभार्थियों के लिए पहुंच को आसान बनाकर संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है ।

d. रिपोर्ट में अभिसरण के लिए **दोहरे दृष्टिकोण** की सिफारिश की गई।

i. **सूचना अभिसरण :** केंद्र और राज्य स्तर पर सरकार द्वारा उत्पन्न आँकड़ों को एकीकृत करना।

ii. **प्रक्रिया अभिसरण:** इसमें समान योजनाओं का विलय करना, सामान्य घटकों को संयोजित करना और मंत्रालयों और राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है।

e. **मुख्य सिफारिशें :** MSME के लिए केंद्रीकृत पोर्टल, क्लस्टर विकास योजनाओं का अभिसरण, कौशल विकास कार्यक्रमों का समन्वय, विपणन सहायता विंग, एमएसएमई इनोवेटिव और नवाचार, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने की योजना (ASPIRE)।

f. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) और पीएम विश्वकर्मा जैसे बड़े प्रमुख कार्यक्रमों को उनके व्यापक स्वरूप और रणनीतिक आर्थिक महत्व को देखते हुए स्वतंत्र बनाए रखने की सिफारिश की गई है।

5. भारत में बेकार **इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ई-अपशिष्ट) और लिथियम-आयन बैटरी** की सर्कुलर इकोनॉमी को आगे बढ़ाना।

6. भारत में **एंड-ऑफ-लाइफ वाहनों** (ईएलवी) की सर्कुलर इकोनॉमी को बेहतर बनाना।

7. भारत में **बेकार टायरों** की सर्कुलर इकोनॉमी को बेहतर बनाना।

### राज्य वित्त रिपोर्ट 2023-24

- **जारी :** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)
- 31 मार्च, 2024 तक सभी राज्यों का कुल सार्वजनिक ऋण 67.87 लाख करोड़ था। यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का लगभग 23% है।
- वित्त वर्ष 2023-24 में 18 राज्यों का राजकोषीय घाटा GSDP की निर्धारित सीमा 3% से अधिक दर्ज किया गया।
- 2023-24 तक राज्यों के राजस्व में केन्द्रीय कर हस्तांतरण की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 30% हो गई है। इससे राष्ट्रीय उतार -चढ़ाव के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई है।

## विविध

### भारत की पहली ओपन-सी समुद्री मछली पालन परियोजना

- **शुरुआत:** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने अंडमान सागर के श्री विजयापुरम में ।
- **कार्यान्वयन:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, इसकी तकनीकी शाखा राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT) द्वारा।
- **उद्देश्य :** तटीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करना।
- भारत की ब्लू इकोनॉमी नीति के तहत ओपन-सी एक्वाकल्चर के विस्तार के लिए तकनीकी संभाव्यता स्थापित करना।
- पायलट पहल प्राकृतिक समुद्री परिस्थितियों में समुद्री फिनफिश और समुद्री शैवाल की ओपन-सी खेती पर केंद्रित है।

**फिनफिश फार्मिंग:** पिंजरे आधारित खेती के लिए 'फिनफिश seeds' प्रदान किए गए, जिसे NIOT द्वारा विकसित किया गया है।

**डीप-वाटर समुद्री शैवाल की कृषि:** स्थानीय मछुआरों को बीज (seaweed seeds) प्रदान किए गए ।

## भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)

- **चर्चा में क्यों? :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिडबी के लिए 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता की मंजूरी दी है।
- इक्विटी पूंजी **वित्तीय सेवा विभाग** द्वारा सिडबी में **तीन चरणों में निवेश** की जाएगी
  - वित्तीय वर्ष 2025-26 : 3,000 करोड़ रुपये
  - वित्तीय वर्ष 2026-27 : 1,000 करोड़ रुपये
  - वित्तीय वर्ष 2027-28 : 1,000 करोड़ रुपये

**SIDBI**

- **स्थापना:** 1990 में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 के तहत।
- **मुख्यालय :** लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
- MSME क्षेत्रक को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली मुख्य संस्था है।
- **भूमिका:** MSME के प्रसार, वित्तपोषण और विकास का कार्य करता है।

## भुगतान विनियामक बोर्ड (PRB)

- PRB की प्रथम बैठक **मुम्बई** में **आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता** में आयोजित की गई।
- **गठन :** भुगतान और निपटान प्रणाली (PSS) अधिनियम, 2007 की धारा 3(2) के अंतर्गत।
- पूर्ववर्ती भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड ( BPSS) को प्रतिस्थापित किया ।
- यह भारत में भुगतान और निपटान प्रणाली के विनियमन, पर्यवेक्षण एवं विकास के लिए उत्तरदायी निकाय है।
- **संरचना :** 6 सदस्य
  - **अध्यक्ष**-RBI गवर्नर
  - **RBI के दो प्रतिनिधि** – डिप्टी गवर्नर और भुगतान एवं निपटान प्रणालियों के प्रभारी कार्यकारी निदेशक।
  - **सरकार द्वारा नामित 3 सदस्य** – वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और पूर्व दूरसंचार **सचिव अरुणा सुंदरराजन।**

## कोकिंग कोल

- भारत सरकार ने खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत कोकिंग कोल को एक **महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज** के रूप में अधिसूचित किया है।
- **अनुमानित भंडार :** 37.37 अरब टन
  - झारखंड(मुख्य रूप से), मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़।
- कोकिंग कोयले का आयात 2020-21 में 51.20 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में 57.58 मिलियन टन हो गया है।
- इस्पात क्षेत्र में कोकिंग कोयले की लगभग 95 प्रतिशत आवश्यकता आयात से पूरी होती है।

## भारत का विद्युत पारेषण नेटवर्क 5 लाख ckm से अधिक हुआ

- राष्ट्रीय विद्युत पारेषण नेटवर्क ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जिसमें
  - **पारेषण लाइनें :** 5 लाख सर्किट किलोमीटर (ckm) से अधिक (220 kV और उससे ऊपर)
  - **रूपांतरण क्षमता :** 1,407 जीवीए (220 kV और उससे ऊपर) शामिल है।
- विश्व के सबसे बड़े सिंक्रोनस राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि **14 जनवरी, 2026** को हासिल की जब **राजस्थान** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी के लिए **भड़ला द्वितीय से सीकर द्वितीय सबस्टेशन** तक 765 kV की 628 ckm लंबी ट्रांसमिशन लाइन चालू की गई।
  - इस ट्रांसमिशन लाइन के चालू होने से भड़ला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1100 मेगावाट बिजली की निकासी संभव हो सकेगी।
- अप्रैल 2014 से देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6% की वृद्धि हुई है। [2.09 लाख ckm (220 केवी और उससे ऊपर) पारेषण लाइनों के जुड़ने से]

## सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMFCL)

- SMFCL भारत की पहली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) है जिसने **समुद्री वित्त केंद्रित ऋण परिचालन शुरू** की है।
- **उद्देश्य:** 'अमृत काल विजन 2047' और नीली अर्थव्यवस्था लक्ष्यों के अनुरूप बंदरगाहों, MSMEs, स्टार्टअप्स और संस्थानों को क्षेत्र-विशिष्ट वित्तीय समाधान प्रदान करना ।
- **गठन :** 26 जून, 2025 को केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सरबानंद सोनोवाल द्वारा।
- **नोडल एजेंसी :** समुद्री विकास कोष (25,000 करोड़ रुपये) की।
- कंपनी ने अपनी 51वीं बोर्ड बैठक में लगभग 4,300 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए।

## स्मार्ट और एकीकृत मत्स्य बंदरगाह के विकास को मंजूरी

- **स्थान :** मायाबंदर (अंडमान)
- **लागत :** 200 करोड़
- **उद्देश्य:** द्वीपों की मत्स्य पालन क्षमता को उजागर करना और **2030-31 तक 1 लाख करोड़ रुपये** के समुद्री भोजन निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करना ।
- **वित्त पोषण:** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 100% केन्द्रीय सहायता से ।

## SkillTheNation AI चैलेंज का शुभारंभ

- **शुभारंभ :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1 जनवरी, 2026 को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की SOAR (स्किलिंग फॉर AI रेडीनेस) पहल के तहत।
- **स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस (SOAR)** पहल
  - **शुरुआत : जुलाई, 2025** में स्किल इंडिया मिशन के तहत।
  - **उद्देश्य/लक्ष्य :** कक्षा 6-12 के स्कूली छात्रों के बीच एआई जागरूकता और आधारभूत कौशल विकसित करना तथा शिक्षकों (सरकारी व निजी विद्यालय) के बीच एआई साक्षरता का निर्माण करना है।
  - **कार्यान्वयन:** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

## भारत विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बना

- भारत चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बना।
- **धान उत्पादन :**

  1. भारत (15.01Cr. टन) 2. चीन (14.52Cr.टन)।
- **शीर्ष चावल उत्पादन राज्य :**

  1. उत्तर प्रदेश 2. पंजाब
  3. पश्चिम बंगाल 4. मध्य प्रदेश

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की ओर से 23 जनवरी को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.053 अरब डॉलर बढ़कर **709.413 अरब डॉलर** के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।
- इससे पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था, जो उस समय का सर्वकालिक उच्च स्तर था।

## भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक टग परियोजना

- **शुभारंभ :** केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने वर्चुअल रूप से।
- **उद्देश्य :** भारत के समुद्री डीकार्बोनाइजेशन के प्रयासों को गति प्रदान करना।
- **विकास :** दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी, कांडला (गुजरात) के लिए।
- **निर्माण :** आत्रेय शिपयार्ड, गोवा द्वारा **'ग्रीन टग ट्रांजिशन' प्रोग्राम (GTTP)** के तहत्।
- **क्षमता :** 60 टन बोलार्ड पूल

**'ग्रीन टग ट्रांजिशन' प्रोग्राम (GTTP)**

- **GTTP का लक्ष्य :** वर्ष 2030 तक 50 ग्रीन टग शामिल करना।
- **कार्यान्वयन :** पतन, पोर्ट परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा।
- प्रथम चरण के तहत् वर्ष 2024 से 2027 के बीच 16 टग तैनात किए जाएंगे।
  - दीनदयाल पोर्ट प्राधिकरण, जवाहर लाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण, वी.ओ. चिंदबनार पोर्ट प्राधिकरण और पारादीप पोर्ट प्राधिकरण में 2-2 ग्रीन टग तैनात किए जाएंगे।
  - शेष 8 प्रमुख बंदरगाहों पर एक-एक टग तैनात किया जाएगा।

Springboard Academy

## विदेशी मुद्रा प्रबंधन (वस्तु एवं सेवाओं का निर्यात और आयात) विनियम, 2026

- **उद्देश्य:** वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात तथा आयात से संबंधित प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, विदेशी मुद्रा लेनदेन की निगरानी को मजबूत करना।
- **जारी:** भारतीय रिजर्व बैंक।
- **प्रभावी :** अक्टूबर, 2026 से।
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत जारी किए गए नियम 2015 के वस्तु एवं सेवा निर्यात विनियम का स्थान लेंगे।

### नये नियम

- निर्यातकों को निर्दिष्ट प्राधिकरण को निर्यात घोषणा पत्र जमा करना होगा।
- निर्यात आय की प्राप्ति और प्रत्यावर्तन के लिए 15 महीने की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसे अधिकृत डीलर वैध कारणों के आधार पर बढ़ा सकते हैं। भारतीय रुपये में किए गए लेन-देन के लिए यह अवधि 18 महीने होगी।
- निर्यात प्राप्तियों को आयात के लिए देय राशियों के विरुद्ध समायोजित करने और उचित सत्यापन के बाद तृतीय-पक्ष भुगतान की अनुमति का भी प्रावधान किया गया है।

## परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा पॉलिसी

- **वित्तीय सेवा विभाग** ने केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना के (CGHS) लाभार्थियों के लिए परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा पॉलिसी लॉन्च की है।
- यह पॉलिसी कैशलेस सुविधाएँ, आधुनिक उपचार और व्यापक अस्पताल नेटवर्क प्रदान करती है।
- **विशेषताएँ**
  - एक पॉलिसी में अधिकतम **छह सदस्य शामिल** हो सकते हैं तथा देश के भीतर भर्ती पर 10 लाख या 20 लाख रुपये की बीमा राशि के विकल्प उपलब्ध हैं।
  - लाभार्थियों को बीमा कंपनियों और ग्राहकों के बीच 70:30 या 50:50 सह-भागीदारी का विकल्प चुनने की सुविधा है।
  - अस्पताल में भर्ती होने से पहले 30 दिनों और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 60 दिवस का कवरेज उपलब्ध है।

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय का नया लोगो और शुभंकर

- नये लोगो का संदेश - **'विकास के लिए डेटा'।**
- नया शुभंकर **'सांख्यिकी'** मंत्रालय के मूल मूल्यों, सटीकता, पारदर्शिता और डेटा-आधारित शासन को दर्शाता है।

DATA FOR DEVELOPMENT

लोगो



शुभंकर

## स्मार्ट ग्रीन एक्वाकल्चर फार्म और अनुसंधान संस्थान

- **स्थान :** रंगा रेड्डी, तेलंगाना
- **स्थापना :** स्मार्ट ग्रीन एक्वाकल्चर लिमिटेड द्वारा
- भारत का पहला वाणिज्यिक उष्णकटिबंधीय रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) आधारित रेनबो ट्राउट मत्स्य पालन फार्म और अनुसंधान संस्थान है।

## NHAI के चार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- NHAI ने **NH-544G** पर बन रहे बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे पर **कंसेसनियर एम/एस राजपथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड** के साथ मिलकर चार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए।
  - 24 घंटे में 28.89 लेन किलोमीटर या 3-लेन चौड़े 9.63 किलोमीटर तक बिटुमिनस कंक्रीट को लगातार बिछाने का सबसे लम्बा रिकॉर्ड।
  - 24 घंटे में 10,655 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट की सबसे अधिक मात्रा को लगातार बिछाने का रिकॉर्ड ।
  - **कुल मात्रा का रिकॉर्ड:** निर्माण के दौरान लगातार कुल 57,500 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने का एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया।
  - **पेविंग का रिकॉर्ड:** NHAI ने 156 लेन किलोमीटर (3-लेन चौड़े 52 किलोमीटर लंबे खंड) की लगातार पक्की सड़क (Paving) बनाने का रिकॉर्ड बनाया।

## PFRDA की उच्चस्तरीय समिति

- **पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA)** ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अंतर्गत सुनिश्चित भुगतान के ढाँचे के लिए दिशानिर्देश और विनियम तैयार करने हेतु उच्चस्तरीय समिति गठित की है।
- **अध्यक्षता :** डॉ. M.S. साहू (पूर्व अध्यक्ष, भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड)
- **संरचना :** अध्यक्ष + 15 सदस्य

## माताबारी पर्यटन सर्किट

- **स्थान : डुम्बुर झील** के नारकेल कुंजा में, त्रिपुरा
- **उद्घाटन :** पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास एवं संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने।
- **लागत :** 450 करोड़ रुपये
- माताबारी पर्यटन सर्किट त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, छबीमुरा और डुम्बुर झील को एकीकृत करेगा।

व्यक्तित्व | तिलका मांझी

# संथाल विद्रोह के नायक



*संथाल आदिवासी तिलका मांझी ने 1857 की लड़ाई से तकरीबन 80 साल पहले अंग्रेजों के खिलाफ धनुष बाण के दम पर ही विद्रोह छेड़ दिया था। उन्होंने आदिवासियों को एक सेना के रूप में संगठित किया और 1784 में प्रसिद्ध संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया। उन्होंने अपने समुदाय के साथ ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के कोषागार पर छापा मार दिया था जिसके कारण उन्हें फांसी की सजा दी गई। उन्होंने न सिर्फ अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय दिया बल्कि संघर्ष से संपूर्ण भारत को स्वतंत्रता हासिल करने के लिए किया प्रेरित...*

■ जन्म: 11 फरवरी 1750 ■ शहीदी दिवस : 13 जनवरी 1785

भारत का अतीत, इतिहास, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। देश की आजादी की लड़ाई का पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी वीरता से भरा पड़ा है। ऐसे ही एक नायक थे तिलका मांझी, जिन्होंने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की ज्यादतियों के खिलाफ संघर्ष किया और विदेशी हुकूमत के खिलाफ संग्राम का बिगुल फूंक दिया। वो भी तब जब अंग्रेजों के खिलाफ कहीं कोई विद्रोह की बात नहीं हो रही थी। 1857 की क्रांति से भी पहले 1784 में संथाल में उनके नेतृत्व में 'दामिन सत्याग्रह' लड़ा गया था। वह ऐसा समय था जब अंग्रेज किसी न किसी तरह से अपना विस्तार करते जा रहे थे। मां भारती को धीरे-धीरे जंजीरों के बेड़ियों में जकड़ने का प्रयास कर रहे थे।

11 फरवरी 1750 को बिहार में भागलपुर के सुल्तानगंज में एक संथाल परिवार में जन्मे तिलका मांझी ने अपने बहादुरी के दम पर न केवल अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया बल्कि अंग्रेजी शासकों को जीते जी कभी चैन की नींद सोने नहीं दिया। मांझी का असल नाम जाबरा पहाड़िया बताया जाता है। कहते हैं कि तिलका नाम उन्हें अंग्रेजों ने दिया था। एक बार एक अंग्रेज ने इनकी घूरती लाल आंखों में देखा था। दरअसल पहाड़िया भाषा में 'तिलका' का अर्थ गुस्सैल और लाल-लाल आंखों वाला व्यक्ति होता है। दस्तावेजों में यह उनकी पहचान बन गई और इतिहास में तिलका नाम अमर हो गया। ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध लंबा संघर्ष करने वाले तिलका मांझी ने अंग्रेजों के सामने कभी भी समर्पण नहीं किया। न ही कभी झुके और न ही डरे।

उन्होंने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था बल्कि उन्होंने स्थानीय सूदखोरों-जमींदारों के खिलाफ भी मुहिम छेड़ी थी। 1778 में उन्होंने पहाड़िया सरदारों से मिलकर रामगढ़ कैंप को अंग्रेजों से मुक्त करवाया। 1784 में राजमहल के मजिस्ट्रेट क्लीवलैंड को मार डाला। इसके बाद अंग्रेज उनके पीछे पड़ गए और आखिरकार उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद अंग्रेज उन्हें घोड़े से बांधकर घसीटते हुए भागलपुर ले गए। 13 जनवरी 1785 को भागलपुर के चौराहे पर एक विशाल वटवृक्ष में लटका कर फांसी दे दी। यही वजह है कि तिलका मांझी को भारत का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भी कहा जाता है।

तिलका मांझी के नाम पर भागलपुर में तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय है। साथ ही बांग्ला की सुप्रसिद्ध लेखिका महाश्वेता देवी ने उनके जीवन और विद्रोह पर बांग्ला भाषा में एक उपन्यास 'शालगिरर डाके' की रचना की है जिसे हिंदी में 'शालगिरह की पुकार पर' नाम से अनुवादित और प्रकाशित किया गया है। 29 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में तिलका मांझी को याद किया था। उन्होंने कहा था कि भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। इसी भारत भूमि पर महान तिलका मांझी ने अन्याय के खिलाफ बिगुल फूंका था। साथ ही 24 फरवरी 2025 को बिहार के भागलपुर में विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर भी उन्होंने कहा था कि इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। ये शहीद तिलका मांझी की धरती है, ये सिल्क सिटी भी है। इतना ही नहीं उन्होंने अन्य अवसरों पर भी तिलका मांझी को श्रद्धापूर्वक नमन किया है। ■

# 03 अंतर्राष्ट्रीय–समसामयिकी

## महत्त्वपूर्ण यात्राएँ

### उर्सुला वॉन डेर लेयेन की भारत यात्रा

- यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत की चार दिवसीय अधिकारिक यात्रा पर रही।
- उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ नई दिल्ली में आयोजित **16th यूरोपीय संघ–भारत शिखर सम्मेलन** की सहअध्यक्षता की।

### भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (FTA)

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने 27 जनवरी को 16वें भारत–यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने की घोषणा की।
- भारत के 'विकसित भारत@2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है ।
- यूरोपीय संघ भारत का 22वां एफटीए भागीदार बना है।

### प्रमुख प्रावधान

- भारत को विशेष रूप से 99.5 प्रतिशत व्यापार मूल्य को कवर करते हुए, 97 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर यूरोपीय बाजारों में प्राथमिकता वाली पहुंच प्राप्त ।
- भारत ने यूरोपीय संघ को अपनी 92.1 प्रतिशत टैरिफ लाइनों की पेशकश की है जो यूरोपीय संघ के 97.5 प्रतिशत निर्यात को कवर करती हैं।
- सेवा क्षेत्र में भारत को IT/ITES, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा और अन्य व्यावसायिक सेवाओं सहित 144 सेवा उपक्षेत्रों में तथा यूरोपीय संघ को पेशेवर, व्यावसायिक, दूरसंचार, समुद्री, वित्तीय और पर्यावरण सेवाओं जैसे 102 उपक्षेत्रों में प्राथमिकता आधारित पहुँच प्रदान।
- इस समझौते को **"MOTHER OF ALL DEALS"** कहा गया, क्योंकि –
  - भारत और यूरोपीय संघ के संयुक्त बाजार का अनुमानित मूल्य 2091.6 लाख करोड़ रुपये (24 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है।
  - भारत और यूरोपीय संघ क्रमशः चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 25 प्रतिशत के बराबर हैं और वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा हैं।

### जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा

- यह फ्रेडरिक मर्ज की भारत की प्रथम आधिकारिक यात्रा थी।
- **उद्देश्य :** भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना।
- भारत और जर्मनी अपने कूटनीतिक संबंधों के 75 वर्ष और भारत–जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं।
- जर्मन चांसलर ने **अहमदाबाद** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से द्विपक्षीय बातचीत की। इसके पश्चात् दोनों नेताओं ने **साबरमती रिवरफ्रंट** पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लिया।
- भारत–जर्मनी के बीच द्विपक्षीय कार्यक्रम का आयोजन– **महात्मा मंदिर, गांधीनगर** में ।

### प्रमुख समझौते

1. भारत–जर्मनी की संयुक्त आर्थिक एवं निवेश समिति में एकीकृत और उसके हिस्से के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के मंच की स्थापना करके द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए।
2. **राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद** में नवीकरणीय ऊर्जा में कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु ।
3. राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर, लोथल और समुद्री संग्रहालय–लिबनिज समुद्री इतिहास संस्थान, ब्रेमरहेवन के बीच **राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर, लोथल** के विकास हेतु समझौता।

Springboard ACADEMY

4. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड और जर्मन तकनीकी एवं वैज्ञानिक संघ के बीच : गैस एवं जल उद्योग के लिए।
5. भारतीय कंपनी एएम ग्रीन और जर्मन कंपनी यूनिपर ग्लोबल कमोडिटीज के बीच हरित अमोनिया की खरीद के लिए।
6. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज एजी के बीच ।
7. अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान और चैरिटे विश्वविद्यालय, जर्मनी के बीच ।
8. भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के कार्यकाल के विस्तार पर।
9. हॉकी इंडिया और जर्मन हॉकी फेडरेशन (ड्यूशर हॉकी-बुंड ईपी) के बीच युवा हॉकी विकास पर।
10. **अन्य समझौते**- रक्षा औद्योगिक सहयोग, सेमीकंडक्टर, खनिज, दूरसंचार क्षेत्र, जैव-अर्थव्यवस्था, उच्च शिक्षा, डाक सेवा, खेल तथा स्वास्थ्य पेशेवरों की निष्पक्ष, नैतिक और टिकाऊ भर्ती के लिए आदि।

❑ **घोषणाएँ**

- भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी से होकर वीजा मुक्त पारगमन की घोषणा
- 'ट्रैक 1.5 विदेश' नीति और सुरक्षा संवाद तंत्र की स्थापना।
- अहमदाबाद में **जर्मनी के मानद वाणिज्य दूतावास** का उद्घाटन।
- भारत-जर्मनी त्रिकोणीय विकास सहयोग के अंतर्गत **घाना** (बांस के डिजाइन और प्रसंस्करण के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी केंद्र), **कैमरून** (देशव्यापी आलू बीज नवाचार के लिए जलवायु अनुकूल आरएसी प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला) और **मलावी** (महिलाओं और युवाओं के लिए कृषि मूल्य शृंखला में तकनीकी नवाचार और उद्यमिता केंद्र) में परियोजनाओं का विस्तार करना।

## UAE के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान की भारत यात्रा

❑ पिछले दस वर्षों में महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान की यह **पाँचवीं** भारत यात्रा थी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने 19 जनवरी, 2026 को **तीसरी** आधिकारिक भारत यात्रा की।

❑ **समझौते/एमओयू/आशय पत्र**

1. गुजरात राज्य और संयुक्त अरब अमीरात के निवेश मंत्रालय के बीच **धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र** के विकास हेतु।
2. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) और संयुक्त अरब अमीरात की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच अंतरिक्ष उद्योग विकास एवं वाणिज्यिक सहयोग हेतु।
3. भारत गणराज्य और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी पर।
4. **हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPCL) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) गैस के बीच बिक्री एवं खरीद समझौता:** इस दीर्घकालिक समझौते के तहत वर्ष 2028 से शुरू होकर 10 वर्षों की अवधि के लिए **HPCL** द्वारा ADNOC गैस से 0.5 MMTPA एलएनजी की खरीद की जाएगी।
5. भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एपीडा (APEDA) और यूएई के जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण मंत्रालय के बीच खाद्य सुरक्षा एवं तकनीकी आवश्यकताओं पर समझौता ज्ञापन

❑ **घोषणाएं**

- भारत की C-DAC और यूएई की G-42 कंपनी भारत में एक सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने के लिए सहयोग करेंगी
- 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब अमेरिकी डॉलर तक दोगुना करना
- द्विपक्षीय असैन्य परमाणु सहयोग को बढ़ावा देना
- गुजरात की गिफ्ट सिटी में यूएई कंपनियों-फर्स्ट अबू धाबी बैंक (FAB) और डीपी वर्ल्ड-के कार्यालय एवं संचालन की स्थापना
- 'डिजिटल/डेटा एंबेसी' की स्थापना की संभावना का पता लगाना
- अबू धाबी में 'हाउस ऑफ इंडिया' की स्थापना

# चर्चित स्थान

## फ्रांस

- **फ्रांस** ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (जैसे-TikTok, Instagram, Snapchat) पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दी है।
  - **लागू :** September 2026 में शुरू होने वाले शैक्षणिक वर्ष से।
  - **उद्देश्य :** यह निर्णय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, साइबर बुलिंग और स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना।

## इक्वाडोर

- राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने नौ प्रांतों और तीन नगर निगमों में 60 दिन का आपातकाल घोषित किया है।
- **कारण :** बढ़ती आपराधिक हिंसा से हो रही उथल-पुथल के कारण।

## पेरू

- पेरू की दो नगर पालिकाओं सैटिपो और नौटा ने **अमेजॅन की डंक रहित मधुमक्खियों** को कानूनी अधिकार प्रदान करने वाला एक अध्यादेश पारित किया है, जिससे वे विश्व स्तर पर इस तरह की मान्यता प्राप्त करने वाले पहले कीट बन गए हैं

## बुल्गारिया

- बुल्गारिया यूरो को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में स्वीकार कर **यूरो जोन** का **21वां सदस्य** बन गया है।
- बुल्गारिया की **मुद्रा लेव** जनवरी माह तक यूरो के साथ प्रचलन में रहेगी और एक फरवरी से यूरो देश की अकेली कानूनी मुद्रा बन जाएगी।

## डेनमार्क

- डेनमार्क पत्र वितरण की चार सौ साल पुरानी पारंपरिक डाक सेवा व्यवस्था को बंद करने वाला प्रथम देश बन गया है।
- **कारण :** डिजिटल संवाद बढ़ने और सरकारी डाक सेवा में 90 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद यह फैसला लिया गया।

## ऑस्ट्रेलिया

- विक्टोरिया में भीषण जंगल की आग के चलते आपदा घोषित।
- **फिंके नदी :** इसे विश्व की सबसे प्राचीन निरंतर बहने वाली नदी के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। जो ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में बहती है। इस नदी को डायनासोर से भी पुराना माना जाता है।

# चर्चित व्यक्तित्व

## सुनीता विलियम्स

- अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने नासा से अपने 27 साल के शानदार स्पेस करियर के बाद सेवानिवृत हुई।
- **परिचय :**
  - **जन्म :** 19 सितंबर 1965 को ओहियो के Euclid में ।
  - उन्होंने नासा को जॉइन 1998 में किया था।
  - स्पेस में मैराथन दौड़ने वाली वह पहली यात्री भी रहीं।
  - NASA स्पेस फ्लाइट मेडल और पद्म भूषण (2008) प्राप्त से सम्मानित।
- **भारत संबंध :** इनके पिता दीपक पंड्या गुजरात के झुलासन (मेहसाणा) के थे। स्पेस में भगवद्गीता, उपनिषद ले गईं।

## शेख जोआन बिन हमद अल थानी

- कतर के महामहिम शेख जोआन बिन हमद अल थानी को **एशियाई ओलंपिक परिषद** (ओसीए) का नया अध्यक्ष चुना गया है।

## डेल्सी रोड्रिग्स

- वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्स को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त करने का आदेश दिया।

## मामाडी डौम्बौया

- गिनी के राष्ट्रपति चुने गए।

## योवेरी मुसेवेनी

- सातवीं बार युगांडा के राष्ट्रपति चुने गए।

### शाय्या मोहसिन जिंदानी

- विदेश मंत्री शाय्या मोहसिन जिंदानी को यमन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।
- **कारण :** सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते तनाव के कारण यमन के प्रधानमंत्री सलेम बिन ब्रिक ने सऊदी समर्थित प्रेसिडेंशियल लीडरशिप काउंसिल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

### मुफ्ती नूर अहमद नूर

- तालिबान के वरिष्ठ सदस्य मुफ्ती नूर अहमद नूर ने नई दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास में कार्यवाहक प्रभारी-'चार्ज डी अफेयर्स' का पदभार संभाला।

### DB वेंकटेश वर्मा

- वरिष्ठ भारतीय राजनयिक डी.बी. वेंकटेश वर्मा को संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा 2026-27 के कार्यकाल के लिए 'निशस्त्रीकरण मामलों पर सलाहकार बोर्ड (UN Advisory Board on Disarmament Matters)' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## आयोजन/सम्मेलन/बैठक

### सुब्रतो मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

- **आयोजन :** मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में
- **आयोजक :** सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज।
- **विषय :** 'राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यताएँ'

### 2nd भारत-श्रीलंका हिंदी सम्मेलन

- **आयोजन :** स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र और भारतीय उच्चायोग, कोलंबो (श्रीलंका)।
- भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने श्रीलंका की शिक्षा और उच्च शिक्षा उपमंत्री, डॉ. मधुरा सेनेविरत्ने की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

### 16th अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी-इरेना की बैठक

- **आयोजन :** अबू धाबी, (UAE)
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कृषि तथा खाद्य प्रणालियों में नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करने में भारत के प्रयासों का उल्लेख किया।

### 27वें इंटरसेक 2026 का आयोजन

- **आयोजन :** दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (UAE)
- यह सुरक्षा, बचाव और अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी और सबसे बड़ी प्रदर्शनी है।

### 4th वन बिलियन फॉलोअर्स समिट

- **आयोजन :** संयुक्त अरब अमीरात
- **थीम :** भलाई के लिए-विषय वस्तु

### गल्फूड 2026

- **आयोजन :** दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और एक्सपो सिटी दुबई (UAE)
- भारत इस सम्मेलन में प्रथम बार भागीदार देश के रूप में शामिल हुआ।




### भारत-उत्सव 2026

- **आयोजन :** दोहा, कतर

### अन्य सम्मेलन

- इंडिया ए आई मिशन, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने आईआईटी हैदराबाद के सहयोग से IIT, हैदराबाद परिसर में **सामाजिक सशक्तिकरण के लिए समावेशन पर कार्य समूह बैठक** की मेजबानी की।
- अनुकूलनशील आसियान : कनेक्टिविटी से संबद्ध बुद्धिमता तक विषय पर छठी आसियान-भारत डिजिटल मंत्रियों की बैठक भारत और वियतनाम की सह-अध्यक्षता में वर्चुअल रूप से आयोजित हुई।

- भारत-म्यांमार संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 9th बैठक म्यांमार के **नाय प्यी ताव** में आयोजित की गई।
- कनाडा के **टोरंटो** में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने "इंडिया-कनाडा एआई डायलॉग 2026" का आयोजन किया गया।

# पुरस्कार/अवॉर्ड

## 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026

- गोल्डन ग्लोब पुरस्कार प्रत्येक साल **फिल्म और टीवी** में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पात्रों को दिए जाते हैं।
- **आयोजक :** हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन (HFPA)
- **आयोजन :** बेवर्ली हिल्टन होटल, कैलिफोर्निया
- अमेरिकन स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस **निक्की ग्लेजर** ने लगातार दूसरे साल भी इस इवेंट को होस्ट किया।
- यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिए जाते है-

1. गोल्डन ग्लोब्स 2026 विजेताओं की सूची- फिल्म पुरस्कार

| | (i) ड्रामा | (ii) कॉमेडी / म्यूजिक |
|---|---|---|
| बेस्ट फिल्म | हैम्नेट | वन बैटल आफ्टर अनदर |
| बेस्ट अभिनेता | वैगनर मौरा (फिल्म–द सीक्रेट एजेंट) | टिमोथी चालमेट (फिल्म–मार्टी सुप्रीम) |
| बेस्ट अभिनेत्री | जेसी बकले (फिल्म–हैम्नेट) | रोज बर्न (फिल्म–इफ आई हैड लेग्स आईश्ड किक यू) |

**(iii) मोशन पिक्चर**

- **बेस्ट एनिमेटेड मोशन पिक्चर** - के-पॉप डेमन हंटर्स
- **बेस्ट मोशन पिक्चर (गैर-अंग्रेजी भाषा में)** - द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील)
- **मोशन पिक्चर में बेस्ट सहायक अभिनेता** - स्टेलन स्कार्सगार्ड (फिल्म-सेंटीमेंटल वैल्यू)
- **मोशन पिक्चर में बेस्ट सहायक अभिनेत्री** - टेयाना टेलर (फिल्म-वन बैटल आफ्टर अनदर)

**(iv) बेस्ट निर्देशक** - पॉल थॉमस एंडरसन (फिल्म-वन बैटल आफ्टर अनदर)

**(v) बेस्ट स्क्रीनप्ले** - पॉल थॉमस एंडरसन (फिल्म-वन बैटल आफ्टर अनदर)

**(vi) बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग** - के-पॉप डेमन हंटर्स से गोल्डन

**(vii) सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस उपलब्धियां** - सिनर्स

**(viii) बेस्ट ओरिजिनल स्कोर** - सिनर्स

**2. गोल्डन ग्लोब्स 2026 विजेताओं की सूची: टीवी पुरस्कार**

| | (i) ड्रामा | (ii) कॉमेडी / म्यूजिक | **(iii) मोशन पिक्चर** (लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज, या टेलीविजन) |
|---|---|---|---|
| बेस्ट टीवी श्रृंखला | द पिट | द स्टूडियो | एडोलेसेंस |
| बेस्ट अभिनेता | नोआ वाइल (द पिट) | सेठ रोजन (द स्टूडियो के लिए) | स्टीफन ग्राहम (एडोलेसेंस के लिए) |
| बेस्ट अभिनेत्री | प्लुरिबस (रिया सीहोर्न) | जीन्स स्मार्ट (हैक्स के लिए) | मिशेल विलियम्स (डाइंग फॉर सेक्स के लिए) |

- बेस्ट पॉडकास्ट - गुड हैंग विद एमी पोहलर
- स्टैंड-अप कॉमेडी परफॉर्मेंस - रिकी गेरवाइस फॉर मोरालिटी
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर - ओवेन कूपर (एडोलेसेंस के लिए)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस - एरिन डोहर्टी (एडोलेसेंस के लिए)



Springboard Academy

### UN सचिवालय पुरस्कार

- **प्रदानकर्त्ता :** संयुक्त राष्ट्र संघ
- **विजेता :** मेजर स्वाति शांता कुमार
- **श्रेणी :** यह पुरस्कार उन्हें जेंडर कैटेगरी में दिया गया है।
- मेजर स्वाति ने दक्षिण सूडान में तैनात रहते हुए 'Equal Partners, Lasting Peace' प्रोजेक्ट के द्वारा लैंगिक समानता और शांति स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- मेजर स्वाति शांता कुमार बेंगलुरु की रहने वाली है। स्वाति दक्षिण सूडान में पदस्थ हैं। वह कॉर्प्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एड मैकेनिकल इंजीनियर्स (EME) में अधिकारी है।

### इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार 2025

- **विजेता:** ग्राका माचेल (मोजांबिक की मानवाधिकार कार्यकर्ता)
- **प्रदानकर्त्ता :** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट
- **पुरस्कार राशि :** एक करोड़ रुपये और प्रशस्ति पत्र सहित एक ट्रॉफी शामिल है।
- **योगदान :** शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, आर्थिक सशक्तिकरण और कठिन परिस्थितियों में मानवीय कार्यों के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए।

- **परिचय:** ग्राका का जन्म 17 अक्टूबर 1945 को हुआ। उन्हें लिस्बन विश्वविद्यालय में जर्मन भाषा का अध्ययन करने के लिए छात्रवृत्ति मिली, जहां स्वतंत्रता के प्रति उनकी राजनीतिक चेतना पहली बार जागृत हुई। माचेल का विवाह मोजांबिक के पहले राष्ट्रपति **समोरा मोइसेस माचेल** से हुआ था, जिनका 1986 में निधन हो गया। बाद में, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति **नेल्सन मंडेला** से विवाह किया।

### टायलर पुरस्कार-2026

- **प्राप्तकर्त्ता :** डॉ. टोबी कियर्स अमेरिकी विकासवादी जीवविज्ञानी
- **क्षेत्र/श्रेणी :** भूमिगत माइकोराइजल नेटवर्क (Mycorrhizal Networks) पारितंत्र और जलवायु को किस प्रकार नियंत्रित करते हैं।
- इसे **"पर्यावरण का नोबेल पुरस्कार"** कहा जाता है।

### एशिया बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रांड अवार्ड-2026

- **आयोजन:** हांगकांग लीडरशिप अवार्ड्स और सीएमओ एशिया अवार्ड्स।
- **प्राप्तकर्ता :** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई)।

## प्रमुख ऑपरेशन

### ऑपरेशन एबसोल्यूट रिजॉल्व

- अमेरिका ने वेनेजुएला की राजधानी काराकस पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर अमेरिका ले जाया गया।
- वेनेजुएला में अमरीका के हमलों की खबर के बीच राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया गया है।
- **कारण :** निकोलस मादुरो पर नार्को-आतंकवाद साजिश, कोकीन आयात साजिश, अमरीका के खिलाफ मशीनगन तथा विनाशकारी उपकरण रखने का आरोप लगाया गया है।

## विविध

### चक्रवात हेली

- **प्रभावित क्षेत्र :** पश्चिमी आस्ट्रेलिया का उत्तरी तट।

### तूफान गोरेटी

- **प्रभावित क्षेत्र :** उत्तरी फ्रांस और दक्षिणी इंग्लैंड
- यह **अटलांटिक महासागर** से उठा है। इसे **वेदर बम** भी कहा जाता है।

### तूफान फर्न

- **प्रभावित क्षेत्र :** उत्तरी अमरीका
- यह तूफान **आर्कटिक** से आने वाली शक्तिशाली ठंडी हवाओं के कारण उत्पन्न होता है, जो आमतौर पर प्रत्येक वर्ष के सबसे ठंडे समय के दौरान आती हैं।

### मुस्लिम ब्रदरहुड

- अमेरिका ने मुस्लिम ब्रदरहुड की मिस्र, लेबनानी और जॉर्डन की शाखाओं को **'आतंकवादी संगठन'** के रूप में घोषित कर दिया है।

### आकासा एयर

- आकासा एयरलाइन आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) की सदस्य बनने वाली भारत की **पांचवीं** एयरलाइन है।

### अमेरिका भारत को लौटाएगा 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां

- स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट ने घोषणा की है कि वह भारत सरकार को तीन दुर्लभ प्राचीन कांस्य मूर्तियां वापस करेगा। गहन जांच और विस्तृत अनुसंधान के बाद यह साबित हुआ कि इन मूर्तियों को तमिलनाडु के मंदिरों से चुराया गया था।
  - शिव नटराज (चोल काल, लगभग 990 ईस्वी)
  - सोमस्कंद (चोल काल, 12वीं शताब्दी)
  - संत सुंदरार विद परवई (विजयनगर काल, 16वीं शताब्दी)

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 नए अस्थाई सदस्य

- **नए सदस्यः** बहरीन, कोलंबिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC),लातविया, लाइबेरिया। (1 जनवरी को अपना दो वर्ष का कार्यकाल प्रारम्भ किया)
- **2026 के अंत तक सेवा देने वाले सदस्यः** डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा, सोमालिया

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- भारतीय नौसेना पश्चिम बंगाल के हल्दिया में नया नौसैनिक अड्डा स्थापित करेगी।
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव G-7 की महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फ्रांस और लक्जमबर्ग की यात्रा की।
- पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की तीन दिन के भारत दौरे पर आए।
- **49वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेलें** का आयोजन कोलकाता के साल्ट लेक स्थित बोई-मेला मैदान में हुआ। जिसमें फोकस देश **अर्जेंटीना** था।
- मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल भारत की यात्रा पर पहुँचे।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2026 को **'रेंजलैंड और पशुपालकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष'** घोषित किया है, जिसका उद्देश्य दुनिया के महत्वपूर्ण चरागाहों और उन्हें बनाए रखने वाले पशुपालकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- वर्ष 2026 को **'दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) - भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026'** के रूप में मनाया जा रहा है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने **इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) सहित 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों** से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है।
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (PAU) लुधियाना, **'सतत कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए'** BRICS नेटवर्क यूनिवर्सिटी में शामिल हो गया है, जो इस क्षेत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र राज्य कृषि विश्वविद्यालय है
- यूरोपीय संघ (EU) ने स्टील, एल्यूमिनियम, सीमेंट और उर्वरक जैसे उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले आयातित सामान पर 1 जनवरी, 2026 से दुनिया का **पहला कार्बन टैक्स [कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM)]** लागू किया है।
- भारत सरकार ने चीन के लिए 1 जनवरी से **ई-प्रोडक्शन इन्वेस्टमेंट बिजनेस वीजा (ईबी-4)** की शुरुआत की है। इसके तहत चीन के कारोबारी भारत में विशेष व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।
- भारत सरकार के **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय** ने भारत के कौशल और तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर सहयोग करने के लिए **विश्व आर्थिक मंच** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **स्पेन** हिन्द-प्रशान्त महासागर पहल में शामिल हुआ।
- **अबू धाबी** में रूस, यूक्रेन और अमरीका के अधिकारियों की शांति योजना पर चर्चा करने के लिए मुलाकात।

| क्र. | रिपोर्ट / इंडेक्स | जारीकर्ता | भारत की रैंक | प्रथम और आखिरी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेनले पासपोर्ट इंडेक्स–2026 | हैनले एंड पार्टनर्स | 80वीं रैंक (वीजा फ्री स्कोर – 55) | **प्रथम** – सिंगापुर (स्कोर=192)<br>**101वां** – अफगानिस्तान (स्कोर–24) |
| 2. | एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स–2026 | डेजान शिरा एंड एसोसिएट्स (हांगकांग) | 11 प्रमुख एशियाई मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी में **6वीं रैंक** | **प्रथम** – चीन<br>**दूसरा** – मलेशिया<br>**तीसरा** – वियतनाम<br>**11वां** – बांग्लादेश |
| 3. | 40 अंडर 40 : 40 साल से कम उम्र के सबसे अमीर सेल्फ–मेड अरबपति | फोर्ब्स<br>**नोट** – दुनिया में 40 साल से कम उम्र के 71 सेल्फ–मेड अरबपति हैं<br>**(भारतीय मूल के 4 लोग)** | • 19वें–अंकुर जैन (USA)<br>• 20वें निखिल कामथ (एकमात्र भारतीय उद्यमी)<br>• 27वें आदर्श हीरेमठ और सूर्या मिधा (USA) | **प्रथम** – एडविन चेन (यूएसए) |
| 4. | रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स–2026 | वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन (WIF)<br>**पैरामीटर**<br>• नैतिक शासन<br>• सामाजिक कल्याण<br>• पर्यावरणीय प्रबंधन<br>• वैश्विक जिम्मेदारी | 16वीं (स्कोर–0.551) | **प्रथम** – सिंगापुर (स्कोर=0.619)<br>**दूसरा** – स्विट्जरलैंड<br>**तीसरा** – डेनमार्क<br>**154वां** – सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (स्कोर–0.357) |
| 5. | ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स 2026 | ब्रांड फाइनेंस | 32वां (स्कोर 48.00) | **पहला** – USA (स्कोर 74.9)<br>**दूसरा** – चीन (स्कोर 73.5)<br>**193वां** – किरिबाती (स्कोर 19.7) |
| 6. | ट्रेफिक इंडेक्स रैंकिंग 2025 | टॉम टॉम | **दुनिया भर में**<br>• प्रथम– मेक्सिको (75.9%)<br>• दूसरा – बेंगलुरु (74.4%)<br>• 5वां – पुणे<br>• 18वां – मुंबई<br>• 23वां – नई दिल्ली<br>• 29वां – कोलकाता<br>• 30वां – जयपुर (58.7) | **एशिया**<br>• प्रथम – बेंगलुरु<br>• दूसरा – पुणे<br>• छठा – मुंबई<br>• सातवां – नई दिल्ली<br>• नौवां – कोलकाता<br>• दसवां – जयपुर |
| 7. | ग्लोबल 500 रिपोर्ट 2026 | ब्रांड फाइनेंस<br>**भारत के 14 ब्रांड टॉप 500 में।**<br>**भारत की वैश्विक ब्राड मूल्य में हिस्सेदारी : 1.5%** | • 61st - Tata Group<br>• 150th - Infosys<br>• 169th - LIC | 1st - Apple ($607Billion)<br>2nd - Microsoft ($565 Billion) |
| 8. | **IT सर्विसेज 25 रिपोर्ट 2026** | ब्रांड फाइनेंस | भारत के 8 ब्रांड टॉप 25 में।<br>2nd - TCS ($ 21.2 B)<br>3rd - Infosys | 1st - Accenture ($ 42.3 B) |

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### EOS-N1 मिशन

- **चर्चा में क्यों? :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का EOS-N1 मिशन PS3 स्टेज में गड़बड़ी के कारण विफल हो गया।
- **उद्देश्य :** EOS-01 एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (Earth Observation Satellite) है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से कृषि, वानिकी और आपदा प्रबंधन सहायता के लिए किया जाता है।
- **प्रक्षेपण यान :** PSLV-C62
- **प्रक्षेपण स्थल :** सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र, श्री हरिकोटा
- ऐसा लगातार दूसरी बार है, जब PSLV रॉकेट को परियोजनाओं में असफलता का सामना करना पड़ा।
- इस मिशन में कुल 16 उपग्रह लॉन्च किए जाने थे।

### रूस ने आसमान में स्थापित की 52 'आँखें'

- रूस ने वोस्तोनची कॉस्मोड्रोम से Soyuz-2.1b रॉकेट द्वारा 52 सैटेलाइट्स लॉन्च किए, जिनमें दो Aist-2T सैटेलाइट्स और छात्रों द्वारा बनाए गए 50 छोटे उपग्रह शामिल है। अब यह 52 'आँखें' अपनी कक्षा में सेट हो गई हैं।

### मानव-रेटेड इंजन

- गोदरेज एयरोस्पेस ने मानव-रेटेड विकास इंजन को इसरो को सुपुर्द कर दिया है।
- यह इंजन LVM-03 प्रक्षेपण यान के एल-110 चरण के लिए बनाया गया है, जो गगनयान मिशन का प्रमुख प्रक्षेपण वाहन है।

### प्रथम एकीकृत निजी उपग्रह संयंत्र

- **गुजरात के सानंद जिले के खोराज** में देश के पहले **एकीकृत निजी उपग्रह संयंत्र** की आधारशिला रखी गई तथा अजिस्ता स्पेस के **इलेक्ट्रो ऑप्टिकल पेलोड** कारखाने का शिलान्यास समारोह संपन्न हुआ।
- **विकास :** अजीस्ता स्पेस द्वारा स्थापित की जा रही यह नई सुविधा उपग्रहों और उच्च स्तरीय इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल पेलोड के निर्माण पर केंद्रित होगी। 'पामनारो' नामक यह संयंत्र एक ही छत के नीचे संपूर्ण उपग्रह निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### 'सूर्यास्त्र रॉकेट सिस्टम'

- भारतीय सेना ने इसके भारत में निर्माण के लिए पुणे की NIBE कंपनी के सहयोग से इजरायल की एल्बिट सिस्टम्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- सूर्यास्त्र सिस्टम इजरायल की Elbit Systems द्वारा विकसित PULS (Precise & Universal Launching System) पर आधारित है।
- **परास :** 150-300 किलोमीटर
- **लागत :** 292-293 करोड़
- इस सिस्टम को **'यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर'** कहा जाता है।
- यह एक मल्टी-कैलिबर लॉन्चर है जो एक ही प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग तरह के रॉकेट को इंटीग्रेट कर सकता है और एरिया फायर और डीप प्रिसिशन स्ट्राइक, यानी लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमला, दोनों कर सकता है।

### प्रलय मिसाइल

- **चर्चा में क्यों? :** DRDO ने त्वरित अंतराल में दो प्रलय मिसाइलों का चांदीपुर, ओडिशा स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में सफल परीक्षण किया।
- **विकास :** इमारत अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद
- **सह-उत्पादन साझेदार :** भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- **परास :** 150-500 किलोमीटर
- **प्रकार :** सतह से सतह पर मार करने वाली अर्द्ध बैलेस्टिक मिसाइल है।
- **प्रणोदक :** ठोस ईंधन

- **वारहेड क्षमता :** 500-1000 किलोग्राम
- जिसमें उच्च भेदक क्षमता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन तकनीक का उपयोग किया गया है।

## पिनाका

- **चर्चा में क्यों ? :** DRDO ने पिनाका लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट का पहला उड़ान परीक्षण चांदीपुर, ओडिशा स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में सफलतापूर्वक संपन्न किया
- हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नागपुर से **आर्मेनिया** को निर्यात के लिए पहली खेप को हरी झण्डी दिखाई।
- **विकास :** आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट
- **सहयोग :**
  - डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी, हैदराबाद
  - रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद
- **विशेषताएँ :** यह एक मल्टीबेरल लॉन्चर सिस्टम है, जो 44 सैकण्ड में 12 रॉकेट दाग सकता है।
- **परास :** 40-120 किलोमीटर तक

## मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (MP-ATGM)

- **चर्चा में क्यों? :** महाराष्ट्र के अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में उच्चतम आक्रमण क्षमता वाली तीसरी पीढ़ी की मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (MP-ATGM) का सफल उड़ान परीक्षण किया गया।
- **परीक्षण :** रक्षा अनुसंधान एवं प्रयोगशाला, हैदराबाद द्वारा ।
- **विकास :** DRDO
- **सह उत्पादक :** भारत डायनामिक लिमिटेड (BDL) और भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (BEL)
- यह **दागो और भूल जाओ** तकनीक पर आधारित है।
- **विशेषताएँ :** स्वदेशी रूप से विकसित इस (MP-ATGM) में इमेजिंग इन्फ्रारेड (आईआईआर) होमिंग सीकर, ऑल इलेक्ट्रिक कंट्रोल एक्चुएशन सिस्टम, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रणोदन प्रणाली आदि विशेषताएँ हैं।

## ओरेश्निक मिसाइल

- **चर्चा में क्यों? :** रूस ने यूक्रेन पर भीषण हमले में ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिसमें कीव में चार लोग मारे गए और 25 घायल हो गए।
- रूस की हाइपरसोनिक इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल (IRBM) है।
- **गति:** 10 mach
- **परास :** 5,000 किलोमीटर तक
- **तकनीक:** मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे एक ही मिसाइल एक साथ कई अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है

## YJ-20 हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल

- **चर्चा में क्यों? :** यह मिसाइल चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (PLA Navy) के सबसे ताकतवर युद्धपोतों में से एक 10000 टन वजनी टाइप-055 डिस्ट्रॉयर से दागी गई।
- **गति :** मैक-5 से अधिक
- **परास :** 1000-1500 किलोमीटर
- यह एक बूस्ट-ग्लाइड मिसाइल है जिसमें रॉकेट बूस्टर और खास ग्लाइड व्हीकल होता है।

## INS सिंधुघोष

- भारतीय नौसेना ने मुम्बई में INS सिंधुघोष पनडुब्बी को सेवानिवृत किया।
- **कमीशन :** 30 अप्रैल 1986 को पश्चिमी नौसैनिक कमान में
- **सेवानिवृत :** 19 दिसम्बर, 2025

## पनडुब्बी 'नारवाल'

- ताइवान ने काओशुंग तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी 'नारवाल' का पहला समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया ।
- **अन्य नाम :** हाई कुन (एसएस-711)
- **विकास :** अमेरिका और ब्रिटेन सहयोग से।

## INS सुदर्शिनी

- भारतीय नौसेना का सेल ट्रेनिंग शिप INS सुदर्शिनी कोच्चि से लोकायन 26 की अपनी मुख्य यात्रा पर रवाना हुआ, जो 10 महीने का एक ट्रांसओशनिक अभियान है।
- **उद्देश्य :** भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और **'वसुधैव कुटुंबकम'** की सोच को समुद्रों के पार दर्शाना।
- **यात्रा विवरण :** यह शिप 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों से गुजरते हुए 22,000 नॉटिकल मील से अधिक की यात्रा करेगा।

- INS सुदर्शिनी यात्रा के दौरान फ्रांस के एस्केल ए सेट कार्यक्रम और न्यूयॉर्क में 250वें स्वतंत्रता दिवस परेड़ समारोह में भाग लेगा।

### ICGS संकल्प

- भारतीय तटरक्षक बल का अपतटीय गश्ती पोत ICGS संकल्प हिंद महासागर क्षेत्र में मित्र देशों के लिए जारी अपनी विदेशी तैनाती के तहत **मॉरीशस के पोर्ट लुइस बंदरगाह** पहुँचा।

### INS सागरध्वनि

- भारत का समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत INS सागरध्वनि, दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि से सागर मैत्री (SM-5) पहल के पाँचवें संस्करण के लिए रवाना हुआ।
- **विकास :** DRDO की नेवल फिजिकल एंड ओशनोग्राफिक लेबोरेटरी (NPOL) द्वारा।

**सागर मैत्री :** भारतीय नौसेना और DRDO की प्रमुख सहयोगी पहल है, जो भारत सरकार के **'क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति (MAHASAGAR)'** के विजन के अनुरूप है

- **उद्देश्य :** आठ आईओआर देशों अर्थात ओमान, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और म्यांमार के साथ लगातार वैज्ञानिक सहयोग करना है।

  **MAITRI :** मरीन एंड एलाइड इंटरडिसिप्लिनरी ट्रेनिंग एंड रिसर्च इनिशिएटिव

# कृत्रिम बुद्धिमता

### सरकारी अस्पताल में भारत का पहला AI क्लिनिक का उद्घाटन

- **स्थान :** गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (GIMS), ग्रेटर नोएडा, उत्तरप्रदेश।

### भारत का पहला सॉवरेन AI पार्क

- तमिलनाडु सरकार ने **सर्वम AI** के साथ भारत का पहला सॉवरेन AI पार्क स्थापित करने हेतु एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- **स्थान :** चेन्नई में
- **लागत :** 10,000 करोड़
- **'सॉवरेन AI':** सॉवरेन AI से तात्पर्य एक देश या राज्य की उस क्षमता से है जिसके माध्यम से वह अपने स्वयं के अवसंरचना, डेटा और मानव संसाधन का उपयोग करके AI विकसित कर सके।

### भारत का प्रथम एआई-सक्षम राज्य विश्वविद्यालय

- **स्थान :** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
- **साझेदार :** कौशल विकास मंत्रालय, गूगल क्लाउड और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के बीच साझेदारी की घोषणा की।

### DRISHTI

- भारतीय रेल की **AI आधारित माल-सुरक्षा प्रणाली** है।
- **उद्देश्य :** चलती मालगाड़ियों के दरवाजों की लॉकिंग में गड़बड़ी या छेड़छाड़ को तुरंत पकड़ना।

### 'ट्रांसलेट जेम्मा'

- **क्या है? :** यह 55 भाषाओं में मल्टीलिंगुअल ट्रांसलेशन को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किए गए ओपन ट्रांसलेशन मॉडल का एक नया सूट है।
- **लॉन्च :** Google द्वारा।
- Gemma 3 आर्किटेक्चर पर बना Translate Gemma उन रिसर्चर्स और डेवलपर्स के लिए है, जो क्लोज्ड, सिर्फ क्लाउड सिस्टम के बजाय कुशल, लोकल रूप से डिप्लॉय किए जा सकने वाले ट्रांसलेशन मॉडल चाहते हैं।
- यह तीन आकारों में उपलब्ध है: 4B, 12B और 27B पैरामीटर।

### ऑन्कोमार्क

- **विकास :** S. N. Bose National Centre for Basic Sciences और Ashoka University के शोधकर्ताओं ने
- ऑन्कोमार्क एक अत्याधुनिक AI-आधारित विश्लेषण प्रणाली है, जो **कैंसर कोशिकाओं के भीतर मौजूद जटिल जैव-रासायनिक संकेतों का अध्ययन करती** है। यह परंपरागत "साइज और स्टेज" आधारित वर्गीकरण के अतिरिक्त कैंसर की हॉलमार्क-आधारित पहचान करती है।
- हर मरीज के ट्यूमर की अनोखी **'मॉलिक्यूलर पर्सनैलिटी'** बताता है। इससे डॉक्टरों को पता चल जाएगा कि एक ही स्टेज के दो मरीजों में से किसका कैंसर आक्रामक है और किस दवा से सबसे अच्छा असर होगा।

- यह 14 प्रकार के कैंसर के 31 लाख सेल्स के डेटा पर ट्रेन किया गया है।

- **हॉलमार्क पहचानः** कैंसर विज्ञान में "Hallmarks of Cancer" उन मूलभूत प्रक्रियाओं को कहा जाता है, जो सामान्य कोशिकाओं को घातक बनाती हैं-जैसे मेटास्टेसिस, इम्यून इवेजन, जीनोमिक अस्थिरता, आदि। ऑन्कोमार्क इन सभी हॉलमार्क को एकीकृत रूप से पढ़कर यह बताती है कि कौन-सी प्रक्रिया किस रोगी में सक्रिय है, और उसकी बीमारी आगे कैसे बढ़ सकती है।

### अल्फाजीनोम

- गूगल डीपमाइंड ने डीएनए उत्परिवर्तन को समझने के लिए एक नया एआई टूल लॉन्च किया है।
- शोधकर्ताओं का कहना है कि यह वैज्ञानिकों को मानव जीनोम की बेहतर व्याख्या करने और यह समझने में मदद कर सकती है कि आनुवंशिक परिवर्तन जीव विज्ञान को कैसे प्रभावित करते हैं।
- इस नए टूल का उद्देश्य यह अनुमान लगाना है कि आनुवंशिक उत्परिवर्तन हमारे स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करते हैं और संभावित रूप से नए उपचार भी प्रदान कर सकते हैं।

## विविध

### DRDO ने प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत विकसित सात प्रौद्योगिकियां सशस्त्र बलों को सौंपीं

1. एयरबोर्न सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर्स के लिए स्वदेशी उच्च-वोल्टेज विद्युत आपूर्ति।
2. नौसेना जेटी के लिए ज्वार-कुशल गैंगवे।
3. उन्नत अति निम्न आवृत्ति-उच्च आवृत्ति स्विचिंग मैट्रिक्स प्रणालियां।
4. पानी के नीचे प्लेटफार्मों के लिए वीएलएफ लूप एरियल।
5. तीव्र अवरोधक शिल्प के लिए स्वदेशी वॉटरजेट प्रणोदन प्रणाली।
6. प्रयुक्त लिथियम-आयन बैटरियों से लिथियम प्रीकर्सर्स की पुनर्प्राप्ति की नई प्रक्रिया।
7. दीर्घकालीन पानी के भीतर संवेदन एवं निगरानी अनुप्रयोगों के लिए दीर्घ-जीवन समुद्री जल बैटरी प्रणाली।

### दुर्गा ड्रोन स्क्वाड्रन

- सीमा सुरक्षा बल (BSF) की **पहली महिला ड्रोन संचालन इकाई** है।
- **प्रशिक्षण :** ड्रोन युद्ध विद्यालय (SDW), ग्वालियर (BSF अकादमी में)।
- **उद्देश्य :** पश्चिमी और पूर्वी दोनों मोर्चों पर संवेदनशील सीमाओं पर उन्नत हवाई निगरानी और टोही में महिला कर्मियों को प्रशिक्षित करना।

### प्रावेग "वीर" (Pravaig VEER)

- देश का **पहला पूर्णतः इलेक्ट्रिक सैन्य वाहन** लॉन्च किया गया है, जिसे विशेष रूप से रक्षा अभियानों के लिए विकसित किया गया है।
- **विकास :** प्रावेग डायनेमिक्स, बैंगलुरु
- **मुख्य विशेषता :** कम शोर, कम तापमान, हर भू-भाग में अनुकूलता
- **प्रणोदन प्रणाली :** 100% इलेक्ट्रिक ड्राइवट्रेन
- प्रावेग वीर ईवी को सरकार के iDEX (Innovation for Defence Excellence) कार्यक्रम के तहत प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है।

### SCORP रोबोट

- **SCORP :** Smart Companion for operation and Reconaissance platform
- भारत का **पहला लेग्ड मोबाइल मैनीपुलेटर रोबोट** है।
- **विकास :** xTerra रोबोटिक्स भारतीय स्टार्टअप ने IIT कानपुर की सहायता से।
- यह रोबोट उन जगहों पर काम करने के लिए बनाया गया है, जहाँ इंसानों का होना या काम करना खतरनाक हो सकता है।

### ASC अर्जुन

- **ASC ARJUN :** Advanced Security & Assistance Arjun
- भारतीय रेलवे ने **विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन** पर ह्यूमनॉइड रोबोट 'ASC ARJUN' तैनात किया
- यह तैनाती भारतीय रेलवे नेटवर्क पर अपनी तरह की

पहली पहल है। यह ह्यूमनॉइड रोबोट आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के कर्मियों के साथ मिलकर स्टेशन संचालन में सहायता करेगा, विशेष रूप से यात्रियों की अधिक भीड़ के समय सुरक्षा निगरानी, बहुभाषी संचार आदि कार्यों में सहयोग करेगा।

### परम शक्ति सुपरकंप्यूटिंग सुविधा का उद्घाटन

- **उद्घाटन :** IIT मद्रास में।
- **मंत्रालय :** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- **क्षमता :** 3.1 पेटाफ्लॉप्स की उच्चतम कंप्यूटिंग क्षमता (जिसका अर्थ है कि यह प्रति सेकंड 3.1 क्वाड्रिलियन से अधिक गणनाएँ कर सकता है।)

### बैसिलस सबटिलिस

- **केरल सरकार** ने आधिकारिक तौर पर बैसिलस सबटिलिस को अपने **राज्य सूक्ष्मजीव** के रूप में घोषित किया है और ऐसा करने वाला यह पहला भारतीय राज्य बन गया है जिसने अपने राज्य प्रतीकों की सूची में किसी सूक्ष्मजीव को शामिल किया है।

### हेलीकॉप्टर MRO

- **स्थान :** मिसामारी, असम
- **विकास :** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) गजराज कोर के सहयोग से एक नया **हेलीकॉप्टर मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (MRO)** हब स्थापित कर रहा है, जो पूर्वोत्तर में भारतीय सेना और वायु सेना के हेलीकॉप्टरों के लिए तेज सेवा और बेहतर परिचालन तत्परता सुनिश्चित करेगा।

### गेगेनोफिस वाल्मीकि

- **स्थान :** उत्तरी पश्चिमी घाट क्षेत्र, महाराष्ट्र
- **नामकरण :** खोज स्थल के समीप स्थित ऐतिहासिक महर्षि वाल्मीकि मंदिर के सम्मान में है।

**प्रजाति की प्रमुख विशेषताएँ**

- भारतीय वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक अत्यंत दुर्लभ और भूमिगत जीवन वाली उभयचर प्रजाति की पहचान की है।
- गेगेनोफिस वाल्मीकि 'गेगेनोफिस वंश' से संबंधित है जिसे आम भाषा में ब्लाइंड सीसिलियन कहा जाता है।
- सीसिलियन उभयचर जीवों का एक ऐसा समूह है जो सामान्यत: लोगों की नजर से दूर भूमि के भीतर निवास करता है। इसी कारण इन्हें प्राय: 'छिपे हुए उभयचर' कहा जाता है।
- ये जीव बिना अंगों के लंबे एवं पतले शरीर वाले होते हैं तथा देखने व गति करने में केंचुए जैसे प्रतीत होते हैं। मेंढकों के विपरीत ये कोई आवाज नहीं करते हैं और इनकी आँखें त्वचा तथा हड्डियों की परतों के नीचे छिपी होती हैं जिससे इन्हें पहचानना अत्यंत कठिन हो जाता है

## प्रमुख अभ्यास

### अभ्यास 'सांझा शक्ति'

- यह एक महत्वपूर्ण सैन्य-नागरिक समन्वय अभ्यास है।
- **स्थान :** खड़की सैन्य स्टेशन के डिग्गी रेंज में, पुणे (महाराष्ट्र)
- **उद्देश्य :** जटिल सुरक्षा चुनौतियों और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सैन्य और नागरिक एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और संयुक्त तैयारियों को परखना था।
- इसमें भारतीय सेना के साथ-साथ 16 प्रमुख नागरिक एजेंसियों के 350 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया।

### "Will for Peace 2026"

- यह एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास है।
- **आयोजन :** दक्षिण अफ्रीका के कोस्ट के पास।
- **भागीदार :** चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों की नौसेनाएं।

### संयुक्त खतरनाक और विषैली पदार्थ (HNS) प्रतिक्रिया अभ्यास

- **स्थान :** अभ्यास ICGS समुद्र प्रहरी पोत पर मुंबई में
- **भागीदार :** भारतीय तटरक्षक (ICG) और जापान तटरक्षक (JCG) ने संयुक्त HNS प्रतिक्रिया ड्रिल की।
- **उद्देश्य :** समुद्री सहयोग, खतरनाक रसायन रिसाव से निपटने, आपसी तालमेल और मुक्त इंडो-पैसिफिक के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ाना था।

### 17वां त्रिपक्षीय अभ्यास 'दोस्ती'

- **आयोजन :** माले, मालदीव
- **भागीदार :** भारतीय तटरक्षक बल, श्रीलंका तटरक्षक बल और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल

Springboard Academy

### ऑपरेशन त्राशी-I

- जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और आसपास के जंगली क्षेत्रों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाया जा रहा एक बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान है।
- **संयुक्त अभियान:** यह ऑपरेशन **भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस (SOG)** और **CRPF** द्वारा मिलकर चलाया जा रहा है।

### ऑपरेशन सह्याद्री चेकमेट"

- राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन सह्याद्री चेकमेट अभियान के तहत् सह्याद्री पर्वतमाला के सुदूर भीतरी इलाके में स्थित एक गुप्त मोबाइल मेफेड्रोन निर्माण प्रयोगशाला को नष्ट कर दिया।

### मेगाबुरु अभियान

- झारखंड पुलिस द्वारा सीआरपीएफ और कोबरा इकाइयों की सहायता से झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा जंगलों में ऑपरेशन मेगाबुरु शुरू किया गया
- **उद्देश्य:** सारंडा वन क्षेत्र से सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र कार्यकर्ताओं का खात्मा करना, माओवादी नेतृत्व को निष्क्रिय करना और विद्रोही नेटवर्क को तोड़ना।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- केलिफॉर्निया से SpaceX के Falcon 9 rocket ने **Italian Space Agency (ASI) के COSMO SkyMed Second Generation satellite** को सफलतापूर्वक orbit में स्थापित किया।
- DRDO की हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (DRDL) ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के लिए **फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड लॉन्ग ड्यूरेशन स्क्रैमजेट इंजन** का सफल ग्राउंड परीक्षण किया।
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में गुजरात बायोटेक्नॉलजी रिसर्च सेंटर की **BSL-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी** का शिलान्यास किया
- आईआईएम अहमदाबाद में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित 40 करोड़ रुपये की निधि से निर्मित **निधि उत्कृष्टता केंद्र** स्थापित किया गया।
- DRDO ने 1 जनवरी, 2026 को अपना **68वां स्थापना दिवस** मनाया। DRDO के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत है।
- भारत सरकार के प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने के लिए गुजरात के राजकोट स्थित मारवाड़ी विश्वविद्यालय में 11 से 15 जनवरी 2026 तक चल रही क्षेत्रीय प्रदर्शनी वाइब्रेंट गुजरात 2026 में एक व्यापक **स्वास्थ्य मंडप** स्थापित किया है।
- भारतीय नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस), **चांगी नेवल बेस, सिंगापुर** पहुंचा, जिसमें आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और भारतीय तटरक्षक जहाज सारथी शामिल हैं।
- डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग (DIBD), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 13 जनवरी 2026 को नालंदा हॉल, डॉ अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में भाषिनी समुदाय: भारत के भाषा एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना का आयोजन करेगा।
- **अंतरिक्ष से पहला मेडिकल इवैक्यूएशन :** नासा ने पहली बार एक अंतरिक्ष यात्री की गंभीर तबीयत बिगड़ने के बाद Crew-11 के चार सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) से को समय से पहले वापस बुला लिया।
- पिक्सेल (Pixcel) ने भारत के पहले निजी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह तारामंडल (Firefly constellation) के विकास और संचालन के लिए IN-SPACe के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## प्रमुख समझौते

- Wings India 2026 एयर शो के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (UAC) ने SJ-100 (सुखोई सुपरजेट-100) नाम के रीजनल पैसेंजर एयरक्राफ्ट को भारत में बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता किया।
- अडानी एयरोस्पेस एंड डिफेंस ने भारत में कमर्शियल विमान बनाने के लिए ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर के साथ एक समझौता किया है।

# 05 खेल–समसामयिकी

| क्र.सं. | खेल/पुरस्कार | परिणाम/विवरण |
|---|---|---|

**1. 2nd खेलो इंडिया बीच गेम्स (KIBG) :**

- **आयोजन :** 5–10 जनवरी, 2026 घोघला बीच (दीव)
- **शुभंकर :** पर्ल (डॉल्फिन)
- **खेल विधाएं :** 8 (6 प्रतिस्पर्धी/पदक और 2 डेमो/गैर–पदक)

| रैंक | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | 3 | 2 | 6 | 11 |
| 2 | तमिलनाडु | 3 | 2 | 3 | 8 |
| 3 | मणिपुर | 3 | 2 | 2 | 7 |
| **10** | **राजस्थान** | **2** | **0** | **3** | **5** |
| 26 | हिमाचल | 0 | 0 | 1 | 1 |

**राजस्थान का प्रदर्शन (5 पदक)**

| खिलाड़ी/टीम | पदक | कैटेगरी |
|---|---|---|
| **सूरज गोरा** | कांस्य | पुरुषों की टैंडिंग 70 किग्रा. |
| **रवि चौधरी** | कांस्य | पुरुषों की टैंडिंग 90 किग्रा. |
| **चैना राम सैपट** | कांस्य | पुरुषों की टैंडिंग 95 किग्रा. |
| **बीच कब्बडी (टीम पुरुष)** | स्वर्ण | बृजेंद्र सिंह चौधरी, जितेंद्र कुमार, राहुल चौधरी, जय भगवान, चेतन कुमार चौधरी, सचिन |
| **बीच कबड्डी (टीम महिला)** | स्वर्ण | मनप्रीत कौर, प्रिया शर्मा, ज्योति गुर्जर, आशा गुर्जर, रेणुका, रजनी |

**2. छठे खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2026**

**आयोजन :** 20 जनवरी से 26 जनवरी, 2026 तक लेह (लद्दाख) और गुलमर्ग (जम्मू और कश्मीर)

- **उद्घाटन :** लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता द्वारा (एनडीएस स्टेडियम, लेह में)
- **शुभंकर :** शीन–ए–शे (शान)–हिम तेंदुआ
- **भागीदारी :** 21 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 1,200 से ज्यादा प्रतिभागी (700 से ज्यादा एथलीट सहित)
- **आइस स्पोर्ट्स (लेह) :** आइस हॉकी, स्पीड स्केटिंग और फिगर स्केटिंग (इस संस्करण में पहली बार शामिल किया गया)
- **स्नो स्पोर्ट्स (गुलमर्ग) :** स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और नॉर्डिक स्कीइंग
- **पदक तालिका**

| स्थान | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | 4 | 1 | 2 |
| 2 | लद्दाख | 2 | 5 | 4 |
| 3 | महाराष्ट्र | 2 | 3 | 2 |

**3.** **ऑस्ट्रेलियन ओपन (टेनिस) :**

**आयोजन** : 6–26 जनवरी 2026 मेलबर्न पार्क (ऑस्ट्रेलिया)

| क्र.स. | श्रेणी | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| 1. | पुरुष एकल | सी. अलकराज (स्पेन) |
| 2. | महिला एकल | ई. रयबाकिना (कजाकिस्तान) |
| 3. | पुरुष युगल | सी. हैरिसन (यूएसए)<br>एन. स्कूपस्की (यूके) |
| 4. | महिला युगल | एस. झांग (चीन)<br>ई. मर्टेंस (बेल्जियम) |
| 5. | मिश्रित युगल | ओ. गैडेकी (ऑस्ट्रेलिया)<br>जे. पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया) |

**4.** **9th सीनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप :**

- **आयोजन** : 4–10 जनवरी–2025 गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)
- **आयोजक** : बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (BFI)
- BFI द्वारा आयोजित **पहली संयुक्त स्पर्धा** है।
- 10 भार वर्गों में 600 से अधिक मुक्केबाजों (पुरूष एवं महिला) ने भाग लिया।
- **प्रमुख विजेता** –

| क्र.स. | पुरुष | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1. | विश्वनाथ सुरेश | 50 किग्रा |
| 2. | जदुमणि सिंह | 55 किग्रा |
| 3. | हुसैन उद्दीन | 60 किग्रा |
| 4. | आदित्य प्रताप | 65 किग्रा |
| 5. | हितेश गुलिया | 70 किग्रा |
| 6. | सुमित कुंडू | 75 किग्रा |
| 7. | अंकुश | 80 किग्रा |
| 8. | लोकेश | 85 किग्रा |
| 9. | हर्ष | 90 किग्रा |
| 10. | नरेंद्र | 90 किग्रा + |

| क्र.स. | महिलाएँ | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1. | लवलीना बोरगोहेन | 75 किग्रा |
| 2. | निकहत जरीन | 52 किग्रा |
| 3. | मीनाक्षी हुड्डा | 48 किग्रा |
| 4. | पूजा रानी | 80 किग्रा |
| 5. | प्रीति पवार | 54 किग्रा |
| 6. | प्रांजल यादव | 65 किग्रा |
| 7. | प्रिया | 60 किग्रा |
| 8. | अल्फियां खान | 80 किग्रा + |
| 9. | अरुधति चौधरी | 70 किग्रा |
| 10. | प्राची | 57 किग्रा |

**5.** **68th राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताएँ (NSCC)**

- **शॉटगन** – 1 दिसंबर 2025–6 जनवरी 2026 तक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली
- पदक तालिका

| रैंक | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | 9 | 8 | 9 | 26 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 5 | 9 | 5 | 19 |
| **3** | **राजस्थान** | **5** | **6** | **7** | **18** |

- **पिस्टल** – 11 दिसंबर 2025–4 जनवरी 2026 तक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली
- पदक तालिका

| रैंक | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **राजस्थान** | **18** | **25** | **23** | **66** |
| 2 | हरियाणा | 19 | 15 | 21 | 55 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 11 | 16 | 17 | 44 |

- **राइफल** – 11 दिसंबर 2025–2 जनवरी 2026 तक भोपाल (मध्य प्रदेश)
- पदक तालिका

| रैंक | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | 17 | 14 | 12 | 43 |
| 2 | महाराष्ट्र | 13 | 11 | 11 | 35 |
| 3 | कर्नाटक | 9 | 7 | 9 | 25 |
| 4 | राजस्थान | 9 | 5 | 7 | 21 |

Springboard ACADEMY

<table>
<tr>
<td>6.</td>
<td>72<sup>th</sup> राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप :<br>आयोजन : 4–11 जनवरी 2025, डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)</td>
<td>
<ul>
<li>उद्घाटन : प्रधानमंत्री मोदीजी ने वर्चुअल रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में।</li>
<li>भागीदारी : विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीमों के 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।</li>
<li>परिणाम :
<table>
<tr><th></th><th>विजेता</th><th>उपविजेता</th><th>प्रदर्शन</th></tr>
<tr><td>पुरुष</td><td>रेलवे</td><td>केरल</td><td>3–0</td></tr>
<tr><td>महिला</td><td>केरल</td><td>रेलवे</td><td>3–2</td></tr>
</table>
</li>
<li>राजस्थान का प्रदर्शन : राजस्थान महिला टीम ने कांस्य पदक जीता।</li>
</ul>
</td>
</tr>
<tr>
<td>7.</td>
<td>सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप 2025<br>आयोजन : 12 –14 दिसंबर 2025, वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद (गुजरात)</td>
<td>
• प्रतियोगिताएं :
<ul>
<li>पुरुष फ्रीस्टाइल (श्रेष्ठ प्रदर्शन) : अमन सहरावत ने 61kg भारवर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि सुजीत ने 65 kg भारवर्ग में स्वर्ण हासिल किया।</li>
<li>महिलाओं की फ्रीस्टाइल (श्रेष्ठ प्रदर्शन) : अंतिम पंघाल (RSPB) ने 55 kg, मनीषा (57kg), और निशा दहिया (68 kg) भारवर्ग में स्वर्ण जीता।</li>
<li>ग्रीको–रोमन (श्रेष्ठ प्रदर्शन) : ललित (SSCB – 55 kg), साहिल (हरियाणा – 60 kg), चेतन (RSPB – 63kg), और सचिन (SSCB–67 kg) स्वर्ण पदक में शामिल थे।</li>
</ul>
• टीमों की रैंकिंग :
<table>
<tr><th>रैंक</th><th>टीम</th><th>स्कोर</th></tr>
<tr><td>1</td><td>आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड)</td><td>494</td></tr>
<tr><td>2</td><td>हरियाणा</td><td>463</td></tr>
<tr><td>3</td><td>एसएससीबी (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड)</td><td>420</td></tr>
<tr><td>7</td><td>राजस्थान</td><td>211</td></tr>
</table>
</td>
</tr>
<tr>
<td>8.</td>
<td>33<sup>th</sup> विजय हजारे ट्रॉफी : 2025–26<br>दिनांक : 24 दिसंबर 2025–18 जनवरी 2026</td>
<td>
<ul>
<li>भागीदारी : 38 टीम
<ul>
<li>एलीट डिवीजन : 8–8 टीमों के 4 ग्रुप में 32 टीमें</li>
<li>प्लेट ग्रुप : 6 टीमें</li>
</ul></li>
<li>फाइनल : BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड, बेंगलुरु
<ul>
<li>विजेता : विदर्भ (पहली बार विजेता)</li>
<li>उपविजेता : सौराष्ट्र</li>
<li>प्लेयर ऑफ द मैच : अथर्व तायडे</li>
</ul></li>
<li>प्लेयर ऑफ द सीरीज : अमन मोखाडे (814 रन)</li>
</ul>
</td>
</tr>
<tr>
<td>9.</td>
<td>एशेज सीरीज : 2025–26<br>आयोजन : ऑस्ट्रेलिया</td>
<td>
<ul>
<li>ऑस्ट्रेलिया 4–1 से विजेता रहा।</li>
<li>प्लेयर ऑफ द सीरिज : मिशेल स्टार्क</li>
</ul>
Note : एशेज एक टेस्ट क्रिकेट सीरीज है जो 1882 से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच हर दो साल में खेली जाती है।
</td>
</tr>
</table>

Springboard Academy

| | | |
|---|---|---|
| 10. | **न्यूजीलैंड का भारत दौरा : 2026** | • **वनडे सीरीज**<br>▪ न्यूजीलैंड 2–1 से जीता<br>▪ **प्लेयर ऑफ द सीरिज** : डेरिल मिशेल<br>• **टी–20 सीरीज**<br>▪ भारत 4–1 से जीता।<br>▪ **प्लेयर ऑफ द सीरिज** : सूर्यकुमार यादव |
| 11. | **भारतीय U–19 क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा** | • भारत 3–0 से विजेता रहा।<br>• **प्लेयर ऑफ द सीरिज** : वैभव सूर्यवंशी |
| 12. | **ICC प्लेयर ऑफ द मंथ (दिसंबर, 2025)** | **पुरुष** : मिशेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया)<br>**महिला** : लौरा वोल्वार्ड (दक्षिण अफ्रीका) |
| 13. | **HERO महिला हॉकी इंडिया लीग :**<br>**आयोजन :** 28 दिसंबर–10 जनवरी 2026 | • **फाइनल** = मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची (झारखंड)<br>▪ **विजेता** : SG पाइपर्स<br>▪ **उपविजेता** : श्राची बंगाल टाइगर्स<br>▪ **SG पाइपर्स की कप्तान** : नवनीत कौर (झारखंड) |
| 14. | **HERO पुरुष हॉकी इंडिया लीग :**<br>**आयोजन :** 3–25 जनवरी, 2026 | • **फाइनल** : कलिंगा हॉकी स्टेडियम, भुवनेश्वर (ओडिशा)<br>▪ **विजेता** : वेदांता कलिंगा लांसर्स<br>▪ **उप–विजेता** : रांची रॉयल्स |
| 15. | **2026 महिला FIH हॉकी विश्व कप क्वालिफायर :**<br>**आयोजन :** 8–14 मार्च 2026, हैदराबाद | • हॉकी इंडिया ने 2026 FIH हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर की मेजबानी के लिए तेलंगाना सरकार के साथ MoU (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए।<br>• इसमें कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी और टॉप 3 टीमें FIH हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी।<br>**FIH हॉकी वर्ल्ड कप 2026 :**<br>आयोजन : 15 से 30 अगस्त 2026, बेल्जियम और नीदरलैंड |
| 16. | **44th जूनियर राष्ट्रीय खो–खो चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियाँ) :**<br>**आयोजन** : 31 दिसंबर–4 जनवरी 2026, अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, गुंजूर बेंगलुरु (कर्नाटक) | **आयोजक** = कर्नाटक राज्य खो–खो एसोसिएशन<br>**टीम रैंकिंग–लड़कें**<br>स्थान – राज्य<br>1 – कर्नाटक<br>2 – महाराष्ट्र<br>**12 – राजस्थान**<br>**टीम रैंकिंग–लड़कियाँ**<br>स्थान – राज्य<br>1 – महाराष्ट्र<br>2 – ओडिशा<br>**16 – राजस्थान** |
| 17. | **58th सीनियर राष्ट्रीय खो–खो चैंपियनशिप :**<br>**आयोजन** : 11–15 जनवरी 2026, काजीपेट (तेलंगाना) | • विजेता<br>क्र.स. – श्रेणी – टीम<br>1. – पुरुष – रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी)<br>2. – महिला – महाराष्ट्र |
| 18. | **योनेक्स–सनराइज इंडिया ओपन 2026 (बैडमिंटन) :**<br>**आयोजन** : 13–18 जनवरी 2026, इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (नई दिल्ली) | विजेता :<br>क्र.सं. – श्रेणी – खिलाड़ी<br>1. – पुरुष एकल – लिन चुन–यी (ताइवान)<br>2. – महिला एकल – एन से–यंग (दक्षिण कोरिया)<br>3. – पुरुष युगल – लियांग वेइकेंग और वांग चांग (चीन<br>4. – महिला युगल – लियू शेंगशु और टैन निंग (चीन) |

<table>
<tr><td>19.</td><td>थाईलैंड मास्टर्स : 2026 (बैडमिंटन)<br>आयोजन : 27 जनवरी–1 फरवरी, 2026 बैंकॉक में</td><td>• पुरुष सिंगल्स : उबैदुल्लाह<br>• महिला सिंगल्स : देविका सिहाग<br>• भारतीय शटलर देविका सिहाग (हरियाणा) ने अपना पहला BWF सुपर 300 खिताब जीता।</td></tr>
<tr><td>20.</td><td>इंडोनेशिया मास्टर्स : 2026 (बैडमिंटन)<br>आयोजन : 20–25 जनवरी 2026, जकार्ता (इंडोनेशिया)</td><td><table><tr><th>क्र.स.</th><th>श्रेणी</th><th>विजेता</th></tr><tr><td>1.</td><td>पुरुष एकल</td><td>अल्वी फरहान (इंडोनेशिया)</td></tr><tr><td>2.</td><td>महिला एकल</td><td>चेन यू फेई (चीन)</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>21.</td><td>मलेशिया ओपन (टेनिस)<br>आयोजन : 6–11 जनवरी 2026, कुआलालंपुर</td><td>भारत का प्रदर्शन :<br>• पीवी सिंधु : सेमीफाइनल में वांग झी यी (चीन) से हार गईं।<br>• सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी (पुरूष युगल) : क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फैन और मुहम्मद फिक्री से हार गए।<table><tr><th>क्र.स.</th><th>श्रेणी</th><th>विजेता</th></tr><tr><td>1.</td><td>पुरुष एकल</td><td>के. विटिडसर्न (थाइलैंड)</td></tr><tr><td>2.</td><td>महिला एकल</td><td>एन से यंग (दक्षिण कोरिया)</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>22.</td><td>ब्रिस्बेन इंटरनेशनल (टेनिस) :<br>आयोजन : 2–11 जनवरी 2026, ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)</td><td><table><tr><th>क्र.स.</th><th>खिलाड़ी</th><th>श्रेणी</th></tr><tr><td>1.</td><td>डी. मेदवेदेव (रूस)</td><td>पुरुष एकल</td></tr><tr><td>2.</td><td>आर्यना सबालेंका (बेलारूस)<br>तीसरा ब्रिस्बेन खिताब (2023, 2025)</td><td>महिला एकल</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>23.</td><td>प्रो रेसलिंग लीग (PWL) 2026 (सीजन 5)<br>आयोजन : 15 जनवरी से 1 फरवरी तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में</td><td>• प्रो रेसलिंग लीग (PWL) सात साल के अंतराल के बाद आयोजित हुई।<br>• चैंपियन : हरियाणा थंडर<br>• रनर–अप : दिल्ली दंगल वॉरियर्स</td></tr>
<tr><td>24.</td><td>फीफा वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर</td><td>• खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने ब्राजील के फुटबॉलर गिल्बर्टो डीसिल्वा के साथ मिलकर ट्रॉफी का अनावरण किया, जिसके साथ ही ट्रॉफी का भारत का तीन दिवसीय दौरा शुरू हो गया।<br>• FIFA वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन–संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको।<br>• भागीदार : पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार–चार टीमों के 12 ग्रुप में बांटा गया है।</td></tr>
<tr><td>25.</td><td>5th एलजी कप आइस हॉकी चैंपियनशिप :<br>आयोजन : 12–16 जनवरी 2026, आइस हॉकी रिंक, बुमथांग (लद्दाख)</td><td>• लद्दाख से कुल 15 टीमों ने हिस्सा लिया।<table><tr><th>श्रेणी</th><th>विजेता</th><th>उपविजेता</th></tr><tr><td>पुरुष</td><td>ITBP</td><td>लद्दाख स्काउट्स (भारतीय सेना)</td></tr><tr><td>महिला</td><td>ITBP</td><td>लद्दाख महिला आइस हॉकी फेडरेशन</td></tr></table></td></tr>
</table>

Springboard Academy

| | | |
|---|---|---|
| 26. | ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप :<br>आयोजन : 2–6 जनवरी 2025, बर्मिंघम | • **रजत** : अनाहत सिंह<br>• **स्वर्ण** : लॉरेन बाल्टायन (फ्रांस) |
| 27. | **SDAT इंडिया इंटरनेशनल यूथ सेलिंग चैंपियनशिप :**<br>**आयोजन** : 4–10 जनवरी 2026 चेन्नई पोर्ट | • **आयोजक** : तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (SDAT)<br>• **भागीदारी** : 13 देशों के 117 से ज्यादा पंजीकृत नाविकों ने पाँच एलीट यूथ क्लास में मुकाबला किया।<br>• **प्रदर्शन** : भारत ने 15 में से 12 पदक (6 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य) जीते। |
| 28. | टाटा स्टील चेस इंडिया टूर्नामेंट 2026<br>**आयोजन** : 7–11 जनवरी 2026, कोलकाता | (see table below) |

| श्रेणी | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| ओपन रैपिड | निहाल सरीन (IND) | विश्वनाथन आनंद (IND) |
| महिला रैपिड | कतेरीना लैग्नो (रूस) | अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना (रूस) |
| ओपन ब्लिट्ज | वेस्ले सो (USA) | निहाल सरीन (IND) |
| महिला ब्लिट्ज | कैरिसा यिप (USA) | वंतिका अग्रवाल (IND) |

# चर्चित खिलाड़ी

| क्र.सं. | प्रसिद्ध खिलाड़ी | खबरों में क्यों? / उपलब्धि |
|---|---|---|
| 1. | दविंदर सिंह गरचा | • 74 वर्षीय पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी व पूर्व IPS अधिकारी का निधन हो गया।<br>• **उपलब्धि** : 1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कुल 6 ओलंपिक मैचों में 8 गोल किए थे। |
| 2. | जिन्सन जॉनसन | • 34 वर्षीय के केरल के एथलीट (मिडिल डिस्टेंस रनर) ने सन्यास की घोषणा की।<br>• **उपलब्धियाँ** :<br>1. एशियाई खेल<br>▪ जकार्ता, 2018 → स्वर्ण → 1500M<br>▪ जकार्ता, 2018 → रजत → 800M<br>▪ हांगझोऊ, 2022 → कांस्य → 1500M<br>2. व्यक्तिगत रिकॉर्ड :<br>▪ 1500M (3 : 35 : 24) 2019 में नेशनल रिकॉर्ड<br>▪ 800 M (1 : 45 : 65) 2018 |
| 3. | अतिका मीर<br>(जम्मू और कश्मीर) | • 11 वर्षीय अतिका मीर **दुबई फॉर्मूला–1 ट्रैक यास मरीना सर्किट** में IAME UAE कार्टिंग चैंपियनशिप के राउंड 7 के दौरान डेब्यू पर विश्व स्तर पर शीर्ष–5 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय बनी।<br>• पुरुषों के दबदबे वाले ग्रिड में 35 ड्राइवरों में से 5वें स्थान पर रहकर, वह IAME UAE चैंपियनशिप के इतिहास में शीर्ष–5 में जगह बनाने वाली पहली महिला भी बनी। |
| 4. | मनोज कोठारी | • 67 वर्षीय पूर्व विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन (1990) का निधन हो गया।<br>• **उपलब्धि** : उन्होंने कुल 16 बार राज्य चैंपियनशिप भी जीती।<br>• **पुरस्कार** :<br>1. 2005 में मेजर ध्यानचंद पुरस्कार।<br>2. 2025 में बिलियर्ड और स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा **लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड** से सम्मानित किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | मुस्तफिजुर रहमान | • BCCI के निर्देश के बाद KKR ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज किया।<br>• उन्हें KKR ने 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा (IPL इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी के लिए दी गई अब तक की सबसे ज्यादा कीमत)। |
| 6. | वीनस विलियम्स | • 47 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं।<br>• सात बार की ग्रैंड स्लैम विजेता वीनस ने जापान की किमिको डेट का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2015 में 44 साल की उम्र में खेली थी। |
| 7. | श्योर्ड मारिजने | • भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए।<br>• डचमैन ने भारतीय महिलाओं को 2020 टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान दिलाया था। |
| 8. | विराट कोहली | • कोहली 28,068 रन बनाकर श्रीलंकाई क्रिकेटर कुमार संगकारा (28016) से आगे निकल गए और अब सिर्फ भारतीय आइकन सचिन तेंदुलकर (34357) से पीछे हैं। |
| 9. | एलिसा हीली | • ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली फरवरी–मार्च 2026 में भारत के खिलाफ मल्टी–फॉर्मेट घरेलू सीरीज के बाद क्रिकेट से सन्न्यास लेंगी।<br>• महिला क्रिकेट की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक, एलिसा हीली, आठ बार वर्ल्ड कप विजेता रही हैं (2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला T20 वर्ल्ड कप और 2013 और 2022 में ODI वर्ल्ड कप)।<br>• ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान : ऑलराउंडर सोफी मोलिनक्स |
| 10. | इंद्रजीत सिंह बिंद्रा | • BCCI के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का 84 साल की उम्र में निधन हो गया।<br>• बिंद्रा 1993 से 1996 तक BCCI के अध्यक्ष रहे और 1978 से 2014 (तीन दशकों से ज्यादा समय ) तक पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे।<br>• उनके योगदान को देखते हुए, 2015 में मोहाली के PCA स्टेडियम का नाम बदलकर I.S. बिंद्रा स्टेडियम कर दिया गया। |
| 11. | अभिषेक शर्मा | • अभिषेक शर्मा ने T-20 इंटरनेशनल में (किसी भारतीय द्वारा) दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया(14 गेंद)। जबकि सबसे तेज भारतीय रिकॉर्ड युवराज सिंह (12 गेंद) के नाम है। |
| 12. | अमेलिया वाल्वरडे | • ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अमेलिया वाल्वरडे (कोस्टा रिका) को सीनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम का कोच नियुक्त किया है। |
| 13. | आर्यन वार्ष्णेय | • भारत के 92वें शतरंज ग्रैंडमास्टर<br>• उन्होंने आर्मेनिया में एंड्रेनिक मार्गारियन मेमोरियल टूर्नामेंट में यह खिताब जीता। |
| 14. | माइकल नोब्स | • पूर्व ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी माइकल नोब्स, जिन्होंने 2012 के लंदन ओलंपिक में भारतीय पुरुष टीम को कोचिंग दी थी, का निधन हो गया है।<br>• 72 साल के नोब्स ने 1979 से 1985 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 76 इंटरनेशनल मैच खेले थे।<br>• भारत के अलावा, नोब्स ने जापान को भी कोचिंग दी थी। |
| 15. | नैट साइवर–ब्रंट (मुंबई इंडियंस) | • नेट साइवर–ब्रंट WPL के इतिहास में सेंचुरी बनाने वाली पहली बैटर बन गईं, उन्होंने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ 100′ रन बनाए। |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | साइना नेहवाल | • पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 साइना नेहवाल ने प्रोफेशनल बैडमिंटन से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है।<br>• उपलब्धियाँ<br>▪ उन्होंने 2008 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती और उसी साल बीजिंग ओलंपिक में सिंगल्स में क्वार्टर–फाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।<br>▪ उन्होंने 2009 में इंडोनेशिया ओपन जीता (भारत की पहली BWF सुपर सीरीज चैंपियन)।<br>▪ 2012 के लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक (बैडमिंटन में भारत का पहला ओलंपिक पदक)।<br>▪ 2015 में, वह महिला सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर 1 बनीं (प्रकाश पादुकोण के बाद दूसरी भारतीय)।<br>▪ 2017 वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य और 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक।<br>▪ उन्होंने आखिरी बार 2023 में BWF सिंगापुर ओपन में हिस्सा लिया था।<br>▪ उन्हें पद्म भूषण, पद्म श्री, खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। |

## राष्ट्रीय खेल शासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, 2026

❐ केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, 2026 को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य भारत में खेल प्रशासन के लिए एक पारदर्शी, समावेशी और जवाबदेह वैधानिक ढांचा स्थापित करना है।

❐ **प्रमुख विशेषताएँ:**

❍ **संरचना एवं प्रतिनिधित्व**

♦ 'राष्ट्रीय खेल निकायों (NSBs) की महासभाओं में कम से कम चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों (Sportspersons of Outstanding Merit - SOMs) को शामिल किया जाना चाहिए।

♦ SOMs में से 50% महिलाएँ होना अनिवार्य, जिससे लैंगिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो।

♦ राष्ट्रीय खेल निकायों की कार्यकारी समिति में कम से कम चार महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय अपने उपनियमों के माध्यम से कार्यकारी समिति में महिलाओं के लिए विशिष्ट पद आरक्षित कर सकता है।

❍ **SOMs के लिए पात्रता एवं स्तरीय मानदंड**

♦ SOM आवेदक की आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए, वह सक्रिय खेल से सेवानिवृत्त हो तथा आवेदन की तिथि से कम से कम एक वर्ष पूर्व तक जिला, राज्य या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली चयन-आधारित प्रतियोगिताओं में भाग न लिया हो।

♦ उपलब्धियों के आधार पर 10-स्तरीय मानदंड, जिसमें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक, पैरालंपिक या शीतकालीन ओलंपिक पदक विजेताओं से लेकर राष्ट्रीय खेल / राष्ट्रीय चैंपियनशिप पदक विजेताओं तक को शामिल किया गया है, ताकि विभिन्न खेल विधाओं को समायोजित किया जा सके।

❍ **चुनाव एवं प्रशासन**

♦ SOM आवेदन से लेकर अंतिम निर्वाचक नामावली और नामांकन तक, स्पष्ट समय-सीमा के साथ विस्तृत चुनाव प्रक्रिया।

♦ न्यूनतम 20 योग्य सदस्यों के साथ राष्ट्रीय खेल निर्वाचन पैनल की स्थापना।

♦ चुनाव समिति / निर्वाचन पैनल से चयनित निर्वाचन अधिकारी का शुल्क अधिकतम रु. 5 लाख तक सीमित, साथ ही सहायक अधिकारियों के लिए पारस्परिक सहमति से अतिरिक्त शुल्क का प्रावधान।

- **अयोग्यताएँ**

♦ किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध होकर कारावास की सजा पाए व्यक्ति को राष्ट्रीय खेल निकायों की सदस्यता, चुनाव या समितियों से वंचित किया जाएगा।

- **प्रशासनिक प्रावधान**

♦ राष्ट्रीय खेल निकायों को अधिनियम एवं नियमों के अनुरूप अपने उप-विधियों में छह माह के भीतर संशोधन करना होगा।

♦ केंद्र सरकार को अभिलेखित कारणों के साथ अधिकतम 12 माह तक प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने का अधिकार है।

**भारत में प्रशिक्षण इकोसिस्टम के विकास के लिए एकीकृत ढाँचे पर गठित कार्य समिति**

- भारतीय बैडमिंटन राष्ट्रीय मुख्य प्रशिक्षक श्री पुलेला गोपीचंद के नेतृत्व में टास्क फोर्स/कार्य समिति ने प्रशिक्षकों की शिक्षा और प्रशिक्षण के प्रमुख पहलुओं की जांच की, जिसमें प्रशिक्षकों की गुणवत्ता और उपलब्धता, प्रशिक्षक शिक्षा में शैक्षणिक सुधार शामिल हैं।
- कार्य समिति ने एक राष्ट्रीय प्रशिक्षक मान्यता बोर्ड (NCAB) की स्थापना की मांग की है, जो सर्वोच्च राष्ट्रीय निकाय होगा।
- NCAB राष्ट्रीय मानक तय करने, प्रशिक्षण मार्गों को मंजूरी देने, संस्थानों को मान्यता देने और सभी खेलों और क्षेत्रों में निरंतरता, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा।
- इसने जमीनी स्तर, मध्यवर्ती, विशिष्ट स्तर और राष्ट्रीय टीम प्रशिक्षक स्तरों वाले एक स्तरीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण मार्ग का भी प्रस्ताव दिया है।
- कार्य समिति ने एक समर्पित ''कोच के लिए TOPS" मॉडल की सिफारिश की है। इसके तहत, उच्च क्षमता वाले और उच्च प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों को उन्नत प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी अपनाने, विशेष सहायता सेवाओं और प्रशिक्षण पद्धतियों में नवाचार के लिए संरचित वित्तीय और संस्थागत सहायता प्राप्त होगी।

**सरकार ने राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSFs) को 'मेक इन इंडिया इन स्पोर्ट्स' और 'अंतर्राष्ट्रीय संबंध' समितियाँ गठित करने की सलाह दी।**

- 'मेक इन इंडिया' इन स्पोर्ट्स समिति संबंधित खेल में उत्पाद विकास, परीक्षण और प्रमाणन की सुविधा के लिए भारतीय निर्माताओं, स्टार्ट-अप, अनुसंधान संस्थानों और परीक्षण और मानकीकरण निकायों के साथ जुड़ने के लिए जिम्मेदार होगी।
- अंतर्राष्ट्रीय संबंध समिति संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों में होने वाले विकास की निगरानी करेगी, जिसमें प्रतियोगिता नियमों और संरचनाओं में बदलाव, शासन ढाँचे, चुनाव और एथलीट-केंद्रित कार्यक्रम शामिल हैं।
- इन समितियों में महासंघों के वरिष्ठ सदस्य, तकनीकी विशेषज्ञ, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट, और खेल उपकरण या प्रौद्योगिकी में अनुभव वालें कम से कम एक सदस्य (मेक इन इंडिया इन स्पोर्ट्स समिति में) शामिल होगा।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि T20 वर्ल्ड कप के ग्रुप C में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड लेगा, जिसकी मेजबानी 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका करेंगे।
- सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को भारत की आधिकारिक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के प्रतिनिधि के तौर पर पेश करने से रोकने के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया, और इसे बेतुका बताया।

# 06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| तारीख | दिन/कार्यक्रम | थीम/विवरण |
|---|---|---|
| 5 जनवरी | राष्ट्रीय पक्षी दिवस | |
| 9 जनवरी | प्रवासी भारतीय दिवस | |
| 10 जनवरी | विश्व हिंदी दिवस | • **थीम** : 'हिंदी : पारंपरिक ज्ञान से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक।'<br>• पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में आयोजित किया गया था<br>• हिंदी दिवस का आधिकारिक उत्सव 2006 में शुरू हुआ। |
| 12 जनवरी | राष्ट्रीय युवा दिवस | • **थीम** : खुद को प्रज्वलित करें, दुनिया पर प्रभाव डालें।<br>• स्वामी विवेकानंद की जयंती का सम्मान करने के लिए<br>• स्वामी विवेकानंद चेतना महोत्सव 2026 : बिलासपुर (छत्तीसगढ़)<br>• **राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026** : 9 से 12 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया। |
| 15 जनवरी | भारतीय सेना दिवस | • 15 जनवरी 1949 को लेफ्टिनेंट एम. करियप्पा ने भारतीय सेना के पहले कमांडर–इन–चीफ के रूप में पदभार संभाला। |
| 16 जनवरी | राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस | |
| 19 जनवरी | एनडीआरएफ स्थापना दिवस (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) | |
| 23 जनवरी | पराक्रम दिवस | • नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में।<br>• यह 2021 से मनाया जा रहा है। |
| 24 जनवरी | राष्ट्रीय बालिका दिवस | |
| 24 जनवरी | अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस | • **थीम** : शिक्षा को सह–निर्माण में युवाओं की शक्ति |
| 25 जनवरी | राष्ट्रीय मतदाता दिवस | • **थीम** : 'मेरा भारत, मेरा वोट'<br>• **टैगलाइन** : भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक |
| 25 जनवरी | राष्ट्रीय पर्यटन दिवस | |

Springboard ACADEMY

# 07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

| क्र.सं. | पुस्तक का शीर्षक | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | 'गाओ, नृत्य करो और नेतृत्व करो : श्रील प्रभुपाद के जीवन से नेतृत्व की सीख' | **श्री हिंदोल सेनगुप्ता**<br>• श्रील प्रभुपाद : 1966 में न्यूयॉर्क में इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस) के संस्थापक।<br>• हरे कृष्ण आंदोलन<br>• यह गौड़ीय वैष्णव परंपरा का पालन करता है। |
| 2. | 'खुत्बत–ए–मोदी : लाल किला की फसील से' | • केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने किताब जारी की।<br>• यह किताब 2014 और 2015 के बीच लाल किले से पीएम मोदी द्वारा दिए गए स्वतंत्रता दिवस भाषणों का संकलन है।<br>• यह किताब नई दिल्ली के नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज (NCPUL) द्वारा उर्दू में प्रकाशित की गई है। |
| 3. | 'इतिहास जिसे भारत ने नजरअंदाज किया' | **प्रेम प्रकाश**<br>• गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने जनवरी 2026 में दूसरा एडिशन लॉन्च किया। |
| 4. | 'अग्नि सरस्सुलो विकासिंचिना कमलम द्रौपदी मुर्मू'<br>**नोट** : इसका अर्थ है : (कोयले की आग में खिलता कमल : द्रौपदी मुर्मू) है। | **यारलोगड्डा लक्ष्मी प्रसाद (पूर्व सांसद)**<br>• भारत के 15वें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन पर एक तेलुगु जीवनी को विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में एक महिला सफाई कर्मचारी लक्ष्मन्ना ने जारी किया। |
| 5. | 'अमृत का प्याला : राम जन्मभूमि – चुनौती और प्रतिक्रिया' | **श्री सुरेंद्र कुमार पचौरी**<br>• (भारत सरकार के पूर्व सचिव)<br>• उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने पुस्तक का विमोचन किया |

Springboard ACADEMY

# टॉपर्स–टॉक



Rank - 25
(RAS-2023)

## रूपल झाझड़िया

पिता - श्रीमान जसवंत सिंह झाझड़िया
माता - श्रीमती नूतन झाझड़िया
10th - महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल, जयपुर (10 CGPA)
12th - सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर (90%)
स्नातक - B.A. (Mass Communication : Journalism)
सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मीडिया एंड कम्युनिकेशन, पुणे–महाराष्ट्र (Batch Topper)

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**रूपल झाझड़िया :** बहुत–बहुत धन्यवाद।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**रूपल झाझड़िया :** मेरे पिताजी पेशे से वकील हैं और माताजी गृहिणी हैं। बचपन से लेकर अब तक मेरे माता–पिता ने मेरी पढ़ाई को हमेशा विशेष महत्व देते हुए मुझे सर्वोत्तम संभव संसाधन उपलब्ध कराए। आत्मनिर्भर बनने पर सदैव बल दिया। पूरी प्रक्रिया के हर चरण में मुझ पर विश्वास जताते हुए हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। मेरे छोटे भाई जयवंत ने हर कठिन समय में मेरा मनोबल बनाए रखा।

राज्य की सर्वोच्च स्कूलों से पढ़ने के पश्चात सिम्बायोसिस जैसी संस्थान से मीडिया से जुड़ी शिक्षा ने न केवल मेरे उत्तर–लेखन कौशल को निखारा, बल्कि साक्षात्कार में अच्छा प्रदर्शन करने में भी सहायक साबित हुई।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**रूपल झाझड़िया :** मैंने कुछ वर्षों मीडिया क्षेत्र में काम करने के पश्चात उस क्षेत्र को पूर्ण रूप से छोड़कर वर्ष 2022 में इस परीक्षा की तैयारी प्रारंभ की। यह मेरा प्रथम प्रयास था। यदि कोई अभ्यर्थी नियमित अध्ययन और सही रणनीति के साथ तैयारी करता है, तो इस परीक्षा के लिए 1.5 से 2 वर्षों का समय पर्याप्त होता है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**रूपल झाझड़िया :** मैंने SBA कोर्स (B–13) में तैयारी करते हुए अपने मूल नोट्स स्प्रिंगबोर्ड अकादमी द्वारा प्रदान की गई सामग्री से तैयार किए। Mains से पहले मानक पुस्तकें – RBSE, NCERT के अतिरिक्त SBA के ही Revision Batch का सहारा लिया। Interview के लिए भी लगभग 3-4 मॉक देकर अपनी तैयारी को बेहतर किया।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**रूपल झाझड़िया :** बचपन से ही पढ़ाई में रुचि रही और समय-समय पर नेतृत्व के अवसर भी मिलते रहे, जिससे जिम्मेदारी निभाने और निर्णय लेने का अनुभव प्राप्त हुआ।

मीडिया क्षेत्र से प्राप्त अनुभव से यह महसूस हुआ कि मेरा skill set प्रशासनिक सेवाओं के साथ बेहतर aligned है। इसी आत्मविश्लेषण के बाद तैयारी शुरू की।

मेरी प्रेरणा हमेशा से मेरी माँ रही है। वे सिविल सेवक नहीं रहीं है। फिर भी अपने व्यवहार, संवेदनशीलता और नि:स्वार्थ सेवा-भाव से उन्होंने हमेशा दूसरों का हित किया है। उनकी परवरिश, संस्कारों व सीख को सिविल सेवक के रूप में समाज के व्यापक हित में उपयोग करना मेरा दायित्व है।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिकी पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**रूपल झाझड़िया :** तीनों चरणों में ही इस पत्रिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। Pre में सीधे तथ्यात्मक प्रश्न पत्रिका की सामग्री से उठते हैं। Mains में समसामयिक मुद्दों पर आधारित प्रश्नों का बढ़ता महत्व भी इसका प्रमाण है। साक्षात्कार से पहले

भी मैनें इन पत्रिकाओं का बार-बार revision किया था, खासकर राजस्थान करंट अफेयर्स के लिए।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**रूपल झाझड़िया :** कोचिंग की भूमिका दिशा प्रदान करने की होती है, जबकि स्वाध्याय तैयारी को परिपक्वता देता है। इनके बीच संतुलन बनाना ही सही रणनीति है।

मेरे लिए यह तभी संभव हुआ जब मैंने कोचिंग के माध्यम से आधार तैयार किया और स्वाध्याय से प्रत्येक चरण की तैयारी को सुदृढ़ किया।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए। क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**रूपल झाझड़िया :** इसे कुछ बिंदुओं में देखा जा सकता है - पूर्व वर्षों के परिणाम, अध्ययन सामग्री व पाठ्यक्रम में अनुरूपता, शिक्षकों का अनुभव।

मैंने SBA में फाउंडेशन बैच B-13 में तैयारी की, Mains से पहले Revision Batch का सहारा लिया व साक्षात्कार से पूर्व 3-4 मॉक भी दिए।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**रूपल झाझड़िया :** मेरा माध्यम अंग्रेजी था। मेरा मानना है परीक्षा में ऐसे माध्यम का चयन करना चाहिए, जिसमें अभ्यर्थी उत्तर लिखने में सहज हो। हालांकि RAS परीक्षा में दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ होना लाभदायक रहता है।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**रूपल झाझड़िया :** अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में उत्तर-लेखन को अपनी तैयारी का एक प्रमुख हिस्सा बनाना चाहिए। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के आधार पर उत्तर-लेखन का अभ्यास करने से प्रश्न की मांग को समझने और प्रस्तुति सुधारने में सहायता मिलती है। विशेष रूप से पेपर 4 का अधिकाधिक अभ्यास करना उपयोगी रहता है, जिससे समय प्रबंधन भी आसान हो जाता है।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**रूपल झाझड़िया :** शॉर्ट नोट्स की भूमिका अभ्यर्थी की व्यक्तिगत रणनीति पर निर्भर करती है। इसका निर्णय इस आधार पर लें कि revision अधिक प्रभावी शॉर्ट या विस्तृत नोट्स में से किससे होता है। मैंने भूगोल, टेक्नोलॉजी, एथिक्स, Mains के छोटे विषयों के लिए नोट्स बनाए थे, जिन्हें बार-बार रिवाइज करना मेरे लिए विशेष रूप से उपयोगी रहा।

**प्रश्न : मॉक साक्षात्कार की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**रूपल झाझड़िया :** मॉक साक्षात्कार आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रस्तुति सुधारने में लाभदायक है। RPSC में मेरा साक्षात्कार अत्यंत सकारात्मक रहा। अधिकांश प्रश्न मेरे स्नातक विषय - जर्नलिस्ट - से संबंधित थे, जिन पर मेरी अच्छी पकड़ थी।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**रूपल झाझड़िया :** दिलीप सर के मार्गदर्शन और दिशाओं ने मुझे हमेशा सही दिशा दी। इसके अतिरिक्त SBA के सभी शिक्षक - राजवीर सर, लक्षिता मेम, विजय सिहाग सर, मुकेश सर, विजय शेखावत सर, शिवेन्द्र सर के द्वारा पढ़ाए गए विषयों और उनके निरंतर मार्गदर्शन से ही मैं यह मुकाम हासिल कर सकी।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**रूपल झाझड़िया :** अनिल भैया ने मुझ पर सदैव अटूट विश्वास बनाए रखा, वहीं मेरी मित्र कृति से भी मुझे निरंतर मानसिक संबल मिलता रहा।

**प्रश्न : प्लान-B के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**रूपल झाझड़िया :** मेरे पास कोई बैक-अप "प्लान-B" नहीं था। मैंने किसी अन्य परीक्षा का फॉर्म नहीं भरा, क्योंकि मैंने एक प्रोफेशनल फील्ड छोड़कर यह तैयारी करने का निर्णय लिया था।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**रूपल झाझड़िया :** मैं विशेष रूप से बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करना चाहूंगी तथा समाज के पिछड़े वर्गों की स्थिति में सुधार के लिए प्रयासरत रहूंगी।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**रूपल झाझड़िया :** 4P : परिश्रम, प्रबंधन, प्रारब्ध, परमात्मा की कृपा।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**रूपल झाझड़िया :** सभी डिस्ट्रैक्शन्स से दूरी बनाए रखी व सोशल मीडिया का न्यूनतम उपयोग किया। मेरे परिजनों का सहयोग भी अत्यंत लाभदायक रहा।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं!**

**रूपल झाझड़िया:** बहुत-बहुत धन्यवाद।

Springboard Academy